

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार समाज जागरण RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्ष: 3 अंक: 182 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 16 अप्रेल 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# वक्फ बिल का विरोध, ISI के गुर्गों ने संभाला मोर्चा, बंगाल से ढाका तक ये कैसी साजिश ?

न्यूज एजेंसी

*भारत के खिलाफ पाकिस्तान ने बांग्लादेश से मोर्चा खोल रखा है. अब तो वक्फ बिल के विरोध के लिए एक पार्टी को भी हुकम जारी किया जा चुका है. बांग्लादेश खिलाफत मजलिस पार्टी ने तो खुलकर भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने की पूरी तैयारी कर ली है. मजलिस आंदोलन से पैदा हुई पार्ट अब बांग्लादेश में काबिज होने का सपना देख रहा है. पाकिस्तान सीधे तौर पर भारत विरोधी गतिविधियों में इसका इस्तेमाल करना चाहती है.*



बांग्लादेश में अंदहरूनी हालात सुधरने का नाम नही ले रहे है. भारत विरोधी मुहीम ने तेजी पकड़ रखी है. वह सभी छोटे राजनिक दल जो इस्लामिक स्टेट की मांग को लेकर अपनी रोटी सेकते थे. उन्हें भारत विरोधी और मुस्लिम समुदाय को भड़काने के लिए बहाना ढूंढ लिया है. बांग्लादेश खिलाफत मजलिस ने भारतीय संसद में पास हुए वक्फ अमेंडमेंट बिल के विरोध में लंबा मार्च निकालने की तैयारी कर दी है. रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय उच्चायोग के घेराव के लिए बाकायदा 23 अप्रैल की तारीख मुकर्रर की गई है. इसी पार्टी ने शेख हसीना सरकार के खिलाफ जमात के साथ मिलकर ढाका की सकड़ों पर गदर मचाया था. बांग्लादेश की जामात जैसे संगठनों को पाकिस्तान की कक का सपोर्ट है. बांग्लादेश खिलाफत मजलिस ककके संपर्क में है. रिपोर्ट के मुताबिक कई सदस्य तो पाकिस्तान के मदरसों में पढ़े हुए भी हैं. पाकिस्तान इन्हीं के जरिए पाकिस्तान में भारत विरोधी मुहीम तो तेज कर रहा है. इसके अलावा इस संगठन के कई नेताओं के ओसामा बिन लादेन सहित अलकायदा और तालिबान के कई टॉप लीडर के साथ अच्छे संबंध थे.

**ढाका में भारतीय दूतावास तक विरोध मार्च**

बांग्लादेश खिलाफत मजलिस पार्टी के सेंट्रल एग्जुक्यूटिव काउंसिल की एक बैठक में इस्-की रूपरेखा तैयार की और एलान किया गया. रिपोर्ट के मुताबिक ढाका स्थित भारतीय दूतावास की तरफ एक बडा विरोध मार्च निकालने की तैयारी है. साथ ही वक्फ अमेंडमेंट बिल को रद्द करने का ज्ञापन भी सौंपने की तैयारी है. रिपोर्ट के मुताबिक पार्टी के अध्यक्ष ने बैठक में भारत सरकार और बीजेपी के खिलाफ खूब जहर उगला. यह तक कह डाला कि बीजेपी मुस्लिम समुदाय की जमीन पर कब्जा करके मंदिर बनवा रही है. बैठक में इस दल के नेताओं ने यह भी कहा कि भारत की सरकार ने वक्फ बिल के जरिए वक्फ की जमीन पर कब्जा या अधिग्रहण को कानूनी वैधता दे दी है. बैठक में तो यह तक कहा गया कि बांग्लादेश की सरकार को भारत में हो रहे मुस्लिम समुदाय के साथ अत्याचारों के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय मंच पर विरोध दर्ज कराना चाहिए. विदेश मामलो की जानकार पारुल चंद्रा के मुताबिक इस तरह की प्रदर्शन से सीधा असर तो पश्चिम बंगाल में नहीं पड़ने लेकिन एक तरह का माॅ-हौल जरूर बन जाता है. क्योंकि दोनों देशों के बीच गहरे रिश्ते है. इमोशनल करेंक्ट है. पश्चिम बंगाल के लोग बांग्लादेश की गतिविधियों के बड़े गौर से देखते हैं. रैडिकल एलिमेंट को बढ़ावा देगा.

### बाबरी मस्जिद विध्वंस के दौरान भी निकाला था मार्च

अपने देश में क्या हो रहा है उससे निपटने के बजाए दूसरे मुल्क के मामलों में तांक झांक करने की इनकी पुरानी आदत है. बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद फिर से मस्जिद बनवाने की मांग को लेकर जनवरी 1993 ढाका से अयोध्या तक मार्च करने को निकले थे. जिन्हें बांग्लादेश की सरकार ने खुलना में रोक दिया था. साल 2006 लेबनान वॉर के दौरान भी सड़को पर गदर मचाया था. खिलाफत मजलिस की विचारधारा है शरिया कानून वाले इस्लामिक स्टेट की. दिसंबर 1989 में इस पार्टी का गठन हुआ था. 20 पार्टी के गठबंधन से बनी बंग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का भी हिस्सा थी. जमीन पर इस पार्टी का कोई खास वजूद नहीं है. इसी तरह की छोटे विरोध प्रदर्शनों के जरिए अपनी राजनैतिक रोटी सेक रही है. इस साल बांग्लादेश में होने वाले आम चुनाव में भी ये BNP के साथ मिलकर चुनाव में हिस्सा लेना की तैयारी में है. बांग्लादेश में कुल 44 सक्रीय राजनैतिक पार्टियां हैं जिनमें से 13 इस्लामी पार्टी है.

## पटना नगर निगम के कर्मचारियों की 20 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल

समाज जागरण पटना
जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ नगर निगम के करीब 5 हजार कर्मी 20 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने वाले हैं। यह हड़ताल शहर की स्वच्छता व्यवस्था पर बड़ा असर डाल सकती है, खासकर बारिश के मौसम में जब पहले से ही नालियां और सड़कों की हालत खराब होती है। नगर निगम कर्मचारी हड़ताल पर जाने से पहले एक अहम बैठक करेंगे, जिसमें उनकी रणनीति तय की जाएगी। बिहार लोकल बॉडीज कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रवक्ता जितेंद्र कुमार ने बताया कि कर्मचारियों की यह हड़ताल कई वर्षों से लंबित मांगों को लेकर है, जिन्हें अब तक सरकार द्वारा पूरा नहीं किया गया है। हड़ताल पर जाने वाले कर्मियों की मुख्य मांगों में दैनिक मजदूरों का स्थायीकरण, आउटसोर्स सिस्टम को समाप्त कर उन कर्मियों को नगर निकाय का कर्मचारी बनाने, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुरूप समाप्त किए गए पदों की बहाली, 26 हजार न्यूनतम मासिक वेतन, अनुकंपा पर नियुक्ति,



और सातवां वेतनमान लागू करना शामिल है। इस हड़ताल से शहर में कूड़ा-कचरा उठाने का काम पूरी तरह ठप हो जाएगा। ऐसे में शहर की सड़कों और गलियों में गंदगी का अंबार लगने की संभावना है, जो डेंगू, मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों के फैलाव का कारण बन सकता है। बारिश के मौसम में जब नालों की सफाई सबसे जरूरी होती है, उस समय यह हड़ताल आम लोगों के लिए गंभीर संकट बन सकती है। जितेंद्र कुमार ने यह भी आरोप लगाया कि सफाई कर्मियों को बिना ऑक्सीजन किट और अन्य सुरक्षा उपकरण दिए भूमिगत नालों में उतारा जाता है। इससे दुर्घटनाएं और मौतें होती हैं, जो पूरी तरह से मानवाधिकार उल्लंघन के दायरे में आता है। उन्होंने कहा कि मजदूरों की सुरक्षा की पूरी अनदेखी हो रही है, जो प्रशासन की गंभीर लापरवाही को दशार्ता है। नगर निगम के कर्मचारी केंद्र सरकार द्वारा पुराने श्रम कानूनों को समाप्त कर चार नए श्रम कोड लागू करने के विरोध में भी हड़ताल में शामिल होंगे। यह हड़ताल राष्ट्रव्यापी केंद्रीय श्रमिक संगठनों के आह्वान पर की जा रही है, जिसे स्थानीय निकायों के कर्मियों ने भी समर्थन देने की घोषणा की है। नगर निगम कर्मियों की यह हड़ताल न केवल नगर प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है, बल्कि आम जनता के स्वास्थ्य और स्वच्छता से भी जुड़ा गंभीर मुद्दा है। अब देखना यह होगा कि सरकार इस मुद्दे को सुलझाने के लिए क्या कदम उठाती है, ताकि हड़ताल टाली जा सके और शहर की साफ-सफाई व्यवस्था प्रभावित न हो।

## पटना सहित चार शहरों में शुरू होगी पिंक बसों का संचालन

समाज जागरण पटना
जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ बिहार सरकार ने महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एक बड़ी पहल की है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में महिलाओं के लिए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पिंक बस सेवा शुरू करने का ऐलान किया गया है। यह सेवा राज्य की राजधानी पटना सहित भागलपुर, मुजफ्फरपुर और पूर्णिया में प्रारंभ की जाएगी। इस योजना के तहत विशेष रूप से महिला यात्रियों को ध्यान में रखते हुए कई सुरक्षा उपायों को भी शामिल किया गया है। इस योजना का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसके माध्यम से महिलाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे। पिंक बस सेवा में 25 महिला ड्राइवर और 250 महिला कंडक्टर की भर्ती की जाएगी। इसके लिए बिहार राज्य पथ परिवहन निगम लिमिटेड द्वारा वैकेंसी निकाली गई है। महिलाओं को आवेदन के लिए 30 अप्रैल तक का समय दिया गया है। इस योजना के तहत आवेदन करने वाली महिलाओं के लिए कुछ आवश्यक योग्यताएं निर्धारित की गई हैं। आवेदक को भारतीय नागरिक होना चाहिए और न्यूनतम 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होनी चाहिए। साथ ही उनके पास हेवी मोटर व्हीकल का ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए या कम से कम इसके लिए आवेदन किया गया होना चाहिए। इसके अलावा, तीन वर्षों का मध्यम श्रेणी के वाहनों को चलाने का अनुभव भी जरूरी है। शारीरिक रूप से फिट और स्वस्थ होना भी अनिवार्य है। चयन की प्रक्रिया निगम की अधिकृत निजी एजेंसी के माध्यम से की



जाएगी।पिंक बस सेवा को पूरी तरह से महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इन बसों में ड्राइवर और कंडक्टर दोनों महिलाएं होंगी, जिससे महिला यात्री खुद को अधिक सुरक्षित महसूस करेंगी। बस का संचालन प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 9 बजे तक किया जाएगा। प्रत्येक सीट के नीचे पैनिक बटन की सुविधा दी जाएगी, जिससे किसी भी आपात स्थिति में महिला यात्री सहायता प्राप्त कर सकें। इन पिंक बसों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम भी लगाया जाएगा, जिससे बसों की लोकेशन और गतिविधियों पर नियंत्रण केंद्र के माध्यम से निगरानी रखी जा सकेगी। यह व्यवस्था न केवल महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करेगी, बल्कि पूरे बस संचालन को भी पारदर्शी बनाएगी। बिहार सरकार की इस योजना को अप्रैल महीने के अंत तक शुरू करने की तैयारी की जा रही है। पिंक बस सेवा एक सकारात्मक पहल के रूप में सामने आ रही है, जिससे न केवल महिला यात्रियों को सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिलेगा, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का भी अवसर प्राप्त होगा।

## महामंडलेश्वर स्वामी कलानंद गिरि आज जैतो पधारेंगे

जैतो ,15 अप्रैल (रघुनंदन पराशर ): विश्व प्रसिद्ध तीर्थ



नगरी हरिद्वार के श्री कल्याण कमल आश्रम के संचालक अनंत श्री विभूषित महामंडलेश्वर 1008 स्वामी श्री कमलानंद गिरि जी महाराज 16 अप्रैल बुधवार शाम को 6:बजे श्री सन्यास आश्रम रेलवे फाटक के पास जैतो मंडी पधार रहे हैं। यह जानकारी स्वामी जी के परम शिष्य तेजा सिंह सोढ़ी, मन्ना सिंह मित्तल, हर्ष बांसल फूल वाले व राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित रघुनंदन पराशर ने देते हुए बताया कि स्वामी जी। 16 व 17 के अपने प्रवास के बाद 18 अप्रैल को प्रातः 9:30 बजे बठिंडा के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने का इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा स्वामी जी से विशेष आशीर्वाद प्राप्त किया जाएगा।

## आंध्र प्रदेश ने टीसीएस को 99 पैसे की लीज कीमत पर 21.16 एकड़ जमीन आवंटित की

विजयवाड़ाः आंध्र प्रदेश राज्य मंत्रिमंडल ने मंगलवार को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को विशाखापत्तनम में 21.16 एकड़ जमीन महज 99 पैसे की प्रतीकात्मक लीज कीमत पर आवंटित की। टेक दिग्गज को जमीन आवंटित करने में अहम भूमिका निभाने वाले राज्य के आईटी मंत्री नारा लोकेश ने कहा कि कंपनी आवंटित जमीन पर बनने वाली इकाई में 1370 करोड़ रुपये का निवेश करेगी और इससे 12,000 नौकरियां पैदा होंगी।



लोकेश ने पिछले साल अक्टूबर में टाटा हाउस का दौरा किया था और टीसीएस को राज्य में एक बड़ा विकास केंद्र स्थापित करने के लिए जोरदार तरीके से वकालत की थी।

राज्य सरकार और टीसीएस के बीच लगातार फॉलो-अप और चचाओं के साथ, लोकेश आ-खरकार उस रास्ते को प्रशस्त करने में सफल रहे जिसे निवेश आकर्षित करने और राज्य में एक जीवंत आईटी क्षेत्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने रेल मंत्री से मुलाकात कर रेल भूमिगत सड़क की किया मांग

वाराणसी भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर वाराणसी में कई सड़कों पर रेल अंडर पास बनाए जाने की मांग की है। हंसराज विश्वकर्मा ने कई रेल लाइन पर फाटक बंद हो जाने के कारण लोगों की परेशानियों का हवाला देते हुए अंडर पास बनाए जाने की मांग की है ।नाथूपुर भिखारीपुर ,निगतपुर और फुलवरिया के गेट नंबर 4 से गेट नंबर 5 व्यस्ततम मार्ग पर विशेष रूप से निर्माण की मांग की है। हंसराज विश्वकर्मा ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने उनकी मांग पर अमल करने का भरोसा दिलाया है ।जनहित में कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।



## अखिलेश यादव को क्या डर लग रहा ? सरकार से क्यों कहा- हमें डराने के लिए ही वापस ली एनएसजी सिक्योरिटी

समाज जागरण

*अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर एनएसजी सुरक्षा वापस लेने को लेकर तीखा हमला बोला, इसे डराने की साजिश बताया. बीजेपी ने इसे तकनीकी फैसला कहा और सस्ती लोकप्रियता का आरोप लगाया.*

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा, 'जिस दिन तुमने मेरी एनएसजी सिक्योरिटी वापस ली थी, उसी दिन मुझे तुम्हारी नियत और मंशा समझ आ गई थी. तुम हमें डराना चाहते हो. लेकिन जो असल में डरपोक हैं, वो एनएसजी की सुरक्षा रखे हुए हैं.' अखिलेश यादव के इस बयान पर सियासी हंगामा शुरू हो गया है. सवाल उठ रहे हैं कि क्या अखिलेश यादव को वाकई कोई डर सता रहा है? या फिर यह बयान केंद्र सरकार पर सियासी दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा है?



दरअसल, अखिलेश यादव को 2012 में यूपीए सरकार के दौरान जेड-प्लस श्रेणी की एनएसजी सिक्योरिटी दी गई थी. तब वे यूपी के मुख्यमंत्री हुआ करते थे, और खुफिया एजेंसियों ने उनके लिए खतरे की आशंका जताई थी. हालांकि, 2019 में केंद्र की बीजेपी सरकार ने अखिलेश यादव की एनएसजी सिक्योटिरी वापस ले ली. गृह मंत्रालय ने कहा कि इसकी नियमित तौर पर समीक्षा की जाती है और अब अखिलेश यादव के लिए खतरे का स्तर उतना गंभीर नहीं है. तब एनएसजी की जगह अखिलेश यादव को यूपी पुलिस की सिक्योरिटी दी गई थी. उस समय तो अखिलेश यादव ने इस फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया नहीं दी थी, लेकिन मंगलवार को जिस तरह उन्होंने सवाल उठाया, उससे साफ है कि अखिलेश यादव उसे भूले नहीं हैं.

**अखिलेश का बयान डर या सियासत?**

अखिलेश यादव का यह बयान तब आया जब वे 2027 के यूपी विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा कर रहे थे. उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, एनएसजी हटाने का फैसला मेरी सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि मुझे और मेरे समर्थकों को डराने के लिए लिया गया था. लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं. जो लोग डरते हैं, वो अपने आसपास एनएसजी का घेरा रखते हैं.

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अखिलेश यादव का यह बयान बीजेपी को घेरने की रणनीति का हिस्सा है. साथ ही, विपक्ष को एकजुट करने की कोशिश भी है. क्योंकि अखिलेश का बयान उस समय आया है, जब विपक्षी दलों के कई नेताओं ने केंद्र सरकार पर अपनी आवाज दबाने का आरोप लगाया है. आम आदमी पार्टी, टीएमसी, झामुमो और कांग्रेस बीजेपी पर हमलावर रही है.

## वक्फ संशोधन मुसलमानों के खिलाफ नहीं, बल्कि पिछली गलतियों को सुधारने और यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है : किरेन रिजिजू

समाज जागरण

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को कहा कि वक्फ अधिनियम में संशोधन पिछली गलतियों को सुधारने और देश भर में भूमि स्वामित्व में न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने केवल कानूनी विसंगतियों को दूर करने के लिए कदम उठाए हैं, जिसके कारण अन्यथा किसी भी भूमि को वक्फ संपत्ति घोषित किया जा सकता है।

कोच्चि में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, रिजिजू ने दोहराया कि



वक्फ अधिनियम में केंद्र के संशोधन मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि सरकार का इरादा यह सुनिश्चित करना है कि भारत में किसी की जमीन को जबरन और एकतरफा तरीके से छीनने का कोई प्रावधान न हो।

उन्होंने कहा, "यह गलत बयान दिया जा रहा है कि केंद्र सरकार मुसलमानों के खिलाफ काम कर रही है। यह सच नहीं है। वक्फ संशोधन अधिनियम मुस्लिम समुदाय को लक्षित नहीं है। यह अतीत की गलतियों को सुधारने के लिए है।" किरेन रिजिजू ने कहा कि अगर वक्फ कानून में संशोधन नहीं किया गया होता तो किसी भी जमीन को वक्फ जमीन घोषित किया जा सकता था। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने कानून में संशोधन करने का फैसला किया। मुनंबम मुद्दे का जिक्र करते हुए रिजिजू ने कहा कि एनार्कुलम जिले के मुनंबम गांव में करीब 600 परिवारों को वक्फ बोर्ड के दावों के कारण अपने घर और जमीन से बेदखल किए जाने का खतरा है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा उन कारणों में से एक है, जिसके कारण सरकार ने यह कदम उठाया। उन्होंने आश्वासन दिया कि मुनंबम जैसी स्थिति देश में कहीं भी नहीं दोहराई जाएगी।

## राम मंदिर का निर्माण 99 प्रतिशत पूरा, मई में स्थापित होगा राम दरबार : निर्माण समिति प्रमुख

समाज जागरण

अयोध्या, 15 अप्रैल श्री राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने मंगलवार को कहा कि मंदिर का निर्माण कार्य 99 प्रतिशत पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि मंदिर के दोनों ओर करीब 2,000 क्यूबिक पत्थर रखे जाने बाकी हैं, जबकि गर्भगृह में और पत्थर लगाने की जरूरत नहीं है। मीडिया को संबोधित करते हुए मिश्रा ने कहा, "चर्चा हुई है और जैसा कि आपने पढ़ा या देखा होगा, इस परियोजना का अंतिम चरण अब शुरू हो गया है। कल का कार्यक्रम विशेष रूप से शुभ था, जो हमारे संविधान के प्रमुख निमार्ता डॉ. बी.आर. अंबेडकर की जयंती के साथ मेल खाता था।

# भाजपा के ' पोस्टर बॉय ' हैं दिग्विजय




कोई माने या न माने लेकिन मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भाजपा के लिए आज भी हौवा बने हुए हैं। वक्फ (संशोधन) विधेयक का राज्यसभा में विरोध करने पर कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह को ह्यह्यगद्दारह्लह्ल बताने वाले पोस्टर प्रदेश के अनेक शहरों में लगे हुए हैं लेकिन इससे न दिग्विजय सिंह विचलित हैं और न उन्होंने अपना रुख बदला है,उलटे वे भाजपा पर और आक्रामक हो उठे हैं। उन्होंने पलटवार करते हुए भाजपा की जन्मकुंडली खोलना शुरू कर दी है।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह 78 साल के हो गए हैं और पिछले 54 साल से कांग्रेस के साथ काम कर रहे है। उनके साथ और बाद में आये तमाम राजे-महाराजे और खुद उनके भाई इस बीच कांग्रेस छोड़कर भाजपा में चले गए लेकिन दिग्विजय सिंह आज भी राजनीति की क्रीज पर हैं क्रीज पर हैं। 2003 में कांग्रेस के सत्ताच्युत होने के बाद उन्होंने पूरे एक दशक तक कोई चुनाव नहीं लड़ा लेकिन 2018 में प्रदेश की सत्ता में कांग्रेस की वापसी के बाद वे एक बार फिर कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण हो गये । दिग्विजय सिंह ने पार्टी के महासचिव के रूप मेंही नहीं बल्कि राज्य सभा सदस्य के रूप में अपनी उपस्थिति से भाजपा को परेशान करके रखा।

वक्फ बोर्ड कानून के मुद्दे पर खुद को गद्दार बताने पर दिग्विजय सिंह ने भाजपाइयों को ही गद्दार कह दिया । उन्होंने दावा किया कि गद्दार तो वे भाजपा कार्यकर्ता हैं जिन्होंने आईएसआई एजेंट के रूप में काम किया है।दिग्विजय सिंह ने याद दिलाया कि आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने मध्य प्रदेश के विभिन्न स्थानों से 2017 में जासूसी गिरोह का हिस्सा होने के आरोप में 11 लोगों को गिरफ्तार किया था।दिग्विजय सिंह पहले भी आरएसएस को लेकर अदालतों का सामना कर चुके हैं। अदालतों ने दिग्विजय को बरी कर दिया ,लेकिन वे आज भी अपने सुर बदलने को तैयार नहीं हैं। दिग्विजय के जितने विरोधी भाजपा में हैं उतने ही कांग्रेस में भी हैं किन्तु वे ऐसे अकेले कांग्रेसी नेता हैं जो आरोपों-प्रत्यारोपों से विचलित नहीं होते उलटे उनका सामना करते है। पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भर्ती ने दिग्विजय सिंह को मिस्टर बंटाधार कहा लेकिन वे मुस्कराते रहे। कांग्रेस में उनके ही विरोधियों ने उन्हेंभाजपा का एजेंट कहा लेकिन वे पीछे नहीं हटे।

आपको बता दें की वक्फ बोर्ड के नए कानून का विरोध करने वाले दिग्विजय सिंह अकेले नेता नहीं है लेकिन उनका विरोध भाजपा को सबसे ज्यादा खटकता है। इसी मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन कानून पर सुनवाई से पहले सात राज्यों की सरकारें सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई हैं. महाराष्ट्र, असम, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड की सरकारों ने आवेदन दाखिल कर नए कानून का समर्थन किया है. इन राज्यों ने कहा है कि नया कानून पारदर्शी, न्यायपूर्ण और व्यवहारिक है. कानून के खिलाफ दाखिल याचिकाओं का विरोध करते हुए इन सभी राज्यों ने अपना पक्ष भी सुने जाने की मांग कोर्ट से की है। इस नए कानून के विरोध में बंगाल सहित देश के अनेक राज्यों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं ,लेकिन निशाने पर दिग्विजय सिंह ही सबसे ज्यादा हैं। दिग्विजय सिंह की वजह से ही कांग्रेस 2018 में प्रदेश की सत्ता में वापस आयी थी और उन्हीं की वजह से 19 महीने बाद सत्ताच्युत भी हो गयी । ऐसा कहा और माना जाता है कि दिग्विजय सिंह की वजह से ही ज्योतिरादित्य सिंदिया ने कांग्रेस का तख्ता पलट किया और भाजपा से जा मिले। राज्य सभा की इकलौती सीट इसकी वजह थी ,लेकिन दिग्विजय सिंह को पार्टी की सरकार जाने का कोई अफसोस शायद नहीं है। वे आज भी ज्योतिरादित्य सिंधिया को निशाने पर रखते हैं। यानी दिग्विजय सिंह का स्वभाव खामोश रहने का नहीं है। इस समय भी कांग्रेस के अध्यक्ष भले ही जीतू पटवारी हैं लेकिन चर्चा में दिग्विजय सिंह ही हैं। दिग्विजय के हमउम्र पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी उस तीव्रता के साथ भाजपा और संघ से जड्डु नहीं ले पाते जिअसे की दिग्विजय ले पाते हैं।

अपने आपको गद्दार बताये जाने पर दिग्विजय संघ प्रतिप्रश्न करते हैं कि - ह्यह्यपाकिस्तान से अलग-अलग खातों में धन जुटाना, ह्यवॉयस ओवरह्ल के जरिए पाकिस्तानियों से बात करना। आप उन्हें क्या कहेंगे? गद्दार? जय सिया राम ?' दिग्विजय का समाना करने की हिम्मत कम ही भाजपाई जुटा पाते है। मप्र के एक मंत्री विश्वास सारंग ने जरूर कहा कि कांग्रेस नेता ने ह्यह्यभगवा आतंकवादह्लह्ल शब्द गढ़ा था जो सनातन धर्म को बदनाम करता है।सारंग ने दिग्विजय सिंह के बारे में कहा,की ह्यह्यउन्होंने [दिग्विजय सिंह] ने आतंकवादीअफजल को अफजल गुरु कहा, हाफिज सईद का महिमामंडन करने के लिए उसके लिए जी का इस्तेमाल किया, जाकिर नाइक जैसे विघटनकारी व्यक्तियों के सम्मान में मंच साझा किया, हमारी सेना और सैनिकों का अपमान करने के लिए बटला हाउस मुठभेड़, हवाई हमले और सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाए। वह हमेशा देश को तोड़ने के लिए बयान देते हैं। उन्होंने हमेशा बिना तथ्यों के आरोप लगाए।ह्लउन्होंने दावा किया कि दिग्विजय सिंह को निशाना बनाने वाले पोस्टर जनता ने लगाए हैं, भाजपा ने नहीं।दिग्विजय सिंह भाजपा के लिए कब तक पोस्टर बॉय बने रहेंगे कहना कठिन है। लेकिन जब भी भाजपा के बनाये पोस्टर फटते हैं उनमें से दिग्विजय ही हीरो बनकर बाहर निकलते दिखाई देते हैं।

**@राकेश अचल**

# मेरी गजल

माना तुम हो बाहुबली रख सकते हो
कितनी नब्जों पर उंगली रख सकते हो

फूलों पर मंडराने की जिसकी फितरत
किसके ऊपर तुम तितली रख सकते हो

आंखों का पानी भी होता है खारा
आंखों में जिंदा मछली रख सकते हो

खेल खत्म होने वाला हो ऐसे में
जोखिम लेकर क्या गुगली रख सकते हो

मीठा खाने की ख्वाहिश है जनता की
क्या उसके आगे इमली रख सकते हो

मै भूखा हूं, खा लूंगा! लेकर आओ
बासी रोटी कटी-जली रख सकते हो

आम आदमी से मत छीनो आम पके
तुम चाहो, कैवल गुठली रख सकते हो

नहीं झुकेगा मेरा सिर ये तय मानो
गर्दन पर बेहिचक नली रख सकते हो

**@ राकेश अचल**

# वैश्विक अर्थ व्यवस्था में टैरिफ वॉर...!

अमेरिका व चीन के बीच चल
रहा है टेरिफ वॉर,
वैश्विक अर्थ व्यवस्था के लिए
खतरे की दीवार।
टकराव सिर्फ दो महा-शक्तियों
तक सीमित नहीं,
इसका दुष्प्रभाव दुनिया के देशों
में दिखेगा सही।
ये टैरिफ लगाने के जवाब
एक-दूसरे को दें रहें हैं,
व्यापारिक जंग ऐसे खतरनाक
मोड़ पर ले रहें है।

अमेरिका व चीन के बीच चल
रहा है टेरिफ वॉर,
वैश्विक अर्थ व्यवस्था के लिए
खतरे की दीवार।
अब इस टेरिफ युद्ध का
आसान नहीं समाधान,
वैश्विक आर्थिक मंदी के रूप
में सामने व्यवधान।
बड़े देश एक-दूजे के उत्पादों
पे लगाते भारी कर,
उत्पादन लागत बढ़ती आर्थिक
भार जनता पर।

अमेरिका व चीन के बीच चल
रहा है टेरिफ वॉर,
वैश्विक अर्थ व्यवस्था के लिए
खतरे की दीवार।
विश्व में व्यापार की गति पड़
रही है बहुत धीमी,
विकासशील देशों की इसने
विकास गति छिनी।
टेरिफ वॉर से आपूर्ति श्रृंखला
हो रहीं हैं बाधित,
अब महंगाई भी एक बड़ी
चुनौती होगी साबित।



**संजय एम तराणेकर**
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**

# महान भविष्यद्रष्टा-डा.भीमराव अंबेडकर



**प्रोफेसर राजेंद्र पाठक**
**(समाजशास्त्री)**

डा.भीमराव अंबेडकरजी ने जब पुस्तक "ढ॔२३ल्ल ङ्ग१ ३ॅ ढं१३३ङ्गल्ल ङ्ग कल्लर्ि" लिखी तो उनसे पुछा गया कि आपने अपनी किताब का नाम




"पाकिस्तान या भारत का विभाजन" क्यों रखा है जबकि यह तो शुद्ध रूप से भारत का विभाजन था!! तब बाबासाहेब ने उत्तर दिया था कि "मुझे संदेह है कि हम जिस भूमि पर रह रहे हैं वह भारत है या पाकिस्तान......क्योंकि जिन्हें पाकिस्तान चाहिये था वो सभी तो भारत में हीं रह गये हैं। विभाजित भारत कहां है इसको लेकर मैं संदेह में हूं।"

समझ में नहीं आता कि जब यही करना था तो विभाजन क्यों हुआ!! क्यों लाखों लाख हिंदुओं की हत्या, महिलाओं के बलात्कार और उत्पिड़न के कारण को जन्म दिया गया!!

आज से 75 साल पहले बाबासाहेब ने अपनी पुस्तक "थॉट्स ऑन पाकिस्तान" और "पाकिस्तान ऑर पार्टशन ऑफ इंडिया" में इस्लामिक कट्टरवाद पर जो विचार व्यक्त किये हैं वो आज अक्षरतः सामने दिख रहा है। भारत के संदर्भ में उनके जो यथार्थपरक विचार थे उसपर अमल न करना आज,भारत को क्या पुरे विश्व को घोर आंतरिक समस्याओं से जुझने को मजबूर कर दिया है।

बाबासाहेब कहते हैं --"मुस्लिम मत के अनुसार दुनिया दो धड़ों में बंटी है----

1--दारुल इस्लाम- दारुल इस्लाम वह देश है जहां मुसलमानों का राज हो।

2--दारुल हरब- ये वे देश हैं जहां मुसलमान रहते तो हैं लेकिन वे वहां शासक नहीं हैं।

इस्लामिक कानून के अनुसार भारत हिन्दू और मुसलमानों की सम्मिलित मातृभूमि नहीं हो सकती। जिस भूमि पर गैर मुस्लिम शासक होता है तो,वो भूमि मुसलमानों की नहीं रहता। इसीलिए हर मुसलमान कहता है कि वो पहले मुस्लिम है बाद में भारतीय।(यही कारण है कि भारत के मुसलमान "भारत माता की जय" कहने या "वंदेमातरम" बोलने से परहेज करते हैं।) डा.आंबेदकर साहब कहते हैं (पाकिस्तान या भारत का विभाजन)कि इस्लाम, भूक्षेत्रीय संबंधों को नहीं मानता, इनके रिश्ते नाते मजहबी होते हैं। ये अपने मुल्क की अपेक्षा मुस्लिम देशों के पक्ष का समर्थन करने में सबकुछ झोंक देते हैं। उनके विचार में उनके लिए,मुस्लिम देशों का स्थान पहला और भारत का दुसरा है।(1965 के भारत, पाकिस्तान युद्ध में हमने देखा है कि भारतीय सेना की मुस्लिम बटालियन कैसे देश को धोखा देकर,हथियार सहित, पाकिस्तान की ओर चली गई और भारत के विरुद्ध लड़ी। असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा सांसद की शपथ लेते समय, फिलिस्तीन जिंदाबाद कहा था,इजराइल के हवाई हमले में हिजबुल्लाह नेता नसरल्लाह के मारे जाने पर कश्मीर से लेकर कई राज्यों में मुसलमानों ने शोक जुलूस निकाला था)। डा.बाबासाहेब ने लिखा है कि मुसलमान की नजरों में हिंदू काफि र होता है जो सम्मान के योग्य




नहीं होता। उसके साथ अत्याचार करना जायज माना जाता है।ऐसी स्थिति में काफि र द्वारा शासित देश, मुसलमानों के लिए दारुल हरब होता है।

बाबासाहेब ने मुस्लिम कट्टरवाद और इस्लाम के राजनीतिक स्वरूप का गहराई से अध्ययन किया था। उनका कहना था कि मुस्लिम मानसिकता की असहिष्णुता, आक्रामकता और जीद्द के कारण हीं पाकिस्तान का जन्म हुआ। बाबासाहेब कहते हैं कि इस्लाम में, पुरी दुनिया में इस्लामिक राज कायम करने हेतु एक आदेश है--जिहाद करने का। इस जिहाद की सफलता के लिए, ये किसी भी हद तक जा सकते हैं। ( ये विभिन्न जिहाद हम देश में देख हीं रहे हैं --धर्मांतरण जिहाद,लव जिहाद,वोट जिहाद, थूक-मूत जिहाद,रेल जिहाद, बिजनेस जिहाद, जनसंख्या विस्फोट जिहाद, ड्रग जिहाद, घुसपैठ जिहाद आदि)।मुस्लिमों द्वारा राजनीति में




अपराधियों के तौर तरीके अपनाये जाते हैं। बाबासाहेब ने अपनी पुस्तक "थॉट्स ऑन पाकिस्तान" में "मुस्लिम राजनीति के सांप्रदायिक आधार" का बेहतर विवेचना प्रस्तुत किया हैं। जिसमें दो आयाम दृष्टिगोचर होते हैं --आक्रामकता और अलगाववाद। "सामान्य तौर पर हिंदुओं के प्रति मुस्लिम मनोवृत्ति में एक मूलभूत आक्रामक भाव विद्यमान रहता है। मुस्लिमों की ये आक्रामक भावना, उनकी जन्मजात पूंजी है जो बहुत प्राचीन काल से उनके पास है।इस मामले में हिंदू, मुसलमानों से बहुत पीछे हैं। अधिक से अधिक राजनीतिक सुविधायें प्राप्त करने की मुसलमानों की इच्छा को संतुष्ट करना बहुत कठीन होता है। मुस्लिम कभी संतुष्ट नहीं हो सकते।वो लगातार अपनी हितों को सुरक्षित करने के लिए नई सूचियां भी तैयार रखते हैं। मुस्लिमों में हिंदुओं की कमजोरियों का अनुचित लाभ उठाने की प्रबल भावना होती है। यदि हिंदू आपत्ति करते हैं तो वे आग्रह की नीति अपनाते हैं और आग्रह तभी छोड़ते हैं जब हिन्दू उनके आग्रह के बदले किसी अन्य सुविधा के रूप में उसका मूल्य चुकाने को तैयार हो जाते हैं। समझने वाली बात है कि मुसलमानों द्वारा राजनीति में, हिंसक कार्य पद्धति को सर्वाधिक महत्वपूर्ण समझा जाता है। दंगे और उपद्रव सामान्य अस्त्र होते हैं।( अभी देश देख रहा है कि "वक्फ बोर्ड संशोधन बिल" पर पुरे देश में कैसे मुस्लिम जमात, बिल वापस लेने के लिए राजनीतिक दबाव के रूप में दंगों, आगजनी,लूटपाट, और हिंसा का सहारा ले रही है!!)।

उपरोक्त पुस्तक में बाबासाहेब ने लिखा है ------

पेज नंबर 123--धार्मिक आधार पर विभाजन के पश्चात मुसलमानों को भारत में नहीं रहना चाहिए।

पेज नंबर 125--मुसलमान भारत के लिए खतरा बने रहेंगे और भारत में सांप्रदायिक दंगे कराते रहेंगे।

पेज नंबर 231--बुर्के से यौन इच्छा बढ़ती है जिससे अधिक बच्चे पैदा होते हैं।

पेज नंबर 233,234--मुसलमान सामाजिक सुधार और विज्ञान के प्रबल विरोधी हैं।

पेज नंबर 294--मुसलमान अपने शरिया कानून को भारत के कानून और संविधान से ऊपर मानेंगे।

पेज नंबर 297--मुसलमान भारत में




अशांति फैलाने के लिए सांप्रदायिक दंगे कराते रहेंगे।

पेज नंबर --303--मुसलमान भारत में हिंदुओं की सरकार कभी स्वीकार नहीं करेंगे।

पेज नंबर 332--मुसलमान कभी देशभक्त नहीं हो सकते।

आज जो भारत के भीतर की परिस्थितियां नजर आ रही हैं वो डा. अंबेडकर साहब के दूर दृष्टि एवं आशंकाओं को सही साबित करता है। तभी तो एक संप्रदाय इस्लाम,करीब 1400 बर्षों में 58 देशों में फैल गया है। दुसरा संप्रदाय ईसाईयत, करीब 2000 बर्षों में 85 देशों में विस्तार ले चूका है लेकिन "सत्य अहिंसा", "वसुधैव कुटुंबकम्", "सर्वधर्म सम भाव", "नारी तुम नारायणी", "सर्वेभवन्तु सुखिनः" "सबका साथ सबका विकास", अपने हर अनुष्ठान में"विश्व के कल्याण" की बात करने वाला विश्व का एक मात्र धर्म, सनातन अर्थात शाश्वत धर्म,अखंड भारत से हीं नहीं बल्कि विभाजित भारत के 9 राज्यों से भी गायब हो चला है। घुसपैठ और जनसंख्या विस्फोट करके आतातायी हिंदुओं को पलायन को मजबूर कर रहे। बाबासाहेब के सत्य और स्पष्ट विचारों को समझते हुए नेहरू, बाबासाहेब पर हिंदू संप्रदायिक तत्वों से मिली भगत का आरोप लगाते रहे हैं। जबकि कृपलानीजी तो नेहरू को इस्लाम परस्त और छद्म हिन्दू मानते थे। नेहरू ने आजादी और विभाजन के बाद बने पहले मंत्रियों के कैबिनेट में अंबेडकर साहब और श्यामा प्रसाद मुखर्जी को स्थान नहीं देना चाहते थे लेकिन गांधीजी के दबाव देने पर उन्हें कैबिनेट में शामिल किया गया। अंबेडकर जी ने दलितों के और कश्मीर से जुड़े धारा 370 तथा 35(अ) के संदर्भ में कांग्रेस द्वारा सही निर्णय नहीं लेने के विरोध में, कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया लेकिन नेहरू ने प्रचारित किया कि उन्हें कैबिनेट से निकाल दिया गया।बाबासाहेब का देश विभाजन से जुड़े सच को सामने लाने और गांधी, नेहरू का हिंदूओं से किये जा रहे छल को उजागर करने की खींज में लोकसभा के 1952 और फिर 1954 के चुनाव में अंबेडकर साहब को हराने में नेहरू और कांग्रेस ने पुरा जोर लगा दिया था। अंबेडकर जी द्वारा धर्म के आधार पर देश विभाजन से जुड़े तथ्यों को सामने रखने और गांधी तथा नेहरू के "गजवा-ए-हिंद" प्लान के उजागर होने के डर से, नेहरू और उनकी कांग्रेस, उनसे इतनी घृणा करते थे कि बाबासाहेब के मरने के बाद, उनकी विधवा पत्नी सबिता अंबेडकर को शाजिस करके घर से बेदखल करवाकर रोड पर फेंकवा दिया गया।

यही कांग्रेस, अंबेडकर साहब के संविधान को चिथड़े-चिथड़े करके उसके मूल स्वरूप को हीं बदल चूकी है जिसका परिणाम आज दंगों और हिंदुओं के पलायन के रूप में सामने आ रहा है। फिर भी जातियों में बंटे,मूर्ख हिंदू को समझ में नहीं आ रहा।

ये 100 प्रतिशत सच है कि कांग्रेस ने अंबेडकर साहब के मूल संविधान को रहने हीं नहीं दिया है इसलिये हर देशवासी को मूल संविधान वापस पाने की सोच बनानी होगी तभी इस देश में सुख-शांति मिलेगी। बाबासाहेब जैसे महान राष्ट्र भविष्यद्रष्टा का हृदय से सम्मान देते हुए,हर सच्चे हिंदुस्तानी को उनके विचारों पर मनन करना चाहिए और धार्मिक कट्टरवाद से उपर उठकर शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण के निर्माण में सहयोग देना चाहिए। लेकिन सत्य तो सत्य है जिसे नकारना, अपने गले पर छूरी चलाने से कम नहीं।

**शुभम शुभम,**

# उप्र से उत्साह जगाने वाले संकेत

दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक्स सामान बनाने की सबसे बड़ी कंपनियों में शामिल फॉक्सकॉन का यह कदम निवेश के लिहाज से उत्तर प्रदेश में बढ़ते भरोसे का संकेत है। उत्तर प्रदेश की पहचान अब धीरे-धीरे बदल रही है। एक समय था जब यह राज्य मुख्य रूप से अपनी कृषि आधारित अर्थव्यवस्था और अधिक जनसंख्या घनत्व के लिए ही जाना जाता था किंतु अब ऐसा लगता है कि राज्य सरकार औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने तथा बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी और प्रमुख उद्योगों में निवेश हासिल करने के लिए मजबूत प्रयास कर रही है।

कहा जा रहा है कि फॉक्सकॉन ने ग्रेटर नोएडा में 300 एकड़ में एक संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। अगर कंपनी की यह योजना फलीभूत हुई तो राज्य के औद्योगिक विकास में यह एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि होगी। दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक्स सामान बनाने की सबसे बड़ी कंपनियों में शामिल फॉक्सकॉन का यह कदम निवेश के लिहाज से उत्तर प्रदेश में बढ़ते भरोसे का संकेत है। कंपनी इस समय देश के दक्षिणी राज्यों में परिचालन कर रही है। राष्ट्रीय राजधानी से सटे होने और तेज अधोसंरचना विकास के कारण गौतम बुद्ध नगर उच्च-तकनीक विनिर्माण के एक बड़े ठिकाने के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। खिलौना, वाहन और सीमेंट उद्योग में भी विनिर्माण गतिविधियों का तेजी से विस्तार हो रहा है। एक और अच्छी बात यह है कि निवेश केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक ही सीमित नहीं हैं।

उदाहरण के लिए भारत की पहली बायोपॉलीमर विनिर्माण इकाई लखीमपुर खीरी जिले में स्थापित हो रही है। राज्य में बुंदेलखंड-रीवा एक्सप्रेसवे से सटा एक रक्षा औद्योगिक गलियारा भी तैयार हो रहा है। माना जा रहा है कि इस परियोजना में 9,500 करोड़ रुपये का निवेश आएगा।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

## 23 अप्रैल 2025 को कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला सैनिक बंधु समिति की होगी बैठक।

गौतमबुद्धनगर 15 अप्रैल 2025 डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी गौतम बुद्ध नगर कर्नल कपिल कत्याल( अ0प्रा0 ) ने भूतपूर्व सैनिकों को जानकारी दी है कि जिला अधिकारी गौतम बुद्ध नगर कि अध्यक्षता में भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए 23 अप्रैल 2025 को दोपहर 12:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार सूरजपुर में जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक आहूत की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बैठक में भूमि विकास, पुलिस, बैंक, पेंशन, शिक्षा, आर्थिक अनुदान, रोजगार संबंधी समस्या तथा सैनिकों से संबंधित कोई अन्य समस्या का निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों से कहा कि बैठक में दिए गए बिंदुओं से संबंधित समस्याओं को बैठक से पूर्व 19 अप्रैल 2025 तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कार्यालय में प्रेषित करें, ताकि जिलाधिकारी को अग्रिम सूचनाओं से अवगत कराया जा सके।

अतः भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रित आयोजित होने वाली बैठक में निर्धारित तिथि एवं स्थान पर पहुंचकर प्रतिभाग करते हुए अपनी समस्याओं का निस्तारण करा सकते हैं। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग आगामी 17 अप्रैल को महिलाओं से संबंधित समस्याओं की करेगी जनसुनवाई

### महिलाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं से संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ करेगी समीक्षा बैठक

गौतम बुद्ध नगर 15 अप्रैल 2025 जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य डॉ0 मीनाक्षी भराला 17 अप्रैल 2025 को सुबह 11:00 से कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के हितार्थ संचालित की जा रही योजनाओं से संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक तथा महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई करेंगी। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के उपरांत मा0 सदस्य द्वारा जिला अस्पताल सेक्टर 39 नोएडा एवं कुमारी मायावती महामाया महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज बदलपुर गौतम बुद्ध नगर का स्थलीय निरीक्षण भी किया जाएगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने सर्वसाधारण से कहा कि आगामी 17 अप्रैल 2025 को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में महिलाओं से संबंधित समस्याओं के निवारण हेतु अवश्य प्रतिभाग करें। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## दादरी-मारीपत रेलवे स्टेशन फाटक संख्या 148/एसपीएल, 15 अप्रैल से 19 अप्रैल, तक मरम्मत होने के कारण रहेगा बंद

गौतमबुद्धनगर 15 अप्रैल, 2025 उत्तर मध्य रेलवे दादरी के सीनियर सेक्शन इंजीनियर के द्वारा जानकारी देते हुए अवगत कराया गया है कि दादरी-मारीपत रेलवे स्टेशन के मध्य स्थित फाटक संख्या 148/एसपीएल पर मरम्मत कार्य होने के फलस्वरुप 15 अप्रैल 2025 से 19 अप्रैल 2025 की शाम 06:00 बजे तक बंद रहेगा। इस संबंध में उन्होंने आम नागरिकों का आह्वान किया है कि इस पर से जाने वाले नागरिक फाटक बंद होने की अवधि के दौरान दादरी स्टेशन के समीप आर.ओ.बी. का उपयोग तथा 1420/18-20 में बने आर.यू.बी. का उपयोग कर सकते हैं। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा जेवर एयरपोर्ट हेतु तैयार की जा रही इमरजेंसी रोड का डीएम मनीष कुमार वर्मा ने किया स्थलीय निरीक्षण।

**एनएचएआई द्वारा रोड निर्माण को लेकर अब तक के कार्यों की समीक्षा करते हुए डीएम ने कार्य में तेजी लाते हुए तय समय में कार्य पूरा करने के दिए निर्देश**

गौतम बुद्ध नगर 15 अप्रैल, 2025 आज डीएम मनीष कुमार ने जेवर पहुंच कर एयरपोर्ट हेतु नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा तैयार की जा रही 8 किलोमीटर लंबी 30मी0 चौड़ी इमरजेंसी रोड के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।



उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह द्वारा एयरपोर्ट हेतु तैयार की जा रही इमरजेंसी रोड के कार्य कि वर्तमान तक की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने एयरपोर्ट हेतु इमरजेंसी रोड निर्माण के लिए किये जा रहे कार्यों का बहुत ही गहनता के साथ निरीक्षण करते हुए कार्यों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि जेवर एयरपोर्ट भारत एवं उत्तर प्रदेश सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है, इसलिए, इसके किसी भी कार्यों में शिथिलता न बरती जाए। साथ ही जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इमरजेंसी रोड के निर्माण कार्य में और अधिक तेजी लाई जाए, ताकि कार्य को ससमय में पूर्ण किया जा सके।

जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## कृषकों की समस्याओं के समाधान हेतु माह के आगामी तृतीय बुधवार 16 अप्रैल को किसान दिवस का होगा आयोजन

गौतम बुद्ध नगर 15 अप्रैल, 2025: जिला अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में उप कृषि निदेशक गौतम बुद्ध नगर राजीव कुमार ने जनपद के समस्त कृषकों को जानकारी देते हुए बताया कि किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए माह के तृतीय बुधवार 16 अप्रैल 2025 को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे विकास भवन स्थित सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। उप कृषि निदेशक ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि आयोजित होने वाले किसान दिवस में निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर स्वयं उपस्थित होकर किसानों की समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करें। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## शिक्षित व प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान संचालित

## इच्छुक युवा ऑनलाइन आवेदन करते हुए योजना का उठा सकते हैं लाभ

गौतम बुद्ध नगर 15 अप्रैल 2025: उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को गति प्रदान करते हुए इन उद्योग को प्रोत्साहित करने एवं इस क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार सृजित किये जाने तथा प्रदेश में पूंजी निवेश को आकर्षित करने हेतु प्रति वर्ष 01 लाख नई सूक्ष्म इकाइयां स्थापित किये जाने के लक्ष्य के साथ मिशन मोड में आगामी वर्षों की समयावधि में कुल 10 लाख नई सूक्ष्म इकाई स्थापित किये जाने के महत्वपूर्ण उद्देश्य की पूर्ति हेतु उत्तर प्रदेश के शिक्षित व प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नई सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजन हेतु एक महत्वाकांक्षी नई योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान संचालित है।

उपायुक्त उद्योग ने बताया कि उक्त योजना के अन्तर्गत उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम रू०5.00 लाख तक की परियोजनाओं के ऋण पर अनुदान निर्धारित किया जायेगा। 5 लाख से अधिक रु० 10.00 लाख तक परियोजना लागत वाली इकाइयों में ऋण/पूँजी की व्यवस्था लाभार्थी को स्वयं के श्रोतों से करनी होगी, जिसके सापेक्ष कोई अनुदान देय नहीं होगा। लाभार्थी को परियोजना लागत अथवा अधिकतम रु० 5.00 लाख, जो भी कम हो का 10 प्रतिशत मार्जिन मनी सब्सिडी के रूप में दिया जायेगा। परियोजना लागत अथवा अधिकतम रू०5.00 लाख, जो भी कम हो के सापेक्ष बैंक/वित्तीय संस्था से लिये गये ऋण के शत प्रतिशत त्रैमासिक ब्याज का उपादान वित्त पोषण की तिथि से अगले चार वर्षों के लिये दिया जायेगा। परियोजना लागत में लाभार्थी का अंश सामान्य वर्ग को 15 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग को 12.50 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति/दिव्यांगजन के लाभार्थियों को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत स्वयं के अंशदान के रूप में लगाना होगा तथा अंशदान फन्ट इन्डेड होगा।योजनान्तर्गत उपरान्त/वृद्धि करवेरज हेतु आवश्यक धनराशि का वहन भी 04 वर्षों तक राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा। योजनान्तर्गत निगेटिव परियोजनाओं (तम्बाकू उत्पाद, गुटका, पान मसाला, अल्कोहल, वातयुक्त पेय पदार्थ, काबोनेटेड उत्पाद, पटाखों का विनिर्माण, प्लास्टिक करीबैग 40 माइक्रोन से कम तथा समय समय पर प्रतिषिद्ध श्रेणी में वर्गीकृत उत्पाद) पर ऋण/अनुदान अनुमन्य नहीं होगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना में 1700 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उपायुक्त उद्योग ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की पात्रता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक उत्तर प्रदेश का निवासी होना चाहिये, आवेदक की आयु 21 वर्ष से 40 वर्ष होनी चाहिए, आवेदक की शैक्षिक योग्यता कक्षा 8 उत्तीर्ण होनी चाहिये। इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष को वरीयता दी जायेगी। आवेदक सरकार द्वारा संचालित प्रशिक्षण योजनाओं जैसे विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना अनुसूचित जाति/जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना, उत्तर प्रदेश स्किल डेवलपमेन्ट मिशन द्वारा संचालित कौशल उन्नयन आदि में प्रशिक्षित हो अथवा किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय/शैक्षणिक संस्थान से कौशल सम्बन्धी सर्टिफिकेट कोर्स/डिप्लोमा/डिग्री प्राप्त हो। यदि प्रशिक्षण प्राप्त नहीं हो तो ऋण वितरण के 3 माह के भीतर कौशल प्रशिक्षण प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड किया जाना अनिवार्य है। पूर्व में पीएम स्वनिधि योजना के अतिरिक्त राज्य अथवा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित किसी अन्य योजना में ब्याज अथवा पूंजी उपादान का लाभ प्राप्त न किया हो। योजना की अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, गौतमबुद्धनगर में संपर्क किया जा सकता है व आवेदक बेवसाइट www.diupmsme.upsdc.gov.in/msme.up.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## दिल्ली मे शिक्षा माफिया पर चला डंडा, यूपी मे इंतजार क्यों ?

**समाज जागरण डेस्क**

दिल्ली के रेखा गुप्ता सरकार ने दिल्ली मे प्राइवेट स्कूल माफियाओं पर शिकंज कसना शुरू कर दिया है। दिल्ली के भारतीय जनता पार्टी सरकार इसमे कितने सफल होते है यह तो आने वाली समय ही बतायेगा, लेकिन पहली नजर मे अभिभावकों को राहत मिलती नजर नही आ रही है। हालांकि दिल्ली स्थित मॉडल टाउन मे एक प्राइवेट स्कूल मे मुख्यमंत्री के द्वारा औचक निरीक्षण और सचिव को स्कूल के लाइसेंस कैंसिल करने के निर्देश ने अभिभावको का ध्यान अवश्य खीचा है।

## ऑनलाइन प्लेटफॉर्म वर्कर्स के ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण हेतु 7 अप्रैल से 17 अप्रैल तक चलाया जा रहा है विशेष पंजीकरण अभियान

### ई-श्रम पोर्टल पर वर्तमान तक 223 ऑनलाइन प्लेटफॉर्म वर्कर्स का किया जा चुका है पंजीकरण

गौतम बुद्ध नगर 15 अप्रैल 2025 : सहायक श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश गौतम बुद्ध नगर सुभाष चंद यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से कार्यशील श्रमिक जिसे अनुबन्ध की गयी शर्तों के अधीन पारिश्रमिक प्राप्त होता है, किन्तु उन वर्कर्स और उनके नियोक्ता में कर्मचारी सेवायोजक को कोई पारम्परिक सम्बन्ध नहीं होता है। यह वर्कर मात्र डिजिटल माध्यम से जुड़े होते है। इस श्रेणी के श्रमिकों को प्लेटफार्म वर्कर्स/ गिग वर्कर्स कहते है तथा इनके ऑनलाइन/ एप के माध्यम से जुड़े नियोक्ताओं को एग्रीमेटर्स कहते है।

सहायक श्रम आयुक्त ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्लेटफार्म श्रमिकों (ह्र्डीश्रढ्ढे ह्ढ्ढृ१२) को ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत किये जाने हेतु दिनांक 07.04.2025 से दिनांक 17.04.2025 तक विशेष पंजीकरण शिविर आयोजित किये जाने के संबन्ध में निर्देश प्राप्त हुए हैं, जिसके अनुपालन में श्रम प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा जनपद गौतमबुद्धनगर में नियोजित प्लेटफार्म श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत करने हेतु टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में दिनांक 07. 04.2025 से दिनांक 14.04.2025 तक कुल 223 श्रमिकों का पंजीयन कराया जा चुका है तथा पंजीकृत कराये जाने हेतु सघन अभियान चलाकर अधिक से अधिक श्रमिको को अच्छादित करने का लक्ष्य नियत है।

## पोषण पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत "हार्टफुलनेस के एकात्म अभियान में योग और ध्यान " पर विशेष जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित

गौतम बुद्ध नगर 15 अप्रैल, 2025 बाल विकास परियोजना अधिकारी दनकौर गौतम बुद्ध नगर संध्या सोनी ने बताया कि आज पोषण पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत "योग व ध्यान" को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शरीर व मन को स्वस्थ, सरल व शुद्ध रखने की प्रक्रिया से जागरूक करना रहा जिससे हम व्यक्तिगत और समाज दोनों को सही दिशा में सही विचार और स्वस्थ्य के साथ आगे बढ़ा सके ' हार्टफुलनेस का प्रणाहुति के साथ ध्यान और सफाई की प्रक्रिया बताई गयी '

**मुख्य गतिविधियाँ:** योग आसन का



अभ्यास, शिथिलिकरण और ध्यान का अभ्यास आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को हार्टफुलनेस ध्यान केंद्र सेक्टर 167 छपरौली गाँव में कराया गया ' पोषण पखवाड़ा 2025 की यह गतिविधि "स्वस्थ भारत, सशक्त भारत" के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम में मुख्य सेविका ऊषा सिंह, किरन भारती के साथ सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रिओ द्वारा प्रतिभाग किया गया । सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## ज्ञान बदलाव लाता है सूचना व्यक्ति को समृद्ध बनाता है : प्रो. मंजु मुकुल कांबले

मोतीलाल नेहरू कॉलेज के अम्बेडकर स्टडी सर्कल द्वारा संवैधानिक संस्थाएं आंबेडकर और विकसित भारत विषय पर आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हिन्दी विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर मंजु मुकुल ने कहा कि ज्ञान बदलाव लाता है सूचना व्यक्ति को समृद्ध बनाता है । अम्बेडकर जितने ज्ञानी थे उतने ही समृद्ध। कार्यक्रम की विशिष्ट वक्ता प्रो स्नेहलता नेगी ने कहा कि आंबेडकर युवाओं के लिए प्रेरणा है और जीवन जीने की शैली है आज आंबेडकर को सभी समाज को अपनाने की जरूरत है। कार्यक्रम संयोजक प्रो राम चरण मीना ने कहा कि आज संस्थाओं को बचाने की जरूरत है संवैधानिक संस्थाएं जब सुदृढ़ होती है तो आम और साधारण व्यक्ति सुरक्षित रहता है, जब संस्थाएं अपना काम नहीं करती हैं तो आम व्यक्ति के अधिकारों



का हनन होता है। प्राचार्य योगेश्वर शर्मा ने कहा कि विकसित भारत को और विकासमान बनाने के लिए आंबेडकर के सिद्धांतो पर चलने की जरूरत है। कार्यक्रम में अंबेडकर स्टडी सर्किल के सदस्य और विभिन्न विभागों के शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन तृतीय वर्ष की छात्र सोनाली शैकीन ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो राम चरण मीना ने किया।

## कार्य बहिष्कार व धरना आज भी जारी रहा। सचिवो ने कल से जनपद में कल बंद हड़ताल शुरू करने की चेतावनी दी

बागपत ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति का विकासखंड बागपत कार्यालय पर चल रहा है कार्य बहिष्कार व धरना आज भी जारी रहा। सचिवो ने कल से जनपद में कल बंद हड़ताल शुरू करने की चेतावनी दी है। उल्लेखनीय है कि 7 अप्रैल को ग्राम विकास अधिकारी अपने सचिवालय पर बैठकर दैनिक कार्य को निपटा रहे थे। उसी समय ग्राम प्रधान योगेंद्र धामा वहां पहुंचे और उन्होंने ओपन जिम और स्ट्रीट लाइट का भुगतान करने का दबाव पंचायत सचिव पर बनाया। पंचायत सचिव संदीप कुमार द्वारा भुगतान न करने की बात पर ग्राम प्रधान योगेंद्र धामा भडक उठा। और उसने पंचायत सचिव के साथ यह अभद्र भाषा का



प्रयोग करते हुए उन्हें जाति सूचक शब्द कहे। इसकी सूचना उसी समय खंड विकास अधिकारी व जिले के उच्च अधिकारियों को दे दी गई लेकिन प्रधान के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। खंड विकास अधिकारी बागपत के के पांडे ने गांव में जाच करने पहुंचे। लेकिन इसके बाद वह जांच को दबाकर बैठ गए। खंड विकास अधिकारी द्वारा उच्च अधिकारियों को अपनी रिपोर्ट में देने के बाद मुख्य विकास अधिकारी नीरज श्रीवास्तव ने इस मामले में जिला पंचायत राज अधिकारी व खंड विकास अधिकारी बड़ौत ज्योति बाला को जांच अधिकारी बनाया। 9 तारीख से लेकर ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति का धरना विकासखंड पर जारी है ग्राम पंचायत सचिवों ने कहा है कि जल्दी ही उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं होता तो सभी विकास खंडों में विकास कार्य ठप कर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। धरने में प्रमोद शर्मा, जोनी चौधरी, सुशील कुमार, कृष्णा कुमार तोमर, संदीप कुमार, विकुल तोमर, विपिन तोमर, गौरव राणा, सूरज, अंजली, नीता सहित दर्जनो पचायत सचिवो ने भाग लिया

## मोहनलालगंज के नजदीक स्थित हुलासखेड़ा की खुदाई में मिली दुर्लभ वस्तुएं

## हुलासखेड़ा प्राचीन सभ्यता एवं इतिहास को समेटे हुए विकसित स्थल था

### उत्खनन में मिले सिक्के एवं विभिन्न कलाकृतियों को* राज्य संग्रहालय में किया गया संरक्षित

लखनऊः 15 अप्रैल, 2025: नवाबों का शहर लखनऊ अपनी रियासत, नफासत और नजाकत के लिए तो मशहूर है ही। लजीज व्यंजन हो, चिकनकारी और जरदोजी की बारीकी हो, दशहरी आम की मिठास हो या फिर कथक नृत्य की मुद्राएं नवाबों का यह शहर हर तरह से अनूठा है। ये ऐसे पहलू हैं जिनसे हर कोई परिचित है। लेकिन प्राचीन और आधुनिक संस्कृति के अनूठे संगम के गढ़ में कई ऐसे नायाब किस्से भी हैं जो अभी तक अछूते हैं। उन्हीं में से एक है भीड़-भाड़ से दूर मोहनलाल गंज में बसे हुलासखेड़ा गांव से लगा हुआ एक बहुत पुराना और बड़ा टीला।

लखनऊ से रायबरेली जाने वाली सड़क से लगभग 1 किलोमीटर दूर मोहनलालगंज के आगे हुलासखेड़ा गांव पड़ता है और इस गांव के उत्तर-पश्चिम में स्थित टीले पर प्रतिष्ठित है कलेष्वरी देवी मंदिर। इस मंदिर में पूजी जा रही मिट्टी की मूर्तियों का इतिहास ही 1800 साल पुराना है। मंदिर के एक ओर है 84 एकड़ में फैला चारों ओर झील से घिरा विशालकाय टीला। यहां बने एक कुएं से टूटे-फूटे बर्तनों और मूर्तियों के टुकड़े निकले तो पुरातत्व विभाग ने तत्परता दिखाते हुए साइट पर पहुंच कर जांच शुरू की तो गांव वालों का बड़ी हैरानी हुई। गांव वालों ने कहना शुरू किया-इसका राजा का खजाना गड़ा है जिसकी नागराज रक्षा करते हैं। यहां से जो ईंट भी उठाता है उस पर विपत्ति पड़ती है। पुरातत्व विभाग ने 1979 में टीले का पुरातात्विक खनन प्रारम्भ कराया। सात साल तक चले खनन कार्य के बाद पता चला कि यह स्थान आज से लगभग 3000 साल पहले आबाद हुआ था। यहां के लोग झोपड़ियों में रहते और अस्थि निर्मित उपकरणों, अन्दर से काले और बाहर से लाल तथा डोरी के निशान वाले लाल रंग के बर्तन का इस्तेमाल करते थे। आज से लगभग 2600 साल पहले यहां के लोग लोहे से बने उपकरणों और काले रंग के ऐसे बर्तनों का इस्तेमाल करते थे जिनकी चमक के सामने आज के आधुनिक बर्तन भी फीके पड़ जाएं। हालांकि समय के साथ लोगों के रहन-सहन में बहुत अंतर आया और यहां तांबे और चांदी के सिक्के, अस्थि से बनाई गई चूड़ियां और हाथी दांत के उपकरणों का प्रयोग भी किया जाने लगा। स्थापत्य कला की बात की जाए, तो कच्ची और पक्की ईंटों को चूना मिले मसाले से जोड़कर घर बनाने के भी साक्ष्य मिले हैं। इनके बीच में संकरी गलियों और चैड़े मार्गों के भी साक्ष्य मिले। जल निकास के लिए ढलावदार पक्की नालियां बनायी गई और पक्की ईंटों के फर्श बनाए गए। यहां के लोग निर्माण कार्य में इतने उन्नत हो गये, जिसका साक्ष्य है हुलासखेड़ा गांव और टीले को जोड़ने के लिए झील के आर-पार जाने के लिए बनाई गई सड़क, जो इतनी मजबूत थी कि पानी भरा होने के बावजूद इसके ऊपर से बैल-गाड़ियां भी जा सकती थीं।

समय बिताने के लिए यहां के लोग पासा खेलते और अस्थि बाणाग्रों के साथ साथ लौह बाणाग्रों का भी प्रयोग करते, आखेट खेलते और खेती करते थे। खुदाई में मिली मुद्रा, दूर दूराज के क्षेत्रों से व्यवहार-व्यापार की गवाही देती हैं। यहां खुदाई के दौरान एक मटके से सोने और चांदी के सिक्के भी प्राप्त हुए हैं। चांदी के सिक्कों पर सूर्य, चन्द्र आदि और तांबे के सिक्कों पर एक ओर कुषाण राजाओं के चित्र और दूसरी ओर भगवान शिव आदि को अंकन किया गया है। उस समय के सिक्कों में गुप्त काल के मयूर प्रकार के और छत्रप प्रकार के सिक्के प्रमुख हैं।

यहां एक दुर्ग का निर्माण कार्य भी शुरू कराया गया, लेकिन किन्हीं कारणों से वह पूरा नहीं हो सका। धीरे-धीरे यहां की बढ़ती आबादी और रहन सहन के तरीके में आती गिरावट के भी साक्ष्य भी पाए गए। लोग पक्की ईंटों के घरों की जगह झोपड़ियों में रहने लगे। और धीरे-धीरे इसका पतन होने लगा। समय के साथ-साथ यहां के अवशेष धूल की परतों में दबते चले गये और यहां एक ऊंचा टीला बन गया। हुलासखेड़ा के इतिहास में अभी कई अत्यंत रोचक और ज्ञानवर्धक तथ्य सामने आने शेष हैं।

प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह ने बताया कि ईसवी सन के प्रारम्भ के आस-पास बनी हुई सोने के पत्र पर बनी ह्वाकार्तिकेयह्व की आकृति खुदाई के दौरान प्राप्त हुई है। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत का अनमोल प्रमाण है। ह्वाकार्तिकेयह्व की यह दुर्लभ कलाकृति न केवल हमारी ऐतिहासिक धरोहर को उजागर करती है, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए ज्ञान और गौरव का स्रोत भी बनेगी। राज्य सरकार का यह निरंतर प्रयास रहेगा कि ऐसी ऐतिहासिक जगहों और कलाकृतियों को संरक्षित कर, जनसामान्य के लिए सुलभ बनाया जाए।

## पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की हत्याओं पर चिंतित हिन्दू महासभा ने राष्ट्रपति शासन की मांग की - बी एन तिवारी

नई दिल्ली, अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने वक्फ कानून को लेकर मुस्लिम समाज द्वारा हिंदुओं को निशाना बनाने और उनकी हत्या करने पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से ममता बनर्जी सरकार को बर्खास्त करने और वहां राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। यह जानकारी राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने दी।




जारी बयान में बी एन तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारी



अध्यक्ष प्रोफेसर यशपाल सिंह ने भी हिंदुओं की हत्याओं पर अपना आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में हिन्दू तनिक भी सुरक्षित नहीं हैं। कोलकाता उच्च न्यायालय द्वारा केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती का निर्देश एक अच्छा कदम है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती स्थाई समाधान नहीं हो सकता। राज्य की ममता बनर्जी सरकार उन जेहादियों और हत्यारों को संरक्षण प्रदान कर रही है। हिन्दू विरोधी सरकार की बर्खास्तगी और राष्ट्रपति शासन ही स्थाई समाधान का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

राष्ट्रीय प्रवक्ता मदन लाल गुप्ता ने कहा कि पश्चिम बंगाल का मुर्शिदाबाद हिंदुओं की लाशों से पाटा जा रहा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हिंदुओं की जरा भी परवाह नहीं है। वो और उनकी सरकार पश्चिम बंगाल को मुस्लिम राज्य घोषित करवाने के षडयंत्र में लिप्त हैं। हिन्दू महासभा उनके इस षडयंत्र को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि हिन्दू महासभा का पांच या तीन सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल मुर्शिदाबाद जाएगा और वहां



के हिंदुओं से मिलकर उनकी स्थिति का अध्ययन करेगा। अध्ययन पर रिपोर्ट तैयार कर केंद्र सरकार को सौंपा जाएगा।

## रोजगार मेला में 22 अभ्यर्थियों का चयन

लखनऊ, 15 अप्रैल 2025ः मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत मंगलवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई०टी०आई०), अलीगंज, लखनऊ में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश की प्रतिष्ठित 5 कंपनियों – (1) कॉन्टिनेंटल ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, मानेसर, गुरुग्राम, हरियाणा; (2) एल्लो इंडिया प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड, बवल, रेवाड़ी, हरियाणा; (3) अडानी विंड, मुंद्रा, कच्छ, गुजरात; (4) पेटीएम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड; तथा (5) एजस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस, लखनऊ – ने प्रतिभाग किया।

इस रोजगार मेले में विभिन्न ट्रेड्स के प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। एम०ए० खाँ, ट्रेनिंग, काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर ने बताया कि पांचों कंपनियों द्वारा आयोजित साक्षात्कार प्रक्रिया के उपरान्त कुल 22 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनियों द्वारा 13,000 से 21,000 प्रतिमाह सी०टी०सी० वेतन के साथ-साथ अन्य सुविधा लाभ भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

## स्पीयर कॉर्प्स ने ऊपरी असम में जनसंख्या के साथ रोंगाली बिहु मनाया

स्पीयर कॉर्प्स के जवानों ने तिनसुकिया जिले के फिलोबारी और मार्गेरिटा में स्थानीय समुदायों के साथ रोंगाली बिहु की भावना का जश्न मनाया। इस कार्यक्रम में 350 से अधिक निवासियों ने भाग लिया, जिसमें परंपरा, आनंद और नागरिक-सैन्य सौहार्द का रंगीन मिश्रण देखा गया।

फिलोबारी में उत्सव का विषय था "फसल, समुदाय और नई शुरुआत के लिए आभार" जिसमें स्कूल के छात्रों और स्थानीय युवाओं द्वारा जीवंत बिहू नृत्य और संगीत प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम ने सांस्कृतिक गौरव, युवाओं की भागीदारी और समावेशिता को बढ़ावा दिया, जिसमें स्कूलों, महिला समूहों



और कारीगरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मार्गेरिटा में, मालुगांव, झरना बस्ती, लेडो बाजार और आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीणों के साथ एक विशेष बिहु संवाद आयोजित किया गया था। इस सभा ने असम की सांस्कृतिक विरासत को साझा करने और भारतीय सेना और स्थानीय जनता के बीच विश्वास को गहरा करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। इसके बाद एक चाय पार्टी आयोजित की गई, जिससे उत्सव में गर्मजोशी बढ़ी। इन उत्सवों ने सांस्कृतिक संरक्षण, समुदाय विकास और एकता के प्रति भारतीय सेना की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जबकि अलगाववादी तत्वों द्वारा प्रचारित विभाजनकारी आख्यानों का प्रभावी ढंग से मुकाबला किया।

# संगठन विस्तार को लेकर चलाया जन जागरण अभियान

**दैनिक समाज जागरण**



संभल।भारतीय किसान यूनियन (बी आर एस एस) द्वारा किसानो की विभिन्न समस्याओं एवं संगठन विस्तार को लेकर तहसील संभल अंतर्गत ग्राम - शरीफपुर एवं भड़वाड़ा में जन जागरण बैठक का आयोजन किया गया ! बैठक की अध्यक्षता शिवनारायण सैनी जिला संरक्षक संभल एवं संचालन हेमंत कुमार प्रजापति ने किया ! बैठक में बोलते हुए जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वंचितों को नहीं मिल पा रहा है , निजी स्कूल संचालकों की मनमानी के चलते आम जनमानस का आर्थिक शोषण हो रहा है जिसको लेकर संभल में संगठन द्वारा एक विरोध प्रदर्शन, आंदोलन किया जाएगा ! उसी क्रम में संगठन विस्तार एवं समस्याओं के समाधान हेतु जन जागरण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं ! बताया कि संभल में होने वाली किसान पंचायत की तारीख कार्यकारिणी के निर्णय अनुसार जल्द ही दे दी जाएगी ! साथ ही सभी से किसान पंचायत में उपस्थित होने का आह्वान किया ! संगठन विस्तार में ग्राम शरीफपुर से शीशराम सिंह को ग्राम अध्यक्ष, जीराज सैनी को ग्राम महासचिव एवं ग्राम भड़वाड़ा से सतवीर सैनी को ग्राम महासचिव, जोगिंदर सिंह को ग्राम सचिव, निहाल सिंह सैनी को ग्राम सचिव एवं नीरू देवी को ग्राम महासचिव (म. मोर्चा) एवं मंजू देवी को ग्राम महासचिव (म. मोर्चा) नियुक्त किया गया ! मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी, जिला संरक्षक शिवनारायण सैनी, जिला महासचिव अनमोल कुमार, वरिष्ठ कार्यकर्ता हेमंत कुमार प्रजापति, नोरंग सिंह, रामपाल सैनी, सोमपाल सैनी, मंजू, मनीषा देवी, नीरू, सुमन देवी आदि उपस्थित रहे !

# कक्षा 9 में 30 अप्रैल तक कराए शत प्रतिशत नामांकन

**आई एम खान/ दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**



बदायूँ। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में कक्षा 09 में प्रवेश के लिए चलाए जा रहे विशेष नामांकन अभियान को सफल बनाने हेतु बैठक की। उन्होंने 30 अप्रैल तक शत प्रतिशत नामांकन कराने व जागरूकता के लिए प्रचार रैली व नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार कराने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि 16 अप्रैल दिन बुधवार को शहर व ब्लॉक आदि स्तर पर नामांकन के लिए जागरूकता रैली निकाली जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा विशेषकर लड़की नामांकन से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि लड़की जब पड़ती है तो दो घरों को रोशन करती है। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवेश कुमार ने बताया कि जनपद में कक्षा 08 के 50765 छात्र-छात्राएं हैं, जिनमें 23251 लड़कियां व 27514 लड़के हैं। उन्होंने बताया कि इनमें परिषदीय विद्यालय, सहायता प्राप्त विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी व समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आदि विद्यालयों के छात्र-छात्राएं हैं। उन्होंने बताया कि कक्षा 09 में शत प्रतिशत नामांकन के लिए 30 अप्रैल तिथि को लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि खण्ड शिक्षा अधिकारी 16 अप्रैल दिन बुधवार को प्रातः 10:30 बजे नोडल अधिकारियों व समस्त सम्बंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ शत प्रतिशत नामांकन कराने के संबंध में बैठक करेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह, एस.के. इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संदीप भारती सहित विभिन्न विद्यालयों से आए प्रधानाचार्य, खंड शिक्षा अधिकारी व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# श्रेष्ठ योजना से एस.सी. के मेधावियों को मिलेगा निजी आवासीय विद्यालयों में अध्ययन का अवसर

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूँ। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि देश भर में आयोजित राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा श्रेष्ठ (एनईटीएस) के माध्यम से चयनित अनुसूचित जाति के मेधावी छात्र व छात्राओं को देश के सर्वश्रेष्ठ निजी आवासीय विद्यालयों में अध्ययन कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किये जाने हेतु भारत सरकार द्वारा श्रेष्ठ योजना (लक्षित क्षेत्रों में उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा) संचालित है।

# कछला घाट के विकास के संबंध में डीएम ने ली बैठक

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूँ। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में कछला घाट के विकास के संबंध में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला गंगा समिति द्वारा बनाए गए 19.45 करोड़ रुपए के प्रस्ताव को बाढ़ खंड से पुनरीक्षण कराकर पुनः शासन को भेजने के लिए कहा। उन्होंने



कहा कि कछला पर घाट बन जाने से आमजन को सुविधा होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि कछला घाट के विकास को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में यह प्रस्ताव शासन भेजा गया था। उन्होंने कहा कि जिला गंगा समिति द्वारा बनाए गए प्रस्ताव को बाढ़ खंड से पुनरीक्षण कराकर पुनः शासन को भेजें ताकि प्रस्ताव स्वीकृत हो सके और इस पर कार्य हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी पूरी तैयारी के साथ बैठक में आए तथा कार्यालय के किसी अधिकारी व कर्मचारी को प्रतिनिधि के रूप में बैठक में भेजने से पूर्व सूचित कर अनुमति प्राप्त करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता बाढ खंड के बैठक में ना आ पाने और अपने स्थान पर प्रतिनिधि भेजने पर उनसे जानकारी लेने के लिए कहा। जिलाधिकारी डिस्ट्रिक्ट मिनरल फण्ड व राज्य आपदा मोचक निधि के सम्बंध में जानकारी लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, जिला वन अधिकारी प्रदीप कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# गौरव प्रतिभा फाउंडेशन द्वारा आयोजित मॉडलिंग शो का सेमीफाइनल संपन्न

## रैंप पर मॉडलों ने बिखेरे जलवे

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद ! गौरव प्रतिभा फाउंडेशन द्वारा स्वर्गीय गौरव उपाध्याय जी की स्मृति में मॉडलिंग शो ग्लैमर ऑफ यूपी 2025 का सीजनझ6 आयोजित किया जा रहा है जिसका सेमी फिनाले संस्कार इंटरनेशनल स्कूल पर आयोजित किया गया जिसमें इटावा, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा सहित कई जिलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरूआत फाउंडेशन सचिव सौरभ उपाध्याय, जज सावी पोनिया व मनीष शर्मा डायरेक्टर संस्कार इंटरनेशनल स्कूल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर शुरूआत की। सौरभ उपाध्याय ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम जनपद में होने चाहिए जिससे कि बच्चों के अंदर की जो प्रतिभा है वह निखर के बाहर आ सके। फाउंडेशन अध्यक्ष आशू उपाध्याय ने बताया कि इस सेमीफिनाले में कई जिलों की बच्चों ने प्रतिभाग किया है हमारा उद्देश्य उत्तर प्रदेश के बच्चों के अंदर जो प्रतिभा है उस प्रतिभा को निकालने के लिए एक मंच चाहिए होता है वह मंच देने का काम हमारा फाउंडेशन कर रहा है। फाउंडेशन वाइस प्रेसिडेंट निक्की सिंह ने कहा कि इस शो के विजेताओं को ब्रजवुड इंडस्ट्री के माध्यम से एल्बम सॉन्ग व शॉर्ट फिल्म में काम करने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन प्रोग्राम कॉर्डिनेटर मिनी राठौर ने किया, व मुख्य जज के रूप में मिसेज इंडिया आईकॉनिक सावी पोनिया रही। कार्यक्रम के दौरान विशाल सिंह, गोपाल भारद्वाज, आर्यन गुप्ता, रितिक उपाध्याय, गौरव मिश्रा, रोहन, अंकित, आदि लोग उपस्थित रहे।

# जायंट्स ग्रुप आफ महिला शक्ति लगाया नेत्र शिविर 410 लोगों को किए चश्मे वितरित!

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद ! जायन्ट्स ग्रुप ऑफ महिला शक्ति के द्वारा एक छोटी सी कोशिश मोतियाबिंद के ऑपरेशन द्वारा लोगों की आँखों की रोशनी पुनः लाने का प्रयास सार्थक हुआ । इसी श्रृंखला में नेत्र शिविर का कार्य चश्मा वितरण का आयोजन भी दी गई तारीख समय और स्थान के अनुसार 15 अप्रैल शाम 4बजे CB गेस्टहाउस में सम्पन्न हुआ । अध्यक्षा प्राची अग्रवाल ने कहा कि आंखें इतनी छोटी होती है पर इनमें पूरे आसमान को देखने का हुनर होता है आँखों की रोशनी ही जीवन की रोशनी है प्रशासनिक निर्देशिका रीना अग्रवाल ने बताया कि 410 लोगों के चश्मे बनवाए गए और वितरित किए गए वित निर्देशिका दीपा अग्रवाल ने बताया कि इस नि शुल्क नेत्र शिविर में मिली मित्तल वर्तिका जैन सीमा अग्रवाल एकता मित्तल कमलेश सचदेवा आदि सदस्यों का विशेष सहयोग रहा प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर श्रीमती सौम्या चौहान के संरक्षण में यह सेवा कार्य सम्पन्न हुआ सभी लोग चश्मा पाकर बहुत खुश हुए और अच्छे से देख पा रहे थे उन्होंने महिला शक्ति की सदस्यों को आशीर्वाद और दुआएँ दी ग्रुप की सदस्य लवली तेलंग शीनू अग्रवाल शिवांगी बंसल आशा अग्रवाल आदि सभी ने चश्मा वितरण में सहयोग किया !

# जिलाधिकारी कार्यालय में बम की झूठी सूचना से मचा हड़कंप, जांच के बाद नहीं मिला कोई विस्फोटक

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद ! जिले के प्रशासनिक अमले में उस समय हड़कंप मच गया जब जिलाधिकारी कार्यालय के ईमेल पर एक धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ। ईमेल में दावा किया गया था कि डीएम कार्यालय में विस्फोटक सामग्री रखी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। तत्काल प्रभाव से बम



स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और विशेष जांच दल को मौके पर भेजा गया। पूरे कार्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र की गहनता से जांच की गई, लेकिन कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि ईमेल के माध्यम से मिली धमकी की सूचना पर गंभीरता से कार्रवाई की गई। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है और साइबर क्राइम यूनिट द्वारा ईमेल की जांच शुरू कर दी गई है।

# , जल समस्या से जूझ रही है मक्खनपुर के वाशिंदे पंचायत के अधिकारी मौन

**दैनिक समाज जागरण**



फिरोजाबाद कस्बा मक्खनपुर की नगर पंचायत कार्यालय का असली चेहरा, उसे समय देखने को मिला जब नगर पंचायत कार्यालय की लापरवाही तथा मनमानी से शहर की जनता , गर्मी के मौसम को देखते हुए परेशान हो गई सैयद की मजार से लेकर नगला बहादुर तक पूरे रोड पर कहीं भी पानी पीने की व्यवस्था नहीं है कई बार नगर पंचायत को अवगत भी भी कराया गया है कि पीने का पानी व्यवस्था की जाए लेकिन अधिकारियों के कान पर जू तक नहीं रैग रहीं सदर बाजार में मस्जिद के पास नगर पंचायत द्वारा आरो मशीन भी लगायी गयी परंतु वह भी मशीन काम नहीं करती है फिल्टर काम नहीं करते हैं वाटरकूलर ठंडे पानी का लगाया गया था वह भी महीने के बाद ठंडा पानी होना बंद हो गया कई बार नगर पंचायत अधिकारियों और बाबू को बताया गया लेकिन अभी तक ठीक नहीं हुआ बाशिंदे कहते हैं कि सरकार द्वारा लगाया गया लाखों रुपए खर्च करके कमीशन खोरी में चला गया सरकार की योजनाओं को नगर पंचायत के अधिकारी व अध्यक्ष सरकार की छवि खराब कर रहे हैं वाटर कूलर के संबंध में नगर पंचायत गीता देवी अध्यक्ष के पति प्रतिनिधि फोन पर बताते हैं अभी सही कर देंगे कह कर पल्ला झाड़ लेते हैं लेकिन समस्या का हल नहीं हो पाता है नगला तुरकिया अंबेडकर पार्क के पास बनी रोड बैंक ऑफ इंडिया के पीछे से लेकर उमाकांत गुप्ता की दुकान तक जगह-जगह रोड पर पानी भरा हुआ है नालों की सफाई नहीं हुई है कई जगह नाला बंद पड़े हुए हैं कई बार मोहल्ले वालों ने नगर पंचायत में बताया कि सफाई कर दी जाए नालों को खोल दिया जाए जिससे पानी निकासी हो सके नगर पंचायत के अधिकारी अपनी मनमानी करते हैं हर काम के लिए परेशान किया जाता है जिससे सरकार की छवि खराबहो रही हैं अधिकारियों की उदासीनता के कारण गंदगी का साम्राज्य है शहर में मच्छरों तथा अन्य कीटाणुओं से आम जनता परेशान, दवा का छिड़काव नहीं हो रहा है, जगह जगह कूड़ो के ढेर, इस सम्बन्ध में जनता द्वारा कई बार लिखित में कार्यालय को अवगत कराया गया है लेकिन शहर में दवा का छिड़काव नहीं हो रहा है, अधिकारी तथा लिपिकों की मनमानी से जनता परेशान, कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या हेतु कार्यालय आता है तो संतोषजनक जवाब नहीं देते हैं शहर में कभी भी बीमारी फैल सकती है, प्रशासन से जनता अनुरोध करती है कि जनहित में देखते हुए शहर में दवा का छिड़काव किया जाय, जिससे जनता को लाभ मिल सके,

# पुलिस ने हत्या के प्रयास के महिला सहित तीन अभियुक्त पकड़े

**दैनिक समाज जागरण**



फिरोजाबाद। थाना मक्खन पुर पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिसमें एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने सभी को जेल भेजा हैं। थाना मक्खनपुर ने चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर महिला सहित तीन अभियुक्तों को पकड़ा है। पुलिस ने उनके नाम सोहेल उर्फ शोएब पुत्र फहीम उर्फ फईमुद्दीन निवासी नगला गूलरिया सांथी रोड थाना रामगढ़, जावेद पुत्र जाकिर तथा सीमा पत्नी जावेद निवासी दीदामई थाना रामगढ़ हाल निवासी हसमत नगर सीएनजी पम्प के पास थाना रामगढ़ बताए है। उनकी निशानदेही पर एक गमछा, 2 ईंट के टुकड़े व एक टोपी रंग काला बरामद हुई। पुलिस का कहना है महिला से संबंध को लेकर इन लोगो ने रामगढ़ क्षेत्र निवासी अब्दुल्ला को मारपीट का गंभीर रूप से घायल कर दिया था। उसे हलपुरा के समीप छोड़कर भाग गए थे। मामले में अब्दुल्ला के भाई इलियास ने थाना मक्खन पुर में तीनो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

# सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद ! एस आर ज्ञानेश्वरी देवी इंटर कॉलेज, फिरोजाबाद में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एवं एसपी सिटी के दिशा-निर्देशन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक यातायात , विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा अन्य गणमान्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं स्कूल के वाहन चालकों को यातायात नियमों, सड़क संकेतों एवं रोड सेफ्टी के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि कैसे यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। उपस्थित लोगों को न केवल स्वयं जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया, बल्कि उन्हें यह भी समझाया गया कि वे दूसरों को भी इन नियमों के पालन हेतु प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक यातायात राजेश सिंह द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष बल दिया गयाः यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें, गलत दिशा (रॉन्ग साइड) में वाहन न चलाएं, बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें, तीन सवारी कदापि न बैठाएं, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, और सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की तत्काल मदद कर उसे अस्पताल पहुँचाने में सहयोग करें। इसके साथ ही उपस्थित लोगों को यह भी संदेश दिया गया कि समाज में किसी भी घायल व्यक्ति की मदद करना हमारा मानवीय कर्तव्य है। सभी को यह प्रेरणा दी गई कि वे खुद भी सड़क पर सतर्क रहें और दूसरों को भी सतर्क करें, ताकि समाज में सुरक्षित यातायात की संस्कृति विकसित हो सके। कार्यक्रम के अंत में यातायात पुलिस द्वारा यह संदेश दिया गया कि सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। यातायात पुलिस सदैव सेवा और सहायता के लिए तत्पर रहती है और इसी भाव से यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, लखनऊ कैट (केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण) पीठ की स्थापना 1987 में हुई थी, लेकिन इसे अपना कार्यालय भवन 38 वर्षों के बाद अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मिला है

भारतीय संविधान के निमार्ता अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक सुविचारित कदम के तहत, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज शहर के गोमती नगर क्षेत्र में लखनऊ कैट (केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण) भवन का उद्घाटन किया केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में राज्य के सभी केंद्रीय संस्थानों ने बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सार्वजनिक पहुंच भी बढ़ी है, जिसका प्रमाण यह है कि लखनऊ के एक संस्थान का उल्लेख अमिताभ बच्चन के लोकप्रिय शो 'कौन बनेगा करोड़पति' में भी किया गया लखनऊ कैट (केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण) पीठ की स्थापना 1987 में हुई थी, लेकिन इसे अपना कार्यालय भवन 38 वर्षों के बाद अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मिला है। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने दी, जो कैट के प्रशासनिक मंत्रालय डीओपीटी (कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग) के प्रभारी मंत्री भी हैं। भारतीय संविधान के निमार्ता अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक सुविचारित कदम के तहत, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज शहर के गोमती नगर क्षेत्र में लखनऊ कैट (केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण) भवन का उद्घाटन किया। लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) की केंद्रीय निधि से पूरा किया गया, जिसके प्रभारी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह हैं। राजधानी लखनऊ में नया कैट परिसर, प्रशासनिक न्याय प्रणाली के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

इस अवसर डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि अधिकरण 1987 में अपनी स्थापना के बाद से ही किराए के परिसर में काम कर रहा था और यह नई सुविधा केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार के मॉडल के तहत हासिल की गई तीव्र प्रगति को दशार्ती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "यह उद्घाटन इस बात के कई उदाहरणों में से एक है कि हम इस सहयोगी शासन दृष्टिकोण के तहत कितनी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।"

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में NFSU द्वारा आयोजित अखिल भारतीय न्यायालयिक विज्ञान सम्मेलन 2025 को संबोधित किया

मोदी जी के विजन ने देश के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम के परिदृश्य को बदलने का काम किया बॉर्डरलेस हो रहे अपराधों को रोकने के लिए फॉरेंसिक साइंस का उपयोग बहुत जरुरी आने वाले दशक में दुनिया में सबसे अच्छा दोष सिद्धि दर भारत का होगा आरोपी और फरियादी दोनों के साथ अन्याय न हो इसके लिए फॉरेंसिक साइंस को क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम का हिस्सा बनाना जरूरी देशभर में नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी के 7 परिसर बने, 6 महीने में 9 परिसर और बनेंगे फॉरेंसिक साइंस के उपयोग से सभी चुनौतियों का समाधान ढूंढ कर समाज को अपराध रहित बनाने के लिए सरकार प्रयासरत‹NFSU से ट्रेंड मैन पॉवर, अनुसंधान और स्वदेशी टेक्नोलॉजी को बढ़ावा मिल रहा है केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय (NFSU) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय न्यायालयिक विज्ञान सम्मेलन 2025 को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित किया। नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन और आतंकवाद से निपटने में न्यायालयिक विज्ञान की भूमिका विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन, अटॉर्नी जनरल श्री आर वेंकटरमानी, राज्यसभा सांसद एवं बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री मनन कुमार मिश्रा, केन्द्रीय गृह सचिव श्री गोविंद मोहन और ठञ्ञव के कुलपति डॉ. जे. एम. व्यास सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि बाबासाहेब ने भारत के संविधान को अंतिम स्वरूप देने का काम किया। हर विषय पर हजारों घंटों की गहन चर्चा के बाद संविधान को अंतिम रूप देना भागीरथ कार्य था,

लेकिन बाबासाहेब ने देश की जरूरतों को ध्यान में रख कर और अनेक वर्षों तक संविधान की प्रासंगिकता बनाए रखने के विचार के साथ सभी पहलुओं को समाहित कर संविधान की रचना की। श्री शाह ने कहा कि हमारा संविधान महज एक पुस्तक नहीं है। इसमें हर नागरिक के शरीर, संपत्ति और सम्मान की रक्षा की व्यवस्था मौजूद है और इन तीनों की रक्षा के साथ जुड़े क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को पुख्ता करने में अब फॉरेंसिक साइंस अत्यंत उपयोगी भूमिका निभा रहा है।

श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हम न्याय प्रणाली को जन केंद्रित और वैज्ञानिक बनाने के लिए प्रयासरत हैं। इस बात का भी प्रयास जारी है कि न्याय मांगने वाले को समय पर न्याय मिले और न्याय मिलने की संतुष्टि भी हो। इसके माध्यम से सुरक्षित, सक्षम और समर्थ भारत की रचना हमारा उद्देश्य है।

# 21 और 22 अप्रैल 2025 को अरुणाचल प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ का दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) 21-22 अप्रैल 2025 को अरुणाचल प्रदेश के नामसाई में ह्लबुद्ध धम्म और पूर्वोत्तर भारत की संस्कृति विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम में अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पेमा खांडू के शामिल होने की संभावना है। इसी क्षेत्र से आने वाले उपमुख्यमंत्री श्री चौना मीन के भी इसमें भाग लेने की संभावना है। पूर्वोत्तर भारत में अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा शामिल हैं। यह क्षेत्र बौद्ध परंपराओं, मठवासी संस्कृति और विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है। इस क्षेत्र ने थेरवाद, महायान और वज्रयान सहित विभिन्न बौद्ध परंपराओं को संरक्षित किया है और यहां से उनका प्रसार हुआ है। भारत सरकार बौद्ध पर्यटन, विरासत संरक्षण और सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए कई पहलों में सक्रिय रूप से शामिल है, ताकि इस क्षेत्र में बुद्ध धम्म की उपस्थिति को मजबूत किया जा सके। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ "बुद्ध धम्म और पूर्वोत्तर भारत की संस्कृति" के महत्व के संबंध में चर्चा के लिए नामसाई के मल्टीपर्पज कल्चरल हॉल में 2 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इसके पहले दिन तीन पैनल चचाएं होंगी जिनमें इसकी ऐतिहासिक प्रासंगिकता, इस क्षेत्र की कला और संस्कृति तथा पड़ोसी देशों पर बुद्ध धम्म के सांस्कृतिक प्रभाव तथा इसकी विपरीत स्थिति के विषय पर विचार-विमर्श किया जाएगा

# बरेमा कंपोजिट विद्यालय के बच्चो ने निकली स्कूल चलो अभियान रैली

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।।**



हर बच्चे को स्कूल पहुंचाने के लिए सरकार की मंशा को अमल में लाने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास शुरू किया गया है। जिसके तहत लगातार शहरों, नगरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर शत प्रतिशत नामांकन के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को विकास खण्ड सेवापरी के न्याय पंचायत बरेमा में स्कूल चलो अभियान रैली निकाल गयी। रैली को खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय यादव ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली कम्पोजिट विद्यालय बरेमा से रामेश्वर तक गयी। इसमें न्याय पंचायत के सभी स्कूलों के बच्चे व शिक्षक शामिल थे।प्रधानाध्यापक चंद्र भूषण सिंह के मार्गदर्शन में बच्चे अपने हाथों में शिक्षा प्रेरक नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। "मम्मी पापा हमें पढाओ, स्कूल चलकर नाम लिखाओ", "एक भी बच्चा छूट गया, संकल्प हमारा टूट गया",हर घर में एक दीप जलेगा, हर बच्चा स्कूल चलेगा, एक दो तीन चार, साक्षरता की जय-जयकार, लड़का-लड़की एक समान, यही संकल्प यही अभियान, कोई न छूटे अबकी बार, शिक्षा है सबका अधिकार आदि नारे लगाते हुए बच्चे चल रहे थे। रैली के बाद प्राथमिक विद्यालय रामेश्वर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय यादव ने कहा कि शिक्षा का अधिकार बच्चों का मौलिक अधिकार है। इसीलिए आसपास के सभी मजरों, ईंट भट्ठों व मलिन बस्तियों में सर्वे करके यह सुनिश्चित करें कि 6 से 14 आयु वर्ग का एक भी बच्चा नामांकन से वंचित न रह जाय। सरकार की निःशुल्क शिक्षा, मिड डे मील, निःशुल्क पुस्तकें, यूनीफॉर्म, पर्याप्त कमरे, सभी कमरों में बच्चों को बैठने के लिए डेस्क बेंच, पानी पीने के लिए स्वच्छ पानी, स्वच्छ शौचालय, पंखे, स्मार्ट क्लास, प्रोजेक्टर एवं अन्य योजनाओं व सुविधाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया। 'स्कूल चलो अभियान का प्रथम चरण 1 से 15 अप्रैल तक संचालित किया जा रहा है। इसमें नामांकन के साथ-साथ अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। इस मौके पर नोडल शिक्षक संकुल प्रदीप शुक्ल के साथ सुशील कुमार, सन्दीप पटेल,शैलेन्द्र विक्रम,कमलेश पांडेय, रानी,मुकुल मौर्य, सत्येंद्र त्रिपाठी, राहुल सिंह ,चन्द्रसेन सिंह सहित अन्य शिक्षक व बच्चे उपस्थित रहे।

# स्कूटी-ट्रैक्टर में भिंडत स्कूटी सवार की मौत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।।**

जंसा थाना क्षेत्र के परमनंदापुर गांव वाराणसी भदोही मार्ग स्थित एक पेट्रोल पंप के समीप स्कूटी और ट्रैक्टर में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई घटना में स्कूटी सवार युवक की मौके ही मौत हो गई। वही सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जानकारी मिलने पर स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जुट गई मौके पर पहुंचे परिजनों ने हंगामा किया जिसको पुलिस ने समझाकर मामला शांत कराया। बताया जाता कि फैज अहमद उम्र 34 वर्ष पुत्र महमूद अहमद निवासी सजोई अपने किसी निजी काम से जंसा बाजार गया था जहां से वापस घर जाते समय परमनंदापुर गांव के समीप वाराणसी भदोही मार्ग स्थित एक पेट्रोल पंप के पास अकेलवा से जंसा की तरफ जा रही ट्रॉली लगी ट्रैक्टर से आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई जिससे स्कूटी बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने समीप के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां युवक की मौत हो गई। मृतक अहमदाबाद में कपड़े की दुकान पर नौकरी करता था और ईद के त्यौहार पर इधर कुछ दिन पहले घर आया था मृतक चार भाइयों में सबसे बड़ा था वही पांच बहनों की शादी हो चुकी है मृतक की शादी 2 वर्ष पूर्व नगमा बानो के साथ हुई है मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# करणी देवी माता पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले पर होनी चाहिए कडी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग ’

**समाज जागरण ओंकार दानगंज:वाराणसी**



चोलापुर थाने पर जुटे करणी सेना के लोगों ने करणी माता पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने एवं क्षत्रीय समाज के कुल देवी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले पर कड़ी कार्यवाही एवं मुकदमा दर्ज करने की मांग करते हुए तहसील दिवस पर अधिकारी को दिया तहरीर । करणी सेना संगठन के अजगरा विधानसभा अध्यक्ष शशि प्रकाश सिंह समेत संगठन के दर्जनों लोगों ने मंगलवार को चोलापुर थाने पर प्रभारी निरीक्षक चोलापुर राकेश कुमार गौतम से मिलकर , तहरीर देते हुए हरीश मिश्रा उर्फ बनारस वाले मिश्रा जी के ऊपर आरोप लगाया कि क्षत्रीयों की कुलदेवी करणी माता को कुकर्मी कह संबोधित करने ,एवं अभद्र भाषा का प्रयोग कर क्षत्रियों के आस्था को ठेस पहुंचाने एवं भावनाओं को आहत करने के साथ ही संगठन को चुनौती भरी धमकी देने के आरोप में लिखित शिकायती पत्र देते हुए कड़ी कार्यवाही कर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है । वही प्रभारी निरीक्षक चोलापुर राकेश कुमार गौतम ने बताया कि कल करणी सेना के लोग थाने पर आए थे। दिवसाधिकारी को ज्ञापन दिया है। मामले की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टिया मामला सिगरा थाना क्षेत्र का है। फिर भी शिकायती पत्र की जांच की जा रही है। जांच के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी ।

# पुलिस ने 25 हजारी इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**




बाबतपुर,वाराणासी । फूलपुर व बड़ागाँव पुलिस ने संयुक्त रूप से मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर आधा दर्जन से अधिक लूट व चोरी के मुकदमे में 2 वर्षो से फरार चल रहे 25 हजार के इनामी बदमाश छेदी बिंद को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि फूलपुर व बड़ागाँव पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सुरही अंडर पास के पास से धारा 392 में वांछित व बडागांव थाने से 25 हजार के इनामी घोषित अभियुक्त शिवकुमार बिंद पुत्र छेदी बिंद निवासी खरगसेनपुर, थाना केराकत, जौनपुर को गिरफ्तार किया । अभियुक्त नें पूछताछ के दौरान बताया कि वह थाना फूलपुर और थाना बड़ागांव के लूट और चोरी आदि के मुकदमों का वांछित अभियुक्त है । पकड़े जाने की डर से भाग रहा था कि पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ फूलपुर, बड़ागाँव व सारनाथ समेत जौनपुर के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक लूट व चोटी के मुकदमे दर्ज है। पुलिस को 2 वर्ष बाद हत्थे चढ़ा है। गिरफ्तारी करने वाले टीम में उ0नि0 दिनेश कुमार त्रिपाठी , उ0नि0 जितेन्द्र कुमार, उ0नि0 अभिषेक कुमार राय रहे।

# संयुक्त युद्ध अध्ययन केंद्र ने नई दिल्ली में रक्षा साहित्य महोत्सव कलम और कवच 2.0 का आयोजन किया गया

रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ (एचक्यू आईडीएस) के तत्वावधान में संयुक्त युद्ध अध्ययन केंद्र (सीईएनजेओडब्ल्यूएस) ने पेंटागन प्रेस के सहयोग से नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में रक्षा साहित्य महोत्सव ह्यकलम और कवच 2.0 का दूसरी बार सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस वर्ष का विषय ह्यरक्षा सुधारों के माध्यम से देश के उत्थान को सुरक्षित करना था। 15 अप्रैल, 2025 को आयोजित इस कार्यक्रम में रक्षा प्रौद्योगिकी और विशेष रूप से भविष्य के युद्ध पर रक्षा विनिर्माण के संदर्भ में ध्यान केंद्रित किया गया। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के आह्वान के अनुरूप था और इसमें अधिग्रहण और खरीद सुधारों के प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, रणनीतिक नीति निमार्ताओं, उद्योग प्रतिनिधियों और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए एकत्रित हुए। चचाओं में प्रौद्योगिकी और भविष्य के युद्ध; आधुनिक सैन्य अभियानों में आर्टफिशल इन्टेलिजन्स, साइबर प्रौद्योगिकी, क्वांटम कंप्यूटिंग, ड्रोन, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अर्धचालकों की भूमिका; रक्षा विनिर्माण और आत्मनिर्भरता, अधिग्रहण और खरीद सुधार सहित कई अत्याधुनिक विषय शामिल थे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुरक्षा, कूटनीति और विकास के लिए रणनीतिक रोडमैप तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसमें विशिष्ट प्रौद्योगिकियों को अपनाने, भूमि, वायु, समुद्र, साइबर और अंतरिक्ष को शामिल करने के लिए बहु-डोमेन और क्रॉस-डोमेन परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने में हुई प्रगति को भी शामिल किया गया। एजेंडे में समकालीन समुद्री सुरक्षा प्रतिमान, भविष्य की चुनौतियाँ और युद्ध क्षमता को आगे बढ़ाने के लिए भविष्य में प्रयास भी शामिल था। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने वर्ष 2025 को सुधारों का वर्ष घोषित किया है, जो सशस्त्र बलों को तकनीकी रूप से उन्नत, युद्ध के लिए तैयार बल में बदलने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी वर्ष है। यह दृष्टिकोण बहु-क्षेत्रीय, एकीकृत संचालन के लिए राष्ट्र की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है और रक्षा सुधारों के लिए एक मिशन-मोड दृष्टिकोण, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की सुविधा और सार्वजनिक-निजी भागीदारी में सुधार पर जोर देता है।

# राज्यमंत्री ने किया क्रय केंद्र का निरीक्षण, दिए खरीद बढ़ाने का निर्देश

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**



बाबतपुर,वाराणासी । पिंडरा खाद्य व रसद विभाग के राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने मंगलवार को सुबह लखनऊ से वाराणसी आते समय फूलपुर स्थित गेंहू क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण कर किसानों से मिलकर जानकारी ली और सचिव को खरीद बढ़ाने का निर्देश दिए।इस दौरान उन्होंने किसानों को माला पहनाकर स्वागत किया । राज्यमंत्री सुबह 11 बजे गेंहू क्रय केंद्र फूलपुर पहुँचे और वहाँ उपस्थित किसानों से मिलकर गेंहू बेचने के दौरान आने वाली समस्या को पूछा लेकिन किसानों ने क्रय केंद्र की स्थिति को संतोषजनक बताया। राज्यमंत्री ने इस दौरान उपस्थित किसानों को माला पहनाकर कर स्वागत भी किया। इस दौरान किसानों ने जर्जर क्रय केंद्र के भवन को नए सिरे से बनवाने की मांग की। जिसपर उन्होंने अधिकारियों से वर्तमान कर समस्या समाधान काआश्वसन दिया। आधे घंटे तक केंद्र पर रहे राज्यमंत्री ने अब तक की हुई खरीद के बाबत सचिव इंदुप्रताप सिंह से ली। सचिव द्वारा बताया गया है 9 अप्रैल से खरीद शुरू हुई है और 5 किसानों से 198 कुंतल गेंहू की खरीद अब तक हो चुकी हैं। जिसमे अभी किसानों का भुगतान नही हो पाया है। जिसपर राज्यमंत्री ने किसानों से सम्पर्क कर खरीद बढ़ाने व भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान राज्यमंत्री ने किसान जगदीश सिंह, गया पटेल, माहेश्वरी सिंह व ओमप्रकाश सिंह समेत एक दर्जन किसानों को सम्मानित किया। निरीक्षण के दौरान आर एम विपणन सुनील भारती, आर एम पीसीएफ भूपेंद्र कुमार सिंह, एडीओ सहकारिता प्रियंका चौबे समेत अनेक अधिकारी रहे।

# नामांकन वृद्धि के साथ- साथ शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन आवश्यक- बीईओ

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**




बाबतपुर,वाराणासी । नवीन शैक्षिक सत्र में नामांकन वृद्धि के साथ शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाना आवश्यक है, जिससे शैक्षिक लक्ष्यों को निर्धारित समय में पूरा किया जा सके। उक्त बाते खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार मिश्र ने भानपुर की संकुल स्तरीय बैठक में कही। विदित हो कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देश के क्रम में पिंडरा ब्लॉक के सभी चौदह संकुल में एक साथ बैठक आयोजित की गई। प्राथमिक विद्यालय दिनदासपुर में हुई बैठक में उन्होंने शिक्षकों से डोर टू डोर भ्रमण कर नामांकन बढ़ाने पर जोर दे। इसके पहले संकुल शिक्षकों ने बैठक के एजेंडे पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। शिक्षक संकुल बैठक पिंडरा के कम्पोजिट स्कूल समोगरा, फूलपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय थानारामपुर समेत 14 न्यायपंचयतो में हुई। बैठक में मुख्य रूप से नोडल शिक्षक संकुल संतोष कुमार मौर्य, अनिल राजभर, अखिलेश मिश्रा, अरविंद वर्मा, मायाशंकर , सुनील कुमार, संतोष कुमार यादव, विजय प्रताप आर्य,अमित कुमार,संजय वर्मा,शरद कुमार,सीताराम चौधरी समेत न्याय पंचायत के समस्त प्रधानाध्यापक, शिक्षक और शिक्षामित्र उपस्थित रहे। बैठक का संचालन सुरेंद्र प्रताप ने किया।

# भारतीय महिला हॉकी टीम मे पूजा यादव चयन होने पर हुआ स्वागत

**समाज जागरण वाराणसी।।**

नगर पंचायत गंगापुर के भगत वीर मंदिर के पास के टी एग्रोजेनेटिक्स द्वारा हॉकी खिलाड़ी पूजा यादव के पिता महेंद्र यादव व माता कलावती देवी का क्षेत्र वासियों ने किया स्वागत चेयरमैन प्रतिनिधि श्री संतोष सेठ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगापुर अकादमी के अध्यक्ष मोहम्मद हुसैन अंसारी ने किया विशिष्ट अतिथि के रूप में सभासद अरुण केसरी धर्मेंद्र यादव सभासद जयप्रकाश गुप्ता पूर्व सभासद अतिथियों का स्वागत क्षेत्र के सम्मानित समाजसेवी हरिश्चंद्र चौबे डॉ चेतनारायण राजभर अजय कुमार भारती विजय राजभर अमित वर्मा मोहम्मद अंसार अंसारी राहुल सिंह पप्पू यादव अविनाश सिंह जयप्रकाश राजभर ने किया अतिथियों ने पूजा यादव के माता-पिता का अंग वस्त्रम देकर वह माल्यार्पण कर स्वागत किया अतिथियों का सम्मान एकेडमी सचिव अवधेश लाल मौर्य उपसचिव चरन दास गुप्ता सभासद विजय राजभर पूर्व प्रधान ने किया कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कुमार सिंह एडवोकेट पूर्व महामंत्री तहसीलदार राजातालाब वाराणसी ने किया धन्यवाद ज्ञापन अवधेश लाल मौर्य ने दिया इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि संतोष सेठ ने कहा कि गंगापुर हॉकी अकैडमी गंगापुर लगातार 40 वर्षों से प्रयासरत है जिनके अनुशासन की वजह से गंगापुर का ही नहीं पूरे बनारस का नाम पूजा यादव ने रोशन किया अध्यक्ष मोहम्मद हुसैन अंसारी ने कहा कि गंगापुर अकादमी के संस्थापक स्वर्गीय गुलाब प्रसाद मौर्य के सपनों को पूजा यादव ने साकार किया जो भारतीय टीम का हिस्सा बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया मौके पर पूजा यादव के माता-पिता के साथ-साथ उनके बहन भाई वी चाचा बिंदु यादव उपस्थित रहे

# प्रार्थना सभा में मेधावी छात्र व छात्राए हुई पुरस्कृत

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**



बाबतपुर,वाराणासी । संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सोमवार को अम्बेडकर युवा विकास समिति रमईपट्टी,पिण्डरा के तत्वाधान में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विविध विद्यालयों के कक्षा तीन से 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग( कक्षा 3 से 5 ) से अंश कुमार कक्षा 4 ने तृतीय स्थान,जूनियर वर्ग ( कक्षा 6 से 8 ) से शालू पटेल कक्षा 8 ने तृतीय जबकि इसी वर्ष कक्षा 8 से पास होने वाले विद्यार्थी सूर्य प्रकाश यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर साइकिल अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त एक दर्जन बच्चों ने सांत्वना पुरस्कार भी जीते। परीक्षा संयोजक विद्यालय के शिक्षामित्र प्रमोद कुमार द्वारा प्रार्थना सभा में पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरित करते हुए विद्यालय के प्र अ प्रवीण सिंह व स्टेट अवार्डी शिक्षक कमलेश पांडेय ने कहाकि बच्चों की यह सफलता भविष्य में उन्हें प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताओं में अच्छा करने की प्रेरणा देगी।

# पानी की समस्या हुआ दूर ग्रामीणों में खुशी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी**

हर घर जल योजना से जुड़े सेवापुरी ब्लाक के बरेमा गांव के ब्राह्मण बस्ती के दर्जनों घरों में महीने भर से पानी नहीं पहुंच रहा था।इसकी शिकायत



ग्रामीणों ने सी डी ओ वाराणसी हिमांशु नागपाल से किया था।शियाकत पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्या दूर करने के लिए सीडीओ द्वारा प्रेरित किया गया। इसका संज्ञान उ० प्र० जल निगम ( ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता जी. के. चौधरी, एल. एंड टी के परियोजना प्रबंधक मो. शमशेर आलम एवं आनन्द कुशवाहा प्लानिंग इंजीनियर एवं संबंधित इंजीनियर द्वारा लगातार प्रयास कर समस्या को दूर कर लिया गया।उन्होंने ने बताया पाईप लाईन की लूप नहीं बन पाने के कारण पानी अंतिम टोक तक नहीं पहुंच पा रहा था।नई पाइप लाइन बिछा कर लूप बनाया गया जिससे पानी अब अंतिम टोक तक पहुंचने लगा।तो ग्रामीणों ने बताया गर्मी में अपनी मिलना प्रारंभ हो गया जिससे हम सभी को काफी राहत मिलेगी।

# नाविका सागर परिक्रमा द्वितीय अभियान के अंतिम चरण में आईएनएसवी तारिणी केप टाउन से गोवा रवाना

भारतीय नौसेना की महिला अधिकारियों द्वारा संचालित वैश्विक नौ-परिक्रमा- आईएसएनवी तारिणी नाविका सागर परिक्रमा द्वितीय अभियान अंतिम चरण में गोवा की वापसी यात्रा के लिए 15 अप्रैल, 2025 को स्थानीय समयानुसार सुबह 10:30 बजे (भारतीय समयानुसार दोपहर 1:00 बजे) रॉयल केप यॉट क्लब से समारोहपूर्वक रवाना किया गया। केप टाउन में आयोजित विदाई समारोह में भारत के कार्यवाहक महावाणिज्य दूत, दक्षिण अफ्रीका में भारत के रक्षा अटैशे, आरसीवाईसी गवर्निंग काउंसिल के सदस्य और केप टाउन में भारतीय समुदाय के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# थाई किक बॉक्सिंग विश्वकप में रजत पदक विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

*दोनों खिलाड़ियों को महाविद्यालय ने लिया गोद, खर्च उठाएगा महाविद्यालय।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। सरस्वती उच्च शिक्षा एवं तकनीकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय गहनी, आयर के सभागार में मंगलवार को सम्मान समारोह में थाईलैंड में आयोजित प्रथम थाई किक बॉक्सिंग विश्व कप प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर महाविद्यालय की छात्रा अंजली कुमारी और पूजा पटेल



को उप-प्रबंधक नवीन कुमार सिंह और प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार सिंह ने अंगवस्त्रम, पुष्प गुच्छ और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उप प्रबन्धक नवीन कुमार सिंह ने कहा कि खेल से जुड़े सभी खिलाड़ी जीवन में एक बार विश्वकप जैसी प्रतियोगिता में भाग लेने का सपना देखते हैं क्योंकि यह किसी भी खिलाड़ी के लिए सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि होती है। श्री सिंह ने दोनों खिलाड़ियों को गोद लेने की घोषणा कर कहा कि दोनों खिलाड़ियों के आगे का खर्च महाविद्यालय वहन करेगा। प्राचार्य डॉ0संतोष कुमार सिंह ने दोनों खिलाडियों को बधाई देते हुए कहा कि ये खिलाड़ी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा का काम करेगी और उनको भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगी' महाविद्यालय की छात्रा अमीषा पटेल, प्रीति यादव, आस्था यादव, आँचल पटेल, रोली यादव, विशालाक्षी आदि ने दोनों खिलाडियों का स्वागत किया। डॉ. ज्ञांती सिंह, डॉ. कुसुम लता, डॉ. पुष्पा मिश्रा, डॉ. आराधना देवी, सुश्री सुधा यादव, डॉ. तृप्ति सिंह ने सम्मानित किया। पूजा पटेल के भाई किशन पटेल, श्याम सुन्दर पटेल और जयप्रकाश पटेल को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरभि श्रीवास्तव ने किया।

# विवाहिता ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने पर ससुरालियों पर दर्ज कराया मुकदमा

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणासी । पिंडरा विवाहिता ने दहेज के लिए प्रताड़ित करके घर से निकाले जाने पर पीड़िता ने पुलिस पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया । पुलिस को दिए तहरीर में फूलपुर थाना क्षेत्र के घमहापुर चंदूपुर निवासी अशोक पटेल की पुत्री सबिता देवी ने आरोप लगाया है कि उसकी शादी खानपट्टी, पुआरीकलाँ, बड़ागाँव, निवासी पारसनाथ के पुत्र भरत पटेल के साथ विवाह हुआ है। शादी के 3 दिन बाद ही उसे दहेज के लिए प्रताडित किया जाने लगा। जबकि उसके पिता ने सामर्थ के अनुसार दान दहेज दिया था । किन्तु अब 5 लाख रुपए की मांग की जाने लगी। इससे तंग व परेशान होकर सविता देवी पुलिस कमिश्नर वाराणसी के यहाँ गुहार लगाई जिस पर दोनो पक्ष को बुलाया गया लेकिन बात नहीं बनी ससुराल वाले दहेज के लिए अड़े रहे । सविता देवी के तहरीर पर फूलपुर पुलिस ने सास, श्वसुर, पति, जेठ, जेठानी व ननद के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज की।

# छोटे बच्चों ने केक मंगाकर मनाया अंबेडकर जयंती

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणासी । क्षेत्र के सगुनहां गांव में छोटे-छोटे बच्चों ने अपने गुल्लक तोड़कर 11 किलो केक मंगा कर संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर का जयंती धूमधाम से मनाया। बच्चों के उत्साह को देखते हुए



गांव की महिलाएं मौके पर पहुंचकर मंगल गीत गए वह केक काटकर पूरे गांव में केक का वितरण किया गया। इस मौके पर गांव के गार्जियन स्वरूप हीरालाल भारती ने छोटे बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए अंबेडकर के सम्मान में एक गीत भी गाए। इस मौके पर छोटे बच्चों में लकी भारती, विक्की भारती, वकील, श्यामसुंदर, मिंटू, पिंटू ,राम सुंदर, रोहित ,टोनू ,मोनू सहित गांव के बच्चे मौजूद रहे।

# एनसीएससी ने नई दिल्ली में डॉ. बी.आर. अंबेडकर जयंती 2025 मनाया, जिसका विषय है-'भारतीय संविधान की 75 वर्षों की यात्रा'

युवाओं को बाबासाहेब के आदर्शों को आत्मसात कर एक समावेशी और प्रगतिशील भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिएः डॉ. वीरेंद्र कुमार

सच्चा राष्ट्र निर्माण तभी संभव है जब प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, अवसर और सम्मान मिलेः श्री अर्जुन राम मेघवाल राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) ने आज नई दिल्ली में भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर की 135वीं जयंती पर आयोजित समारोह में उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय था - 'भारतीय संविधान की 75 वर्षों की यात्रा'। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा संसदीय कार्य एवं विधि एवं न्याय राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मंच पर उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में एनसीएससी के अध्यक्ष श्री किशोर मकवाना, आयोग के सदस्य श्री लव कुश कुमार और श्री वड्डापल्ली रामचंदर शामिल थे। अपने मुख्य भाषण में डॉ. वीरेंद्र कुमार ने भारतीय संविधान के मुख्य निमार्ता होने के नाते समुदाय के कल्याण के लिए बाबासाहेब अंबेडकर के कई योगदानों के बारे में बताया। वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए सामाजिक समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मंत्रों को विस्तार से दोहराया गया। उन्होंने डॉ. अंबेडकर द्वारा झेले गए अपार व्यक्तिगत कष्टों और सामाजिक अपमान पर विचार किया, जिसने सभी के लिए न्याय, सम्मान और समानता के लिए लड़ने के उनके संकल्प को और मजबूत किया। मंत्री ने युवाओं से बाबासाहेब के आदर्शों को आत्मसात करने और एक समावेशी और प्रगतिशील भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। भारतीय संविधान की 75 साल की यात्रा के उपलक्ष्य में एनसीएससी द्वारा इस तरह के बड़े पैमाने पर आयोजित पहले समारोह की मंत्री ने सराहना की। श्री अर्जुन राम मेघवाल ने भारतीय संविधान के निमार्ता के रूप में डॉ. अंबेडकर की भूमिका की सराहना की और जीवन के सभी क्षेत्रों में अनुसूचित जातियों के लिए कानूनी सशक्तिकरण और प्रतिनिधित्व के महत्व पर जोर दिया। देश के युवाओं को प्रेरित करने के लिए मंत्री ने डॉ. बी. आर. अंबेडकर के जीवन से मिली पीड़ा और सीख को बताया। उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि समानता डॉ. अंबेडकर के दृष्टिकोण की आधारशिला थी और सच्चा राष्ट्र निर्माण तभी संभव है जब प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, अवसर और सम्मान मिले। सभा को संबोधित करते हुए, अध्यक्ष (एनसीएससी) ने हाशिए पर पड़े समुदायों के बीच शिक्षा, आत्म-सम्मान और चरित्र निर्माण में डॉ. अंबेडकर के स्थायी योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने अनुसूचित जातियों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने और नीति निर्माण, जागरूकता और सक्रिय निगरानी के माध्यम से उनके समग्र विकास को सुनिश्चित करने के एनसीएससी के संकल्प की पुष्टि की। सदस्य (एनसीएससी) श्री लव कुश कुमार ने न्यायपूर्ण और समतामूलक समाज की नींव रखने में डॉ. अंबेडकर द्वारा निभाई गई क्रांतिकारी भूमिका पर जोर दिया। सदस्य श्री वड्डापल्ली रामचंदर ने जाति-आधारित भेदभाव के खिलाफ डॉ. अंबेडकर के अथक संघर्ष और संविधान में सामाजिक न्याय को स्थापित करने के उनके प्रयासों पर विचार किया। इससे पहले अपने स्वागत भाषण में सचिव (एनसीएससी) श्री जी. श्रीनिवास ने शिकायतों के निपटान, पारदर्शिता और याचिकाकताओं को निरंतर प्रतिक्रिया/अद्यतन में सुधार के लिए वर्तमान आयोग के प्रयासों पर संक्षेप में प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 338 के तहत सौंपी गई प्रमुख जिम्मेदारियों के तहत एनसीएससी एससी समुदायों तक पहुंचने के लिए विभिन्न कदम उठा रहा है।

# समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों को न्याय दिलाने में बाबा साहेब का बड़ा योगदान है

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। 15 अप्रैल 2025 डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र द्वारा भारत रत्न डा बी आर अम्बेडकर की 134 वी जयंती डी बी ए सभागार में अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में बाबासाहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर धूमधाम से मनाई गई !अथिति के तौर प्रसिद्ध अंबेडकरवादी नेता जगन्नाथ कुशवाहा रहे !

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जगजीवन सिंह एड ने कहा कि अपने देश को सामाजिक एवं आर्थिक न्याय और प्रतिष्ठा एवं अवसर की समानता के सिद्धांतों पर विकसित करना ही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आगे कहा कि एक अर्थशास्त्री और मानवाधिकारों एवं महिला सशक्तिकरण के प्रबल समर्थक डॉ. अम्बेडकर को हमारे देश के अग्रणी राष्ट्र निमार्ता के रूप में जाना जाता है, सद्भाव को बढ़ावा देने में योगदान दिया और जाति व्यवस्था की बुराइयों को मिटाने का प्रयास किया।

डिस्ट्रीक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के पूर्व अध्यक्ष श्यामबिहारी यादव एडवोकेट ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर एक राजनीतिज्ञ, दार्शनिक, अर्थशास्त्री और समाज सुधारक थे ! जो कमजोर लोगों के अधिकारों के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे. उन्होंने जाति व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाई और दलित समुदाय के अधिकारों के लिए संघर्ष किया ! बाबा साहब शिक्षा के जरिए समाज के दबे, शोषित, कमजोर, मजदूर और महिला वर्ग को सशक्त बनाना चाहते थे और उनको समाज में एक बेहतर दर्जा दिलाना चाहते थे !

जयंती का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने किया ! इस अवसर पर रणजीत सिंह, निर्मलेंद्रु श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश कुशवाहा, राजेश यादव, वी पी सिंह, सुरेश कुशवाहा, राजेश मौर्य, राकेश सिंह, आकृति निर्भया, मोहम्मद याकूब, लाल बहादुर पाल, कामता प्रसाद यादव अभिषेक सिंह, शांति वर्मा, दसरथ यादव, सरस्वती देवी आदि अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

# मिशनशक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

**दैनिक समाज जागरण।**

सोनभद्र। शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति (फेज-05) अभियान के तहत अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियों स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देश के क्रम में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूलों/कॉलेजों, मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया । साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें जिससे समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

# पत्रकार पत्नी पर जानलेवा हमला, एफआईआर दर्ज

- धारा 115 (2), 352, 333 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज।
- घर में घुसकर हमला, जान माल की धमकी।
- 9 अप्रैल एवं 12 अप्रैल को घटना को अपराधियों ने दिया अंजाम।
- अपराधियों के हौसले बुलंद, संगीन घटना की संभावना।
- घर का विवाद न्यायालय में विचाराधीन।

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में मकान का मुकदमा विचाराधीन होने के बावजूद हौसला बुलंद अपराधियों द्वारा घर में घुसकर पत्रकार पत्नी प्रतिभा देवी पर जानलेवा हमला कर दुकान का तहस-नहस करके लाखों रुपए की क्षति पहुंचाकर महिला को घायल कर दिया। स्थानिक पुलिस द्वारा घायल महिला का मेडिकल मुआयना कराकर अपराधियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

घटना दिनांक 9 अप्रैल की रात 8:00 की है वरिष्ठ पत्रकार दीपक कुमार केसरवानी की पत्नी दुकान/कार्यालय पर बैठी हुई थी कुछ देर पूर्व वरिष्ठ पत्रकार को सड़क पर जान- माल की धमकी, गाली-गलौज करके प्रार्थिनी के देवर ओमकार केसरी पुत्र गुलाब प्रसाद केसरी, अनुराधा केसरी पत्नी ओमकार केसरी निवासी उत्तर मोहाल रॉबर्ट्सगंज घर के पिछले हिस्से का दरवाजा तोड़कर घर में घुस गए और गाली गलौज देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया और दुकान तहस-नहस कर लाखों रुपए की क्षति पहुंचाया।

कोर्ट में विचाराधीन मुकदमे की तारीख 16 अप्रैल के पूर्व विपक्षी गणों द्वारा पुनः 12 अप्रैल को शाम 4:00 बजे पूर्व घायल महिला के घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए हमला कर घायल कर दिया, जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। घायल अवस्था में ही प्रार्थिनी ने एसपी सोनभद्र को घटना की सूचना मोबाइल के माध्यम से दिया, पुलिस की सहायता से घायल महिला का उपचार मेडिकल कॉलेज सोनभद्र में कराया गया। तत्पश्चात हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया।

# सिविल बार संगठन चुनाव में, अध्यक्ष पद पर प्रभु सिंह विजई, सचिव पद पर महेंद्र कुमार जायसवाल

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**





दुद्धी/ सोनभद्र। सिविल बार एसोसिएशन का चुनाव गहमा के गहमी बीच मंगलवार को संपन्न हुआ। 123 मतदाताओं के सापेक्ष मात्र 80 सदस्यों ने अपने मत का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद हेतु तीन प्रत्याशी प्रभु सिंह कुशवाहा एडवोकेट, शिव शंकर प्रसाद गुप्ता एडवोकेट व प्रदीप कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट चुनावी मैदान में थे। जिसमें मतगणना उपरांत अध्यक्ष पद पर प्रभु सिंह एडवोकेट ने 30 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी शिव शंकर प्रसाद गुप्ता एडवोकेट को 4 मतों से परास्त कर अध्यक्ष पद पर विजय हासिल की। शिव शंकर प्रसाद गुप्ता एडवोकेट को 26 मत प्राप्त हुए। जबकि प्रदीप कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट कों 24 मत प्राप्त हुए और तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। सचिव पद पर महेंद्र कुमार जायसवाल ने 37 मत प्राप्त कर विजयी हुए महेंद्र कुमार जायसवाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रामेश्वर प्रसाद राव एडवोकेट कों 10 मतों से परास्त कर विजय हासिल की। रामेश्वर प्रसाद राव एडवोकेट को 27 मत प्राप्त हुए। जबकि तीसरे स्थान पर जवाहरलाल अग्रहरी एडवोकेट 15 वोट पाकर संतोष करना पड़ा। कुल 80 मत पड़े। प्रातः 10:00 बजे से 3:00 बजें दोपहर तक चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ। शाम 4:00 बजे मतों की गिनती एल्डर कमेटी चेयरमैन नागेंद्र नाथ श्रीवास्तव एडवोकेट, रामेश्वर प्रसाद तिवारी एडवोकेट, छोटेलाल गुप्ता एडवोकेट, संतोष कुमार अग्रहरी एडवोकेट व प्रहलाद पांडेय एडवोकेट पांच सदस्यी निर्वाचन कमेटी द्वारा प्रत्याशियों की उपस्थिति में मतगणना शुरू हुई। जिसमें अध्यक्ष पद पर सर्वाधिक 30 मत पाकर प्रभु सिंह एडवोकेट विजयी हुए। जिन्हें समर्थकों द्वारा फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। वहीं सचिव पद पर महेंद्र कुमार जायसवाल एडवोकेट 37 मत पाकर विजयी हुए। समर्थकों ने फूल माला पहनाकर विजयी प्रत्याशीयों का स्वागत किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता रामलोचन तिवारी एडवोकेट, नंदलाल अग्रहरि एडवोकेट, प्रेमचंद यादव एडवोकेट, इंद्रेश सिंह एडवोकेट, सत्यनारायण यादव एडवोकेट, आशीष कुमार गुप्ता एडवोकेट, रामजी पांडे एडवोकेट, राहुल कुमार अग्रहरी एडवोकेट,रमेश कुमार सिंह एडवोकेट आदि अधिवक्ता गण मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के पल पल की निगरानी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दुद्धी मनोज सिंह व उपनिरीक्षक संग पुलिस पीएसी के जवान भारी संख्या में मौजूद रहे।

# बाबासाहेब अंबेडकर जयंती प्रेरणा और संकल्प के रूप में मनाई गई

**दैनिक समाज जागरण, महेन्द्र प्रजापत बहल**

भिवानी। भिवानी सदाचारी शिक्षा समिति एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में हनुमान ढाणी स्थित विवेकानंद हाई स्कूल के सभागार में संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती प्रेरणा एवं संकल्प के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत बाबासाहेब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों को जल एवं पर्यावरण संरक्षण, नशा जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया। समारोह में हिट एंड रन कानून तथा सड़क सुरक्षा अभियान की भी जानकारी दी गई, जिससे छात्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ सके। कार्यक्रम में समाजसेवी विजेंद्र सिंह यादव (झज्जर) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि शिवानी से शिक्षाविद अनिल सैनी ने विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की संचालिका सावित्री यादव ने की। कार्यक्रम में सावित्री यादव एवं शिक्षाविद विजेंद्र सिंह यादव ने बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रेरणाप्रद विचार साझा किए।

# निकली कलश यात्रा, कलश स्थापना के साथ विराट रुद्र महायज्ञ शुरु

- रथ पर शिव, पार्वती, दुर्गा माँ की झांकी, साधु संतों की शंख ध्वनि, डमरू वादन रहा आकर्षक
- विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण
- शिव शक्ति महिला मंडल एवं भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट ने किया आयोजन
- रामगढ़ कसारी स्थित भिखारी बाबा आश्रम परिसर में चल रहा कार्यक्रम



सोनभद्र। रामगढ़ कसारी स्थित भिखारी बाबा आश्रम परिसर से मंगलवार को 21 की संख्या में महिलाओं एवं कुंवारी कन्याओं द्वारा कलश, नारियल के साथ कलश यात्रा निकाली गई, जो शीतला माता घाट तालाब से कलश में जल भरकर यज्ञ मंडप में लाया गया, जहां कलश स्थापना के साथ ही नौ दिवसीय विराट रुद्र महायज्ञ शुरू हो गई। जिसका समापन 23 अप्रैल को 21 कन्याओं की शादी के साथ होगा। रथ पर शिव, पार्वती व दुर्गा मां की निकाली गई झांकी, साधु संतों की शंख ध्वनि, डमरू वादन आकर्षक रहा। हर हर महादेव के जयकारे से समूचा स्थल गुंजायमान रहा। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारे में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम के आयोजक/ संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि भिखारी बाबा आश्रम परिसर में नौ दिवसीय विराट रुद्र महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मंगलवार को 21 महिलाओं एवं कुंवारी कन्याओं द्वारा कलश, नारियल के साथ कलश यात्रा निकाली गई, जो शीतला माता घाट तालाब पहुंची, जहां से कलश में जल भरकर यज्ञ मंडप में लाया गया। जहां कलश स्थापना के साथ ही विराट रूद्र महायज्ञ शुरू हो गई। यज्ञ मंडप की परिक्रमा भी की गई। यज्ञाचार्य राजेश तिवारी, आचार्य योगेश तिवारी, आचार्य ग्रिश पाठक के जरिए विराट रुद्र महायज्ञ कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। विराट रुद्र महायज्ञ के यजमान परमानंद मौर्या व उनकी धर्मपत्नी भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट की उपाध्यक्ष चिंता मौर्या हैं। इस मौके पर राजकुमार गुप्ता, ऊषा गुप्ता, किरन मोदनवाल, करुणा सिंह, इंद्रपाल चौबे, कलावती चौबे, रीता गुप्ता, गणेश, मुन्नी देवी, रामखेलावन, रामवृक्ष, प्रहलाद, सत्यनारायण, मुन्ना, डॉक्टर विजय, उर्मिला देवी, लक्ष्मी, नंद जी, रामसनेही, शालिग्राम साहू, सविता देवी, दीनदयाल केसरी, जगवंती देवी,लुसी देवी, श्रीराम, सीता अग्रवाल, कालो देवी, विमला देवी, हीरा सिंह आदि लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर पन्नूगंज पुलिस की निगरानी रही।

# तेज रफ्तार ट्रक ने खड़े शख़्स को मारी टक्कर, युवक की हुई दर्दनाक मौत।

**ऊर्जांचल संवाददाता मु० हफीज फुलील/ दैनिक समाज जागरण**

रेणुकूट/ सोनभद्र। पिपरी थाना क्षेत्र के रेणुकूट मुख्य बाजार में मंगलवार की सुबह हुई दुःखद सड़क दुर्घटना ने एक शख़्स की और जान ले ली। स्थानीय लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि प्रशासन की उदासीनता की वजह से नगर में आए दिन हो रहे हादसों में कई लोगों की मौत हो चुकी है। बता दे कि नगर निवासी हरदेव सिंह पुत्र सुरजीत सिंह नगर में ही रहकर हिंडाल्को के सुरक्षा विभाग में कार्य करते थे, वह मूल रूप से आसनसोल पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे। मंगलवार की सुबह वह अपने घर से निकलकर मुख्य मार्ग पर किसी कार्य से आए हुए थे और मुख्य मार्ग के ही किनारे खड़े होकर किसी से बात कर रहे थे। इसी बीच मुख्य मार्ग के बीचो-बीच नगर पंचायत का ट्रैक्टर खड़ा था, जिस पर कूड़ा उठाया जा रहा था, ट्रैक्टर के खड़ा होने से शक्तिनगर की ओर जाने वाले वाहन सड़क के एकदम किनारे से निकल रही थी। इस दौरान तेज गति से आ रही एक ट्रक ने वहीं खड़े स्कूटर को टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी भयावक थी कि हरदेव सिंह भी सड़क पर गिर गए और ट्रक का पहिया उन पर चढ़ गया। जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस दौरान सड़क पर गिरी स्कूटर कुछ दूर तक ट्रक में फंसकर घिसटते हुए आगे कुछ दूर तक चली गई। दुर्घटना के बाद भाग रहे ट्रक को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया और उसे पुलिस चौकी पर खड़ा कर दिया। दुर्घटना की सूचना पर टीम निशा बबलू सिंह के सदस्य विजय प्रताप सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे और हादसे की सूचना पुलिस को दी। वही सूचना पर तत्काल पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक नागेश सिंह और चौकी प्रभारी राजेश चौबे ने भी दुर्घटना के कारणों की जानकारी ली। मृतक को समाजसेवी विजय प्रताप सिंह अपने वाहन से हिंडालको अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक नागेश सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर हिंडाल्को अस्पताल स्थित मोर्चरी में रखवा दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# जनसुनवाई समाधान पोर्टल पर जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु कार्यशाला आयोजित

**विनोद कुमार सिंह/ दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हेतु तहसीलदार व जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ही अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के उपस्थिति में कार्यशाला का आयोजन किया गया, इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि जनता दर्शन, तहसील दिवस, आई0जी0आर0एस0, थाना समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाये, जिससे कि जन मानस की समस्याओं का ससमय निस्तारण हो सकें। उन्होंने कहा कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायातों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी स्थल पर जाकर शिकायतकर्ता का फीडबैक प्राप्त करते हुए शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें, निस्तारण के दौरान स्थल पर कार्यवाही सम्बन्धी जी0पी0एस0 फोटोग्राफ्स अपलोड करना सुनिश्चित करें। सम्बन्धित अधिकारी प्रतिदिन आई0जी0आर0एस0 पोर्टल को लागिन करते हुए प्राप्त होने वाली शिकायतों का फीडबैक भी प्राप्त करते रहें और प्राप्त शिकायतों का निस्तारण भी ससमय कराना सुनिश्चित करें।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी, हेमन्त कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, सुधांशु शेखर शर्मा सहित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# राज्य मंत्री ने बंद पड़े सौर ऊर्जा एक्सरे व हिट-वे रूम का फीता काटकर किया शुभारम्भ।

## जल्द ही लोगों का अस्पताल में फ्री होगा एक्सरे।

**शिव प्रताप सिंह/ दैनिक समाज जागरण।**



अनपरा/ सोनभद्र। ऊर्जांचल प्रेस क्लब के अनुरोध पर एस एस पी एस के द्वारा संयुक्त चिकित्सालय, अनपरा में छह महीने से बंद पड़े 20 वॉट के सोलर पैनल व 110 बैटरी के मरमत हिट बे रूम व हाल में कुलर स्टील चेयर, डिजिटल बी पी मशीन, वेट मशीन के साथ बंद पड़े एक्सरे मशीन के सामग्री उपलब्ध कराने के बाद फ्री में गरीबों का एक्सरे की सुविधा डिबुलगंज के अस्पताल में मिलने लगेगा। मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री संजीव सिंह गौड ने डिबुलगंज अस्पताल पहुंचकर विधिवत पूजन व नारियल तोड़कर सौर ऊर्जा, इन्वर्टर को बटन दबाकर उद्घाटन किया। इसके बाद हिट वेट रूम में बेड रूम एवं एक्सरे मशीन को फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने बताया लाइफ लाइन इस अस्पताल का कायाकल्प किया जाएगा। उन्होंने सीएमओ को बुधवार को पूरी जानकारी व व्यवस्था के बारे में उन्होंने जानकारी मांगी है। मंत्री ने पत्रकारों के प्रयास की सराहना करते हुए एस एस पी एस के द्वारा दिए गए सहयोग की प्रशंसा की और कहा और भी जरूरत के सामान दीजिए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व क्षत्रिय समाज के प्रदेश महामंत्री शेषनाथ सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता बालकेश्वर उर्फ बांके सिंह, समाजसेवी मधुसूदन सिंह, भाजपा जिला कार्यकारिणी के सदस्य प्रमोद शुक्ला, सत्य प्रकाश सिंह, कुंदन सिंह, ऋतुराज मौर्य, कृष्णा सिंह, अजय पाठक, एस एस पी एस के सत्यम रेडी, वेंकटेश रेडी, उमेश सिंह, रोशन शर्मा, गजेंद्र गुप्ता, अशोक गोयल, अरमान खान, सुमित सिंह, चिकित्साधिकारी रवि सिंह, डाक्टर अनुराग गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि विष्णु वैश्य, सफाई नायक राजेश मौर्य मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार आर पी सिंह ने किया।

# जिला क्रीड़ा समिति की बैठक संपन्न।

**शिव प्रताप सिंह/ दैनिक समाज जागरण।**

सोनभद्र। माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित होने वाली क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए शिक्षा सत्र शुरू होते ही खेल कूद की प्रतियोगिता कराने हेतु जिला क्रीड़ा समिति की बैठक मंगलवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में दोपहर 12 बजे प्रारंभ हुई। बैठक की अध्यक्षता डा0 बृजेश सिंह प्रधानाचार्य आर एस एम कॉलेज ने की। बैठक में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता एकल एवं एथलेटिक्स के लिए स्थान एवं प्रतियोगिता के नाम पर विचार विमर्श किया गया।जिला क्रीड़ा सचिव सुनील राव ने बताया कि मंडलीय क्रीड़ा समिति की बैठक 16 अप्रैल को जे डी कार्यालय मिजार्पुर में होने वाली है। इसके पूर्व जनपद की बैठक जनपदीय क्रीड़ा समिति के सदस्य गणों के साथ विचार विमर्श के लिए आयोजित की गई है।बैठक में एकल प्रतियोगिताओं कबड्डी, खोखो, वालीबाल, फुटबॉल, क्रिकेट, तैराकी, कुश्ती, बास्केटबाल आदि को कराने के लिए विद्यालयों का चयन किया गया है। इस मौके पर जिला क्रीड़ा समिति के वरिष्ठ सदस्य डा0 बृजेश सिंह प्रधानाचार्य आर एस एम इंटर कॉलेज राबर्ट्सगंज, उमाकांत मिश्र प्रधानाचार्य हंस वाहिनी इंटर कॉलेज कसया, सुनील राव जिला क्रीड़ा सचिव, शोएब खान खेल कूद बाबू, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के साथ समिति के सदस्य खेल शिक्षक सोनी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ओबरा, रोहित यादव राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिनगर, उमेश चंद यादव राजकीय इंटर कॉलेज पिपरी उपस्थित रहे।



# दस्तक अभियान के प्रति महिलाओं को किया गया जागरूक- गीता मिश्रा

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। शाहगंज में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की सार्थकता के प्रति ग्रामीण महिलाओं को बैठक के माध्यम से जागरूक किया गया इस दौरान शाहगंज की आशा गीता मिश्रा ने कहा कि बदलते हुए मौसम के दौरान उचित खान-पान, साफ- सफाई एवं रात्रि में मच्छरदानी का प्रयोग खाने से पहले एवं शौच के बाद अपने हाथों को बेहतर तरीके से साफ करने की विधि विस्तार पूर्वक बताया गया इस दौरान घर में किसी भी प्रकार की समस्या से ग्रसित होने पर तुरंत सरकारी अस्पताल पर जाकर डॉक्टर की उचित सलाह लें विशेष परिस्थितियों में अपने गांव की एएनएम और आशा दीदी से संपर्क करें, सरकार द्वारा जारी दिशा निदेर्शों के अंतर्गत शत- प्रतिशत सत्र टीकाकरण, 70 वर्ष के लोगों का आयुष्मान कार्ड, एवं गर्भवती महिलाओं का समय-समय पर जांच सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क किया जाता है। इस दौरान रूबी, अफसरी, सोनी बेगम, कशिश फिरदौस, उर्मिला, अनीता, प्रमिला उपस्थिति रही।

# पुलिस अधीक्षक, द्वारा प्रतिदिन की भांति जनता एवं फरियादियों की सुनी गई समस्याएं।

**दैनिक समाज जागरण।**

सोनभद्र। प्रतिदिन की भांति की जा रही जनसुनवाई के क्रम में आज दिनांक-15.04.2025 को अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

# शिल्पी कुराड़ी पुल के शुभारंभ से पूर्व अखंड हरिकीर्तन के साथ भव्य भण्डारे का हुआ आयोजन

## स्थानीय लगभग 2 हजार लोगों ने भंडारे में प्रसाद किया ग्रहण

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। जुगैल थाना क्षेत्र के कुड़ारी स्थित बहुप्रतीक्षित सेतु सोननदी शिल्पी कुराड़ी पुल के पूर्ण होकर शुभारंभ से पूर्व अखंड हरिकीर्तन के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। पुल के शुभारंभ से पूर्व क्षेत्र के लोगो को बहुत ही सुविधाजनक आवागमन के साथ आर्थिक विकास में वृद्धि होना व घोरावल, मिजार्पुर की कनेक्टिविटी बनने में सुविधा होना बताया गया। भव्य भंडारे का अवसर पर राज्यसभा सांसद रामशकल, परियोजना प्रबंधक सेतु निर्माण इकाई मिजार्पुर रविशंकर उपाध्याय, सहायक अभियंता रियाज अहमद आदि उपस्थित रहे। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा पुल के शुभारंभ किये जाने की संभावना है

# फाइलेरिया संचरण प्रक्रिया पर आयोजित हुआ प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

- कुल 13 जनपदों में होगा ट्रांसमिशन असेस्मेंट सर्वे (टास)

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

लखनऊ। प्रदेश के 13 जनपदों में अगले महीने में फाइलेरिया का संचरण जानने के लिए ट्रांसमिशन असेस्मेंट सर्वे (टास) होगा । इसी को लेकर जनपद के होटल में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान और संस्था सी-कैंप के सहयोग से प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक, संचारी रोग डॉ. मधु गैरोला ने कहा कि सरकार ने साल 2027 फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य रखा है । इसको लेकर हम सभी को एकजुट होकर प्रयास करना है जिससे कि तयशुदा समय पर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके । अपर निदेशक मलेरिया, डॉ. ए.के. चौधरी ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया कि टॉस गतिविधि से फाइलेरिया रोग का संचरण देखा जाता है । प्रदेश के 13 जनपदों में पहली बार टास होगा । इनमें प्री टास हो चुका है । पहली बार टास में जांच देश में बनी एंटीजन किट क्यू-फैट (फाइलेरिया एंटीजन टेस्ट) किट से की जाएगी जबकि अब तक यह जांच एफटीएस (फाइलेरिया टेस्टिंग सैंपल ) किट से की जाती थी जो कि बाहर से मंगानी पड़ती थी और इनकी लागत भी अधिक थी । इसमें गेट्स फाउंडेशन सहयोग कर रहा है ।

डॉ. चौधरी ने बताया कि समुदाय में छह से सात साल के बच्चों में और स्कूलों में कक्षा एक और दो के बच्चों में टास किया जाएगा । बच्चों में टास किए जाने का उद्देश्य है कि इससे यह पता चलता है कि फाइलेरिया का नया संक्रमण हो रहा है या नहीं । डॉ. चौधरी ने बताया कि टास 13 जनपदों के 71 मूल्यांकन इकाइयों में चलेगा और एक मूल्यांकन इकाई पांच लाख की आबादी को आच्छादित करेगी । छह सदस्यीय टीमें टास में काम करेंगीं । एक टीम में तीन स्वास्थ्य कार्यकर्ता, दो शिक्षक और एक चिकित्सा अधिकारी होंगे। इस मौके पर जांच किट क्यू-फैट की जानकारी दी गई और इससे की जाने वाली जांच प्रक्रिया को प्रदर्शित करके दिखाया गया । इस अवसर पर प्रतिभागी के तौर पर 13 जनपदों के जिला मलेरिया अधिकारी, सहायक मलेरिया अधिकारी, लैब टेक्नीशियन, सहयोगी संस्था विश्व स्वास्थ्य संगठन, प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल (पीसीआई),पाथ,ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटजीस (जी एच एस ),सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च(सीफॉर), और सी-कैंप के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इन 13 जनपदों में होगा टास अम्बेडकर नगर, अयोध्या, बलिया, भदोही, चित्रकूट, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, मऊ, महोबा, पीलीभीत, शाहजहांपुर एवं सोनभद्र।

# मुख्य मंत्री ने इ.डब्लू.एस. सर्टिफिकेट बनाने पर कोई रोक नही लगाई है -- *वीरेन्द्र सचदेवा*

**मुख्य संवाददाता**

नई दिल्ली 15 अप्रैल : दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की दिल्ली के लोग भलीभांति जानते हैं की आम आदमी पार्टी विधायकों एवं नेताओं के दबाव एवं सांठगांठ में 2015 से 2024 के बीच ना सिर्फ इ.डब्लू.एस. यानि आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के सर्टिफिकेट बल्कि फर्जी जातीय प्रमाण पत्र बना कर स्कूलों में भर्ती का बड़ा फजीवाड़ा हुआ। साथ ही इ.डब्लू.एस. सर्टिफिकेट का अस्पताल भर्ती एवं कुछ अन्य सरकारी सुविधाएं पाने में भी हुआ।

सचदेवा ने कहा है की आज जब मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता ने इ.डब्लू.एस. सर्टिफिकेट बनाने के घोटाले की शिकायतों का, उनके सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने में दुरुपयोग की शिकायतों का संज्ञान लिया है तो आम आदमी पार्टी बौखला कर भ्रम फैला रही है मुख्य मंत्री ने सर्टिफिकेट बनाने पर रोक लगा दी है।



**मुख्य मंत्री ने इ.डब्लू.एस. सर्टिफिकेट बनाने पर कोई रोक नही लगाई है।**

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की 18 दिसम्बर 2024 को हमने दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार के शासनकाल में फर्जी सर्टिफिकेट बना कर उनसे लाभ लेने के घोटाले को उजागर किया था पर उसके बाद भी दिल्ली सरकार ने किसी अधिकारी या विधायक आदि पर कोई कार्रवाई नही की क्योंकि पूरी की पूरी "आप" सरकार इस घोटाले से जुड़ी थी।

उन्होंने कहा है की दिल्ली की जनता समझ रही है की सौरभ भारद्वाज इ.डब्लू.एस. सर्टिफिकेट बनाने को लेकर विवाद इसलिए खड़ा कर रहे हैं क्योंकि वो जानते हैं की यदि इ.डब्लू.एस. घोटाले की जांच हुई तो उसमें खुद सौरभ भारद्वाज ही नही अरविंद केजरीवाल एवं उनके 62 विधायकों मे से अनेक के नाम सामने आ सकते हैं।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की चुनाव हारते ही सौरभ भारद्वाज ने खुद को बेरोजगार नेता घोषित किया था और आजकल अपने उसी बेरोजगारी के दौर में सौरभ भारद्वाज एक ब्यान रोज देकर खुद को राजनीति में प्रासंगिक बनाये रखना चाहते हैं।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की दिल्ली के आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को इ.डब्लू.एस. सर्टिफिकेट और उसका लाभ भविष्य में भी मिलता रहेगा, मुख्य मंत्री ने उसके दुरुपयोग को रोकने के लिए उचित गाइडलाइंस बनाने का निर्देश दिया है, सर्टिफिकेट बनाने पर कोई रोक नही लगाई है।

# फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा विश्व विरासत दिवस 2025 को लेकर साप्ताहिक कार्यक्रम की शुरूआत

**रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो,15 अप्रैलः फिरोजपुर रेल मंडल के एक अधिकारी ने बताया कि फिरोजपुर मंडल द्वारा प्रधान कार्यालय, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार मंडल रेल प्रबंधक, फिरोजपुर श्री संजय साहू की अगुवाई में विश्व विरासत दिवस - 2025 जोकि ह्लआपदा और संघर्ष प्रतिरोधी विरासत - विरासत की सुरक्षा के संबंध में कार्रवाईह्व विषय पर आधारित है, को इस वर्ष 2025 में उत्सव के रूप में मनाने के लिए कई सराहनीय कदम उठाए गए हैं क मंडल द्वारा विश्व विरासत दिवस - 2025 के उपलक्ष्य में एक




साप्ताहिक कार्यक्रम की शुरूआत आज की गई है जोकि 18 अप्रैल 2025 को विश्व विरासत दिवस मनाने के साथ-साथ, 20 अप्रैल 2025 तक चलेगी क इस दौरान फिरोजपुर मंडल द्वारा पठानकोट रेलवे स्टेशन पर हेरिटेज आटीर्फैक्ट्स की प्रदर्शनी, पालनपुर रेलवे स्टेशन पर हेरिटेज गैलरी की प्रदर्शनी, कांगड़ा रेलवे स्टेशन को प्रकाशमय करना, नूरपुर से बैजनाथ के बीच चलने वाली नैरो गेज ट्रेन को सजाना, फिरोजपुर रेलवे स्टेशन तथा मंडल कार्यालय, फिरोजपुर में हेरिटेज आइटम्स के पास उनके विवरण के साथ-साथ सेल्फी पॉइंट्स स्थापित करना तथा मंडल कार्यालय में हेरिटेज से संबंधित पेंटिंग एवं क्विज प्रतिस्पर्धा आयोजित करना शामिल है

# पंजाब सरकार ने किया सरकारी स्कूलों में 500 नए प्रिंसिपल्स की भर्ती का ऐलान

## आम आदमी पार्टी सरकार स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए तत्पर

**दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो ,15 अप्रैल (रघुनंदन पराशर ) :पंजाब सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है, जिसके तहत राज्य के सरकारी स्कूलों में 500 नए प्रिंसिपल्स की भर्ती की जाएगी। सरकार के इस निर्णय के बाद अब स्कूलों में 75% प्रिंसिपल्स की नियुक्ति प्रमोशन के आधार पर की जा सकेगी। पहले यह कोटा केवल 50 प्रतिशत था, जिसकी वजह से स्कूलों में प्रिंसिपल्स की भारी कमी देखने को मिल रही थी। पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए तत्पर है। शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने स्पष्ट किया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्रमोशन प्रक्रिया को व्यवस्थित करना और स्कूलों की प्रशासनिक क्षमता को बढ़ाना है। यह कदम शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और स्कूल नेतृत्व में मौजूदा रिक्तियों को भरने के लिए सरकार के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है।यह नीति परिवर्तन उन चिंताओं का समाधान है जो शिक्षकों और अन्य हितधारकों ने प्रिंसिपल की कमी के कारण स्कूलों के संचालन पर उठाई थीं। प्रमोशन कोटा बढ़ाकर, सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि स्कूलों का नेतृत्व योग्य और अनुभवी व्यक्तियों के हाथ में हो, जिससे एक अधिक प्रभावी शैक्षिक वातावरण का निर्माण हो सके।

# गरीब लोगों का मुफ्त इलाज करवाना महान सेवा :लायन प्रदीप सिंगला

## लायन क्लब जैतो, 28 सालों से कर रहा है मानवता सेवा

**मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो**

जैतो ,15 अप्रैल : इलाके की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था लायन क्लब जैतो गंगसर द्वारा संचालित लायन आई केयर सेंटर जैतो ने आज एपेक्स क्लब अबोहर के सहयोग से विशाल आई चैकअप कैंप गांव किलियांवाली में लगाया। इस कैम्प में जैतो की डा. अकरीती सिंगला और उनकी टीम प्रियंका यादव, डिम्पल, गुरप्रीत कौर, हरजिंदर कौर, अंजना कुमारी, सिमरन कौर, सुखबीर सिंह, लाली सिंह, दविंदर मित्तल ने 282 मरीजों की आंखों को चेक किया और 38 मरीजों को आपरेशन के लिए चुना गया। लायन आई केयर सेंटर जैतो के चेयरमैन लायन राकेश रोमाना, प्रधान कुलभूषण महेश्वरी, डायरैक्टर प्रदीप सिंगला ने बताया कि साधारण चैकअप वाले सभी मरीजों को दवाईयां मुफ्त दी गई और आपरेशन



वाले मरीजों को हस्पताल की बस में जैतो लाया गया। यहां उनके सफल आपरेशन किए गए। कैम्प चेयरमैन लायन नरेश मित्तल ने बताया कि आपरेशन के बाद सभी मरीजों को दवाईयां, चश्मे मुफ्त दिये गये। सभी मरीजों के रहने, लंगर, चाय पानी की व्यवस्था लायन आई केयर सेंटर जैतो द्वारा निशुल्क की गई। आपरेशन वाले सभी मरीज बहुत खुश नजर आ रहे थे। लायन आई केयर सेंटर जैतो पिछले 28 सालों से लोगों की सेवा कर रहा है। इस कैम्प में अपैकस अनिल जाजोरीं,अपैकस सुमेर, जैतो से लायन राम अवतार वर्मा, लायन प्रदीप गोयल, लायन भूषण रोमाना, लायन दिनेश गोयल, लायन नरेश गर्ग, लायन जीवन गर्ग, लायन शक्ति मित्तल, लायन राज कुमार गोयल, लायन मनू गोयल, लायन आशू मित्तल, लायन महेश गोयल का विशेष सहयोग रहा। लायन क्लब जैतो गंगसर द्वारा एपेक्स क्लब के सहयोग से आयोजित शिविर का दृश्य।

# चुनाव के समय पीएम मोदी ने जहां झुग्गी वही मकान की गारंटी दी थी : सौरभ भारद्वाज

**मुख्य संवाददाता**

*नई दिल्ली, 15 अप्रैल पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अभी हाल ही में दिल्ली विधानसभा के चुनाव हुए हैं और इन चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने दिल्ली की झुग्गियों में रहने वाले लोगों को एक गारंटी कार्ड दिया जिस पर वह गारंटी लिखी हुई है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने भाषणों में कहते हैं, कि जहां झुग्गी वही मकान। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि इसी प्रकार का एक गारंटी कार्ड भारतीय जनता पार्टी के लोगों द्वारा जंगपुरा के मद्रासी कैंप झुग्गी बस्ती एरिया में बांटा गया। जिसमें एक तरफ पीएम मोदी की वह गारंटी लिखी हुई है और दूसरी तरफ कार्ड धारक का नाम लिखा हुआ है। उन्होंने बताया कि इस मद्रासी कैंप में लगभग 500 के आसपास परिवार रहते हैं। दिल्ली में भारतीय जनता




पार्टी की सरकार बने हुए अभी दो महीने भी पूरे नहीं हुए हैं, भाजपा ने अपना असली रंग दिखाना शुरू कर दिया है। भाजपा शासित केंद्र सरकार के अधीन आने वाली डीडीए द्वारा इस मद्रासी कैंप में रहने वाले लोगों को एक नोटिस दिया गया है, जिसमें यह लिखा है कि इस कैंप में रहने वाले परिवारों को बवाना में झुग्गी के बदले मकान दिया जाएगा। सौरभ भारद्वाज ने बताया की झुग्गियों में रहने वाले लोग लगभग पिछले 40-50 साल से यहां रह रहे हैं।

सौरभ भारद्वाज ने पत्रकारों को यह भी बताया कि इनमें से कुछ लोग उन मकानों का निरीक्षण भी करके आए जो भाजपा शासित केंद्र सरकार इन लोगों को झुग्गी के बदले देना चाहती है। उन मकानों की मौजूदा स्थिति बेहद खराब है, मकानों में अभी तक पीने के मीठे पानी का कनेक्शन भी नहीं है, तो भाजपा सरकार बताए कि यह लोग खारा पानी पीकर कैसे जीवित रहेंगे? कैसे जीवन यापन करेंगे?

उन्होंने कहा कि यह वही भारतीय जनता पार्टी है, जिसके नेता 2 महीने पहले दिल्ली की इन्हीं झुग्गियों में प्रवास कर रहे थे। झुग्गी सम्मान कार्यक्रम का आयोजन कर रहे थे, इन झुग्गियों में रात बिता रहे थे और अब जब दिल्ली की जनता ने भाजपा को जीताकर दिल्ली की सत्ता सौंप दी है, तो भाजपा का असली चाल चरित्र दिल्ली और देश की जनता के सामने बेनकाब हो रहा है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि उस समय भी अरविंद केजरीवाल कहते थे, कि यह सभी राजनीतिक हथकंडे हैं। यदि भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई तो वह गरीबों से उनको मिलने वाली सभी सुविधाएं छीन लेगी। झुग्गियों में रहने वाले लोगों से उनके मकान छीन लेगी और उनकी जमीन अपने पूंजी पति दोस्तों को सौंप देगी। आज भारतीय जनता पार्टी अरविंद केजरीवाल की बात को सच साबित कर रही है । सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मैं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन से और तमिलनाडु में रहने वाले सभी लोगों से अनुरोध करता हूं, कि भारतीय जनता पार्टी को आने वाले समय में तमिलनाडु में भी चुनाव लड़ना है, वोट देते समय भारतीय जनता पार्टी का यह दोहरा चरित्र याद रखें, कि एक तरफ तो भाजपा तमिलनाडु में चुनाव के लिए वोट मांगेगी और वही आज दिल्ली में 40-50 साल से रह रहे तमिलनाडु के लोगों के सर से छत छीनने का काम भारतीय जनता पार्टी कर रही है। उन्होंने कहा कि मैं तमिलनाडु के सीएम स्टालिन से भी अनुरोध करता हूं, कि वह तमिलनाडु में भी इस अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाएं। सौरभ भारद्वाज ने मीडिया के माध्यम से केंद्र में बैठी भाजपा सरकार से अनुरोध किया की झुग्गी वालों को उनकी झुग्गियों के आसपास के 5 किलोमीटर के दायरे में ही झुग्गी के बदले मकान दिया जाए, ताकि उनके बच्चे जिस स्कूल में पढ़ रहे हैं, उस स्कूल में आगे की शिक्षा भी प्राप्त कर सकें और आसपास के जिस क्षेत्र में यह गरीब लोग मेहनत मजदूरी का काम कर रहे हैं, इनका रोजगार इनका व्यवसाय भी इसी तरह से चलता रहे। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली का कानून भी यही कहता है कि DUSIB में लिस्टेड सभी क्लस्टर एरिया को उनकी जगह के आसपास के 5 किलोमीटर के दायरे में झुग्गी के बदले मकान दिया जाए।

# जमीअत उलमा-ए-हिंद द्वारा कानूनी विशेषज्ञों, विद्वानों और बुद्धिजीवियों की संयुक्त बैठक आयोजित

**मुख्य संवाददाता**

नई दिल्ली, 15 अप्रैलः जमीअत उलमा-ए-हिंद द्वारा मदनी हॉल, जमीअत उलमा-ए-हिंद कार्यालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में, प्रख्यात कानूनी विशेषज्ञों, विद्वानों, बुद्धिजीवियों और सामाजिक नेताओं ने एकमत से वक्फ अधिनियम 2025 की कई कमियों को उजागर करते हुए इसे वक्फ संपत्तियों के लिए खतरा बताया। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि वक्फ की सुरक्षा न केवल कानूनी बल्कि धार्मिक, नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी भी है। कानूनी विशेषज्ञों ने इस कानून को उपासना स्थल अधिनियम 1991 को कमजोर और अप्रभावी बनाने वाला भी बताया।

इस अवसर पर अपने उद्घाटन भाषण में जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने सभी विशिष्ट अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जमीअत उलमा-ए-हिंद ने आजादी से पहले और बाद में वक्फ की रक्षा में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। जमीअत की सिफारिशों को 1937 के शरीयत एप्लीकेशन एक्ट और बाद में 1954 और 1995 के वक्फ अधिनियमों में शामिल किया गया, लेकिन वर्तमान सरकार ने किसी भी धार्मिक या कानूनी संस्था की राय को ध्यान में नहीं रखा है।



मौलाना मदनी ने कहा कि मौजूदा मसौदा कानून वक्फ की भावना और उसके उद्देश्यों को कमजोर करता है। इसलिए जरूरी है कि न सिर्फ कानूनी और संवैधानिक स्तर पर इसका विरोध किया जाए, बल्कि जनता में जागरूकता भी पैदा की जाए ताकि वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

वक्फ विशेषज्ञ और पूर्व आईआरएस अधिकारी सैयद महमूद अख्तर ने कहा कि नए कानून का ढांचा दिल्ली विकास प्राधिकरण जैसा है, जिसमें शरिया सिद्धांतों की कोई झलक नहीं है। सेंट्रल वक्फ काउंसिल के पूर्व सदस्य एम इकबाल ए शेख ने कहा कि धारा 40 और धारा 83 के जरिए वक्फ बोर्ड और वक्फ संपत्तियों का कानूनी दर्जा खत्म करने की कोशिश की गई है। दरगाह हजरत निजामुद्दीन औलिया के सज्जादा नशीन एडवोकेट पीरजादा फरीद अहमद निजामी ने कहा कि धारा 3 में पांच साल के मुसलमान की शर्त और धारा 3डी में पुरातात्विक स्थलों के अंतर्गत आने वाली संपत्तियों से वक्फ का दर्जा खत्म करने जैसे बिंदु इस्लामी सिद्धांतों के विपरीत हैं। अफजाल मुहम्मद सफवी फारूकी, नायब सज्जादा नशीन, दरगाह सफीपुर ने कहा कि नए कानून में मठों व दरगाहों के प्रबंधन को लेकर दिशा-निर्देशों का अभाव और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की अज्ञानता एक बड़ी चुनौती है। सैयद मुहम्मद अली हुसैनी (सज्जादा नशीन, गेसू दराज) ने कहा कि वक्फ संपत्तियों के दस्तावेज तत्काल तैयार करना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट एम आर शमशाद ने कहा कि यह बाहरी तौर पर कुछ और, आंतरिक तौर पर कुछ और है, इसलिए प्रत्येक व्यक्तिगत संपत्ति की सुरक्षा पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है। एडवोकेट रऊफ रहीम ने कहा कि एकता समय की मांग है; व्यक्तिगत प्रयासों से पर्याप्त सफलता नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि वह नये कानून के संबंध में राष्ट्रीय जागरूकता का स्वागत करते हैं।

एडवोकेट मुहम्मद ताहिर हकीम, गुजरात, ने कहा कि वक्फ संपत्ति का दर्जा खत्म करने की गुंजाइश चिंताजनक है। सेवानिवृत्त आईएफएस एमजे अकबर ने कहा कि वक्फ को खत्म करके ट्रस्ट संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो वक्फ व्यवस्था को खत्म करने की साजिश है।

सुझावों और व्यावहारिक कदमों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए, जमीअत उलमा, पश्चिम बंगाल के अध्यक्ष मौलाना सिद्दीकुल्लाह चौधरी ने सुझाव दिया कि वकीलों की एक टीम बनाई जाए और उनके संपर्क नंबर प्रकाशित किए जाएं ताकि जनता अपने क्षेत्रों की वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा में उनकी मदद ले सके। जमीअत उलमा, मध्य प्रदेश के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद हारून ने सुझाव दिया कि 100 शहरों में छोटे-छोटे कार्यक्रम आयोजित कर जन जागरूकता बढ़ाई जानी चाहिए। जमीअत के महाराष्ट्र के अध्यक्ष हाफिज नदीम सिद्दीकी ने कहा कि जमीनी स्तर पर रिकॉर्ड की जांच और संरक्षण का काम युवाओं की टीम बनाकर किया जाना चाहिए, खासकर ब्लॉक स्तर पर। जमीअत उलमा, गुजरात के महासचिव प्रोफेसर निसार अंसारी ने कहा कि सभी राज्यों में उप-समितियां बनाकर दस्तावेज तैयार करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जानी चाहिए। जमीअत उलमा तेलंगाना के हाफिज पीर खालिक साबिर ने कहा कि वक्फ को सबसे ज्यादा नुकसान अपने ही लोगों से हुआ है। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में सिर्फ 23,000 एकड़ जमीन बची है, जबकि कुल संपत्ति पचास हजार से ज्यादा है। जमीअत उलमा सूरत के अध्यक्ष मौलाना अरशद मीर ने सुझाव दिया कि वक्फ की सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया जाना चाहिए। शिक्षा विशेषज्ञ सैफ अली नकवी ने सुझाव दिया कि वक्फ के संबंध में फैली गलतफहमियों को दूर करने के लिए यूट्यूबर्स का उपयोग किया जाना चाहिए। इस अवसर पर कानून संबंधित मामलों की देख रेख कर रहे मौलाना नियाज अहमद फारूकी ने विस्तृत कानूनी बिन्दु प्रस्तुत किये। जमीअत उलमा-ए-हिंद के महासचिव मौलाना हकीमुद्दीन कासमी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

बैठक का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता ओवैस सुल्तान ने की। बैठक की शुरूआत कारी अहमद अब्दुल्ला ने पवित्र कुरआन और नात शरीफ के पाठ से की। इस बैठक में अन्य प्रतिभागियों में अकरम जब्बार खान (संयोजक, वक्फ समिति, जमीअत उलमा-ए-हिंद), सैयद मुहम्मद यादुल्लाह हुसैनी (सज्जादा नशीन, रौजा खुर्द, गुलबर्गा शरीफ के उत्तराधिकारी) शामिल थे।

# पंजाब शिक्षा क्रांति अभियान शिक्षा क्षेत्र का विकास निरंतर जारी रहेगा। विधायक अमोलक सिंह

## जैतो विधानसभा क्षेत्र के मरहक, सुरघुरी और खाचरा स्कूलों में विकास कार्यों का उद्घाटन

**रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो,15 अप्रैल : मुख्यमंत्री पंजाब श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा स्कूलों के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने और उन्हें निजी स्कूलों से बेहतर बनाने के लिए शुरू की गई पंजाब शिक्षा क्रांति मुहिम के तहत विधायक स. अमोलक सिंह ने विभिन्न स्कूलों में किए गए विकास कार्यों का उद्घाटन किया।इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री अमोलक सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान द्वारा स्कूलों में विकास कार्यों का सिलसिला तब तक जारी रहेगा जब तक राज्य के सरकारी स्कूलों की कायापलट नहीं हो जाती। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार बजट का बड़ा हिस्सा शिक्षा पर खर्च करके आने वाली पीढ़ी का भविष्य संवार रही है।विधायक अमोलक सिंह ने कहा कि आज कुल 1.50 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। गांव मरहक के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में 5 लाख 82 हजार रुपये की लागत से निर्मित चारदीवारी का लोकार्पण किया गया। 3 लाख 52 हजार रुपए की लागत का बाथरूम और 1.5 लाख रुपए



की लागत का बाथरूम। 2.30 लाख रु. राजकीय उच्च विद्यालय मरहक में 5 लाख रुपये की लागत से चारदीवारी, 4 लाख रुपये की लागत से खेल का मैदान तथा 2.77 लाख रुपये की लागत से मरम्मत का कार्य किया गया है। इसी प्रकार, राजकीय प्राथमिक पाठशाला सुरघुरी में 7.51 लाख रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक कमरों का लोकार्पण किया गया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय, खाचरा में 1.50 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक कमरों का भी उद्घाटन कर उन्हें जनता को समर्पित किया गया है। 7.51 लाख रु. उन्होंने कहा कि स्कूलों को अपग्रेड करने की प्रक्रिया भविष्य में भी जारी रहेगी। इस अवसर पर एडवोकेट हरसिमरन मल्होत्रा, नगर परिषद जैतो के अध्यक्ष डॉ. हरीश गोयल, चेयरमैन गोबिंदर वालिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नगर परिषद जैतो नरिंदर रामायण, तरसेम गोयल, चेयरमैन मार्केट कमेटी जैतो लक्ष्मण भगतूआना, राजू जैतो, लक्ष्मण बिश्नंदी डायरेक्टर पीएडीबी बैंक जैतो। बलकरन सिंह बिशनंदी. बलकरन सरवन. धरमिंदरपाल, कुलदीप सिंह, गुरलाल सरपंच, लवप्रीत सरपंच, राणा नियामीवाला, अमृतपाल सरपंच, दविंदर सिंह सरपंच मराक, शमशेर सिंह, गुरदीप सिंह अध्यक्ष मराक, कुलदीप सिंह सरपंच सुरघुरी, धरमिंदर सिंह बराड़, गोरा गिल, गुरजंत सिंह, जसकरन सिंह बराड़, मास्टर लाभ सिंह, गुरविंदर सिंह, सेवक सिंह सरपंच खाचरा, सिकंदर बराड़, रणधीर सिंह, डॉ. बलराज सिंह, जतिंदर सिंह गिल के अलावा बड़ी संख्या में स्कूल के लोग मौजूद थे। बच्चे, शिक्षक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।जैतो विधानसभा क्षेत्र से आप विधायक अमोलक सिंह विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए।

# ख्योवाली में श्रद्धा और धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब की जयंती।

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) क्षेत्र के गांव ख्योवाली में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत रविदास & डॉ बी आर अंबेडकर सभा द्वारा बहुत ही श्रद्धा व सादगी से मनाई गई डॉ. बी.आर. अंबेडकर सभा के प्रधान मास्टर रमन कुमार ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बीआर अंबेडकर का पूरा नाम भीमराव रामजी अंबेडकर है और उनका जन्म 14 अप्रैल, 1891 को हुआ था। अंबेडकर अपने पिता रामजी माकोजी सकपाल



और मां भीमाबाई सकपाल की 14वीं संतान थे। वे एकमात्र ऐसे बच्चे थे जिन्होंने उच्च शिक्षा पूरी की। 1897 में, अंबेडकर एलफिंस्टन हाई स्कूल में दाखिला लिया।अंबेडकर ने आगे बढ़कर अपनी हाई स्कूल की पढ़ाई पूरी की और लंदन यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि भी प्राप्त की। अंबेडकर को दलित होने के कारण बहुत भेदभाव का सामना करना पड़ा। उस समय समाज में पिछड़े वर्गों की स्थिति बहुत दयनीय थी। उन्हें अछूत कहा जाता था और जब वे स्कूल जाते थे तो उन्हें दूसरे बच्चों के साथ बैठने या खाने की अनुमति नहीं थी।डॉ. बी.आर. अंबेडकर आगे चलकर एक समाज सुधारक और कार्यकर्ता बन गए, जिन्होंने दलितों के खिलाफ किए जाने वाले भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी। 1935 में, उन्होंने 'द एनीहिलेशन ऑफ कास्ट' जैसी किताबें प्रकाशित कीं, जिसमें रूढ़िवादी हिंदू मान्यताओं पर सवाल उठाए गए थे, और अगले ही साल उन्होंने 'हू वेयर द शूद्राज?' नाम से एक और किताब प्रकाशित की, जिसमें उन्होंने बताया कि अछूतों का गठन कैसे हुआ।डॉ. बी.आर. अंबेडकर के काम के प्रति समर्पण ने उन्हें भारत के पहले कानून मंत्री की कुर्सी दिलाई। 1947 में भारत को स्वतंत्रता मिलने के बाद, उन्हें भारतीय संविधान बनाने के लिए चुना गया और उन्हें संविधान की मसौदा समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वर्ष 1956 में, डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने बौद्ध धर्म अपना लिया, क्योंकि वे इसे सबसे वैज्ञानिक धर्म मानते थे। धर्म परिवर्तन की वर्षगांठ के 2 महीने के भीतर ही 1956 में उनकी मृत्यु हो गई।

सभा के सचिव मास्टर सतीश विराट ने अपने सम्बोधन बताया कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने हमारे देश के लिए बहुत योगदान दिया है। वे एक अग्रणी सुधारक और कार्यकर्ता थे जिन्होंने अपना पूरा जीवन भारत में दलितों और अन्य सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों की बेहतरी के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने हमेशा दलितों पर होने वाले भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने दलितों के समर्थन में नए कानून बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई और उन्हें शिक्षा का अवसर और समान अधिकार दिलाने का काम किया।इस मौके पर परवीन विरट, विजय विरट,भीम आर्मी ब्लॉक प्रधान सुरेश विरट,रोशन गुजर, एडवोकेट सुशीला विरट,योगेश पंवार वर्द्धमान जैन स्कूल जलालआना ,मनोज भंडारी गणमान्य नागरिक व स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

# भारत-श्रीलंका दीपक लोहिया मैमोरियल पीडी दिव्यांग कप 29 अप्रैल से 5 मई तक

## - बैंगलौर के किन्नी स्टेडियम में होगा दीपक लोहिया मैमोरियल कप : विधायक घनश्याम सर्राफ

**दैनिक समाज जागरण महेन्द्र जावला बहल**

बहल-भिवानी, 15 अप्रैल। फिजिकली चैलेंज क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पीसीसएआई ) और डीसीसीआई के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को अहम पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। यह पत्रकार वार्ता आगामी भारत-श्रीलंका दीपक लोहिया मैमोरियल पीडी दिव्यांग कप को लेकर आयोजित की गई, जो कि 29 अप्रैल से 5 मई तक बैंगलोर के किन्नी स्टेडियम में खेला जाएगा। पत्रकार वार्ता में पीसीसीएआई के चेयरमैन घनश्याम सर्राफ, डीसीसीआई के महासचिव रवि चौहान, पीसीसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया, कोषाध्यक्ष संजय गोयल, और उपाध्यक्ष सचिन जैन उपस्थित रहे।

फिजिकली चैलेंज्ड क्रिकेटएसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ी देश और दुनिया में पहचान बना रहे हैं । सर्राफ ने कहा कि इंग्लैंड में भी दिव्यांग खिलाडियों ने बेहतरीन पदर्शन कर वर्ल्ड कप जीतने का काम किया था और बेंगलुरु में होने वाले इस कप में भी भारत विजय रहेगा। डीसीसीआई के महासचिव रवि चौहान, पीसीसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया ने कहा कि इस टी-20 टूनार्मेंट को दिव्यांग क्रिकेट से जुड़े दीपक लोहिया की स्मृति को समर्पित किया गया , जिन्होंने दिव्यांग क्रिकेट के क्षेत्र में अहम योगदान दिया। टूनार्मेंट का उद्देश्य दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना, उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना तथा समाज में उनके प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना है।


उन्होंने कहा कि इस टूनार्मेंट में भारत और श्रीलंका की दिव्यांग क्रिकेट टीमें हिस्सा लेंगी। मैचों का आयोजन अंतरराष्ट्रीय टी-20 फॉर्मेट के अनुरूप किया जाएगा। इसके लिए किन्नी स्टेडियम में विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा 29 अप्रैल से 5 मई तक ये पांच मुकाबले होंगे। पत्रकार वार्ता में यह भी बताया गया कि इस तरह के आयोजन से दिव्यांग खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिलेगी। आयोजकों ने सरकार और निजी क्षेत्र से अपील की कि वे आगे आकर ऐसे आयोजनों को समर्थन दें, जिससे दिव्यांग खेलों को एक नई पहचान मिल सके।

सुरेंद्र लोहिया व रवि चौहान ने कहा कि 27 अप्रैल को भारत और श्रीलंका दोनों बेंगलुरु में पहुंच जाएंगी। कहा कि दोनों टीम अपने अपने क्षेत्र की मजबूत टीम है इसलिए हमें हमें श्री लंका की टीम को हल्के में नहीं लेना है। कहा कि छत्तीसगढ़ में पीछे जो टूनार्मेंट हुए हैं उस दौरान खिलाड़ियों के टैलेंट को को देखा गया और भारत की टीम चयन की गई। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे उन्हें सपोर्ट मिल रही है और दिव्यांग खिलाड़ियों का संघर्ष उत्साह के साथ आगे बढ़ रहा है और समय-समय पर बीसीसीआई भी उन्हें सपोर्ट कर रही है। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई ने अंब्रेला बॉडी के रूप में डीसीसीआई को बनाया और पीसीसीएआई सहित देश की चार अन्य संस्था डीसीसीआई की फाउंडर मेंबर हैं। जो दिव्यांग खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए समय-समय पर प्लेटफॉर्म तैयार करती है। कोषाध्यक्ष संजय गोयल व पीसीसीएआई के उपाध्यक्ष सचिन जैन ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों में काफी प्रतिभा है, यदि समय-समय पर इसी प्रकार से निखारने का काम होता रहा तो दिव्यांग खिलाड़ियों की प्रतिभा और अधिक मजबूत होगी । जिसे वे देश और दुनिया में अपनी पहचान बना पाएंगे, कहा कि फिलहाल दिव्यांग खिलाड़ियों को अधिक सपोर्ट की जरूरत है।

# बड़वारा में नियम विरुद्ध क्रय विक्रय होने वाली आदिवासी भूमि को सरकारी मद में दर्ज करने की मांग।

**समाज जागरण**

कटनी जिले के बड़वारा विधानसभा जो आदिवासी आबादी के नाम से जाना जाता है यहां अधिकांश आदिवासी समुदाय की भूमि पर पिछड़ा या सामान्य वर्ग के व्यक्ति ही काबिज है कई भूमि ऐसी है जिसमे अनुबंध कर मलाई काटी जा रही है तो कहीं राजस्व विभाग की आंख में धूल झोंकते हुए आदिवासी बनकर ही भूमि का क्रय विक्रय किया जा रहा है। एक ऐसा ही मामला बड़वारा तहसील क्षेत्र के रोहनिया ग्राम पंचायत अंतर्गत आने वाले पटवारी हल्का नंबर 11 से सामने आया है जहां श्री रामानुज सिंह गोंड़ पिता कुंजल सिंह गोंड़ की भूमि उत्तर प्रदेश निवासी श्रीमती भगवती देवी पति रामलाल मौर्य के नाम पर खरीद ली गई है। मंगलवार को रोहनिया ग्राम निवासी राघवेंद्र सिंह ने कटनी कलेक्टर महोदय दिलीप यादव कुमार के नाम तहसीलदार को एक लिखित शिकायत देते हुए आरोप लगाया है कि भगवती देवी पति रामलाल मौर्य ग्राम बिसौली जिला चंदौली उत्तर प्रदेश ने अपनी वास्तविक पहचान छुपाते हुए आदिवासी बनकर राम अनुज गोड़ से कौड़ियों के दाम पर 6.90 हेक्टर भूमि क्रय कर लिया है और अब उस भूमि को किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय करने की जद्दोजहद की जा रही है मैने माननीय कलेक्टर महोदय एवं एसडीएम महोदय के नाम शिकायत पत्र देकर पूरे मामले की जांच कर संबंधित भूमि को शासकीय मद में दर्ज करने की मांग की है।



# मुरना नदी के पुल पर बन रहे टो बाल में व्यापक अनियमितता

**बिना राड की जाल बिछाये डस्ट युक्त कांक्रीट से बन रहा टोल बाल**

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल ---- शहडोल संभाग से दो किलोमीटर दूर पर शहडोल मानपुर सड़क मार्ग पर तीन करोड़ पन्द्रह लाख अठारह हजार रुपए की लागत से बने पुल के टो बाल निर्माण कार्य मे व्यापक पैमाने पर धांधली की जाने की शिकायत प्रकाश में आयी है इस टो बाल निर्माण कार्य चूंकि काफी बड़ा और ऊंचा बनाया जाना है, और मुरना नदी के तेज बहाव पानी को रोकना है,इसलिए इसकी बुनियाद मजबूत और गुणवत्ता युक्त बनाये जाने के लिए सेतु निर्माण विभाग ने स्टीमेट में प्रावधान किया गया था , लेकिन इस कार्य की मजबूती को ठेकेदार ने अपनी घिनौनी हरकतो की चासनी में रंग डाला, और मिट्टी युक्त गिट्टी, मिट्टी युक्त क्रेसर डस्ट से काम कर रहा है , इतना ही होता अगर तो कुछ दूर तक सही ठहराया जा सकता था, लेकिन कार्य एजेंसी ने इसमें लगने वाले राड -सरिया के जाल न बिछा कर सेतु निर्माण विभाग के अधिकारियों को कुतके में रखकर कार्य एजेंसी ने राड की सरिया का जाल की जगह पर बीच बीच में राड गड़ाकर इस काम को भी लीपापोती करने में तुला हुआ है । विदित होवे कि अपने घटिया पन कार्यों के चलते ब्लैक लिस्टेड ठेकेदार किसी अन्य के नाम पर ठेका लेकर सरकारी निर्माण कार्यों में जमकर पलीता लगाते देखा जा रहा है । देखने में आया है कि जिस अनुपात में और जिस कंपनी की सीमेंट का उपयोग किया जाना चाहिए,उसका सर्वथा अभाव बना हुआ है एक बार मे सात बैकेट डस्ट,आठ बैकेट मिट्टी युक्त गिट्टी और छः बोरी सीमेंट मिलाकर कांक्रीट तैयार किया जाता है और उसी के बलबूते बरसात में नदी के तेज बहाव को रोकने की तैयारी की जा रही है यह निर्माण कार्य कितने दिन टिकेगा,इस बात को लेकर अभी से संदेह बना हुआ है माना जाता है कि बरसात न हो इसकी मन्नत अभी से ठेकेदार मनाने लग गया है , ताकि उसकी लुका छिपी की काली करतूतें पर सहजता से पर्दा डाला जा सके' । उल्लेखनीय है कि अधूरे बने इस पुल का लोकार्पण मानपुर क्षेत्र की विधायक सुश्री मीना सिंह ने 02 दिसंबर 2024 को कर कार्य एजेंसी की वाहवाही का जो ढिंढोरा पीटा गया था , जिससे लगता है कि ऐसे घटिया कार्य कर रहे ठेकेदार को किसी राजनीतिक संरक्षण में ही फल -फूल रहा है । इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की मांग क्षेत्रीय नागरिकों ने मुख्यमंत्री से की है

# स्टेशनों पर सारथी पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण संस्था द्वारा यात्रियों के लिये निःशुल्क पेयजल सेवा हेतु प्याऊ का संचालन

**स्टेशनों और ट्रेनों के यात्रियों को मिल रही है पर्याप्त पेयजल सुविधा**

**समाज जागरण**

अनूपपुर बिजुरी । गर्मी के सीजन में रेल यात्रियों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल आपूर्ति करने के लिए मंडल रेल प्रशासन पूरी तरह से जुटा हुआ है। इसके सारथी पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण संस्था भी सेवा भावना से रेल यात्रियों को पीने का पानी (प्याऊ) उपलब्ध कराने में अपना योगदान दे रहे हैं। इस संस्था द्वारा बिजुरी स्टेशन पर यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराकर पानी की अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति करने में सक्रिय योगदान दिया जा रहा है। इनके द्वारा गाड़ी के स्टेशन पर आते ही यात्रियों को पानी पिलाने के साथ, यात्रियों की खाली बॉटलों में शीतल पेयजल भरने का काम भी किया जा रहा है। उद्देश्य यही है कि बिजुरी से गुजर रहे किसी भी ट्रेन में कोई भी यात्री प्यासा न रहे। सारथी पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण संस्था द्वारा बिजुरी के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर मटका (प्याऊ) उपलब्ध कराए गए हैं। मौके पर संस्था के अध्यक्ष निखिल कुमार ने कहा कि इस भीषण गर्मी में दोपहर का समय और आसमान से मानो आग की बारिश हो रही है। धरती तप रही है। राहगीरों का गला सूख रहा है। ऐसे में उनको साफ व शीतल पानी मिल जाए तो यह उसके लिए अमृत से कम नहीं होगा। जिसको ध्यान में रखते हुए प्याऊ का उद्घाटन किया गया है। बताया कि यह एक निःशुल्क सुविधा है, जहां पर राहगीरों को साफ और स्वच्छ पेयजल पूरे तीन महीने उपलब्ध होगा।

# सरकारी जमीन में अवैध तरीके से अतिक्रमण पर रोक लगाकर बुलडोजर चलवाकर कराया अतिक्रमण मुक्त

**समाज जागरण**

अनूपपुर :- जिले के कोतमा तहसील अंतर्गत इन दिनों भू माफियाओं एवं अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हो चुके हैं जो की आए दिन शासकीय एवं नजूल की भूमि पर अतिक्रमण किए जाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। माफियाओं द्वारा धार्मिक आवागमन रास्तों को भी नहीं छोड़ा जा रहा है कोतमा तहसील अंतर्गत पोड़ी चोड़ी गांव में राजू केवट जो की एक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य भी हैं उनके द्वारा शासकीय जमीन पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण कर निर्माण कार्य कराया जा रहा था। शासकीय भूमि पर अतिक्रमण होने से धार्मिक स्थान जाने का रास्ता भी बंद हो रहा था। ग्राम पंचायत के द्वारा सूचना राजस्व अधिकारियों सहित जिला प्रशासन से की गई थी। जिसके बाद तहसीलदार ईश्वर प्रधान के द्वारा मौका पर जाकर निर्माण पर रोक लगाने व निर्माण सामग्री को जप्त करने की कार्यवाही भी की गई थी। उसके बाद भी बेखौफ हो चुके अतिक्रमणकारी राजू केवट के द्वारा निर्माण कार्य जारी रखते हुए प्रशासन को चुनौती दी जिसके बाद ग्राम पंचायत के द्वारा लगातार शिकायत करने पर राजस्व अधिकारी व टीम के द्वारा



# जय भीम जय अंबेडकर के नारों से गूंज उठा विद्युत नगरी

**समाज जागरण विजय तिवारी**

चचाई।भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 134 वी जयंती का कार्यक्रम एवं महान स्वतंत्रता सेनानी व क्रांतिकारी बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण मध्य प्रदेश विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ चचाई के तत्वाधान में आयोजित किया गया ' कार्यक्रम का आरंभ डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की शोभायात्रा द्वारा शुरू किया गया इस दौरान विद्युत नगरी में जय भीम के नारों का जय घोष किया गया ' इस अवसर पर मुख्य अतिथि तनवीर अहमद मुख्य अभियंता अमरकंटक ताप विद्युत गृह द्वारा बाबा साहब के शिक्षा प्राप्त करने के दौरान किए गए संघर्षों का उल्लेख किया गया साथ ही शिक्षा प्राप्त करने पर जोर दिया गया ' विशिष्ट अतिथि रमेश सिंह पूर्व संयुक्त कलेक्टर एवं डी. आर. बांधव द्वारा बाबा साहब के समाज हित में एवं आधुनिक भारत के निर्माण के लिए किए गए विभिन्न कार्यों का उल्लेख किया गया साथ ही बिरसा मुंडा जी द्वारा देश के स्वतंत्रता के लिए दिए गए बलिदान को याद किया गया ' छोटे बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ' इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्री डी एस. राव , एम. एल. अहिरवार, यू. एस.मालवीय एवं समाजसेवी जीतू सिंह परिहार फुक्कू सोनी श्रीमती रश्मि खरे श्रीमती ज्योति शर्मा, राजेश रजक व अन्य पत्रकार बंधु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ' कार्यक्रम के अध्यक्ष आर के पाहुरकर एवं संघ के अध्यक्ष सुनील कोरी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।



# कानपुर में जारी रफ्तार का कहर, चालक समेत दो शिक्षिकाओं की मौत ,एक गंभीर

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां जिले भर में असमय मौत के रूप में रफ्तार का कहर लगातार जारी है। उसने चालक समेत दो शिक्षिकाओं की भी जान ले ली जबकि एक घायल को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना तेज रफ्तार कार और बस की जोरदार टक्कर के फलस्वरुप हुई । घटना बिठूर थाना क्षेत्र में नारा मऊ के पास हाईवे पर हुई। उस समय कल्याणपुर के नया शिवली रोड निवासी 37 वर्षीय शिक्षिका आकांक्षा मिश्रा उन्नाव के कंपोजिट विद्यालय जमाल नगर सफीपुर रोज की तरह कार से जा रही थीं। इस दौरान उनके साथ 41वर्षीय शिक्षिका अंजुला मिश्रा निवासी विश्व बैंक बर्रा, रिचा अग्निहोत्री निवासी कल्याणपुर गूबा गार्डन भी थीं। सुबह करीब 7.30 बजे नारामऊ नई क्रॉसिंग के पास उनकी कार और बस में आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें तीनों शिक्षिकाएं और कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए हैलट अस्पताल भेजा। जहां इलाज के दौरान शिक्षिका आकांक्षा मिश्रा और अंजुला मिश्रा की मौत हो गई। थोड़ी देर बाद कार ड्राइवर विशाल द्विवेदी निवासी कश्यप नगर कल्याणपुर को भी मृत घोषित कर दिया गया। जबकि गंभीर रूप से घायल ऋचा अग्निहोत्री का इलाज चल रहा है। हादसे में जान गंवाने वाली शिक्षिका आकांक्षा मिश्रा और अंजुला मिश्रा और ड्राइवर विशाल द्विवेदी के घरों में मातम पसरा है। उन्हें जानने वाले शिक्षक, कर्मचारी और छात्र भी बेहद दुखी हैं। पुलिस ने बताया कि तीनों की लाशों को पोस्टमार्टम भेज कर घटना की जांच की जा रही है।

# बृजेश को मिली बुढार एवं अमलाई कॉलरी वर्कर्स को-ऑपरेटिव सोसाइटी की कमान

**चुनाव में मिली इंटक समर्थकों की धमाकेदार जीत**

**समाज जागरण**

धनपुरी। लगभग तीन साल बाद बुढार एवं अमलाई कालरी वर्कर्स कोआपरेटिव सोसाइटी के संचालक मंडल के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव 12/4/2025 को शांति पूर्ण से संपन्न हुआ ,इस चुनाव में बृजेश पांडेय,(रिन्टु, )ने धमाकेदार जीत अर्जित की एवं कालरी वर्कर्स कोआपरेटिव सोसायटी के अध्यक्ष बने दोपहर तीन बजे अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के फार्म भरें गये जिसमें अध्यक्ष पद हेतु बृजेश पांडेय (रिन्टु) एवं विनोद तिवारी के नाम थे जबकि उपाध्यक्ष के लिए पांच लोगों ने फार्म भरें जय सिंह गहरवार, नौसेरमा खान, अनिल जयसवाल, कैलाश यादव, महेंद्र सिंह के नाम शामिल थें वहीं तीन बजे फार्म भरने के बाद मतदान की प्रकिया की शुरूआत हुई जिसमें संचालक मंडल के 11सदस्यो ने अध्यक्ष पद के लिए एवं उपाध्यक्ष पद के लिए मतदान किया जिसमें अध्यक्ष पद के लिए बृजेश पांडेय को सात मत प्राप्त हुए वहीं उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी विनोद तिवारी कों चार मत हासिल हुए इस प्रकार बृजेश पांडेय ने धमाकेदार जीत अर्जित किया वहीं उपाध्यक्ष पद मे अनिल जयसवाल कों 6 मत एवं कैलाश यादव ने पांच मत प्राप्त कर उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किए गए, बुढार एवं अमलाई कालरी वर्कर्स कोआपरेटिव सोसायटी विगत तीन वर्षों से तीन प्रशासक के द्वारा चलाया जा रहा था अब वहीं 11 सदस्यीय संचालक मंडल के द्वारा समिति का संचालन किया जायेगा, विगत छह मार्च को संचालक मंडल के सदस्यों के लिए चुनाव संपन्न हुए थे ,इस चुनाव में 29 पुरुषों एवं चार महिलाओं ने अपनी किस्मत आजमाया, जिसमें एक महिला उम्मीदवार की जीत निर्विरोध निर्वाचित हुई वहीं दस लोगों को चुनाव में जीत हासिल हुई । पहले से ही मजबूत प्रत्याशी दिख रहें थें बृजेश,(रिन्टु) कालरी वर्कस कोआपरेटिव सोसायटी के चुनाव कों लेकर पहले दिन से ही कश्मकश दिखाई देने लगी थी,बृजेश पांडे(रिंटू) की युवा टीम शुरूआत से ही पूरे चुनाव में दमखम के साथ लगी रही और अंततः इस चुनाव में विजय भी हुई। अध्यक्ष की जीत के बाद बृजेश पांडेय (रिन्टु)ने कहा है सभी वादे करेंगे पूरा कालरी वर्कस कोआपरेटिव सोसायटी के अध्यक्ष बनने के बाद बृजेश पांडे ने कहा की चुनाव पूर्व जो वादा उनके द्वारा किया गया था वह वाद प्रथामिकता के साथ पूरा करनें का प्रयत्न करूंगा जो लोग प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया हैं उनको धन्यवाद देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। कालरी वर्कस कोआपरेटिव सोसायटी के अध्यक्ष की घोषणा के बाद लगा बधाईयां का तांता इमानदार एवं मिलनसार व्यक्ति एवं व्यावहार के धनी बृजेश( रिन्टु) श्रम संगठन इंटक से जुड़े हैं , चुनाव में जीत के बाद कोयलांचल क्षेत्र में खुशी का माहौल दिखाई देने लगा एवं बधाईयां का तांता लगा गया कालरी वर्कर्स कोआपरेटिव सोसायटी के बाहर सभी ने फूल मालाओं से स्वागत किया । अध्यक्ष पद पर इंटकसमर्थित बृजेश पांडे ए की जीत के पीछे इंटक के एरिया महामंत्री अमरजीत सिंह एवं इंटक के एरिया उपाध्यक्ष अजय यादव की रणनीति सफल हुई।




# 2023 बैच के आईएएस अधिकारियों ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

**आईएएस अधिकारियों द्वारा स्थानीय व राज्य स्तर पर किए गए विकास और जन कल्याण कार्य राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक होंगे: राष्ट्रपति मुर्मु**

**विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिव के रूप में कार्यरत 2023 बैच के आईएएस अधिकारियों के एक समूह ने आज (15 अप्रैल, 2025) राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।**

राष्ट्रपति ने आईएएस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे असाधारण दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से आईएएस अधिकारी बने हैं। इससे उनके निजी जीवन में भी बड़ा बदलाव आया है। अब और भी अधिक दृढ़ संकल्प और समर्पण के साथ उन्हें अनगिनत लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाने का अवसर मिला है। उनकी सेवा और अधिकार का क्षेत्र इतना व्यापक है कि वे अपनी पहली पोस्टिंग में ही कई नागरिकों के जीवन को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने आईएएस अधिकारियों को वंचितों के उत्थान के लिए विशेष प्रयास करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी सलाह दी कि अधिकारी अपने करियर के दौरान कुछ समय बाद पोस्टिंग वाले स्थानों पर जाएं और अपने काम के दूरगामी परिणाम देखें। राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकारियों को लोक सेवकों के अधिकारों और कर्तव्यों को ध्यान में रखना चाहिए। एक लोक सेवक के कर्तव्य उसकी ज़िम्मेदारियां हैं और उसके अधिकार उन कर्तव्यों को पूरा करने का साधन हैं। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि उनके करियर की असली कहानी उनके काम से बनेगी, न कि सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स की संख्या बढ़ाने से। उनकी असली सामाजिक संपत्ति उनके अच्छे काम से तय होगी।

राष्ट्रपति ने कहा कि प्रत्येक लोक सेवक को ईमानदारी और उद्देश्य के साथ काम करना चाहिए। पर्यावरण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का हम सभी सामना कर रहे हैं। अनैतिकता का प्रदूषण और मूल्यों का क्षरण भी बहुत गंभीर चुनौतियां हैं। निष्ठावान और ईमानदार होने के बारे में और कुछ कहने की जरूरत नहीं है। ईमानदारी, सच्चाई और सादगी के जीवन मूल्यों का पालन करने वाले लोग अधिक सुखी रहते हैं। लोक सेवा में ईमानदारी सबसे वांछनीय नीति है। लोक सेवक से यह अपेक्षा की जाती है कि वे जीवन के हर क्षेत्र में निष्ठा और संवेदनशीलता का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि डिजिटल युग में लोगों की आकांक्षाएं बढ़ रही हैं। वे प्रशासकों की जवाबदेही के प्रति जागरूक हो रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को आमजनों के साथ निकटता बढ़ाने और स्थानीय प्रयासों में उनकी भागीदारी बढ़ाने की सलाह दी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दों को हल करने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्थानीय और राज्य स्तर पर उनके द्वारा किए गए विकास और जन कल्याण के कार्य राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेंगे।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा ने एम्स ऋषिकेश के पांच वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की

**दीक्षांत समारोह एक विशेष अवसर होता है, जो छात्रों द्वारा प्राप्त उपलब्धियों को मान्यता प्रदान करता है: श्री जेपी नड्डा**

**"सरकार ऐसी स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है जो न केवल उपचारात्मक हो, बल्कि निवारक, उपशामक और पुनर्वासात्मक भी हो"**

**"देश भर में 1.75 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं, पिछले 10 वर्षों में मेडिकल कॉलेजों में 101प्रतिशत की वृद्धि हुई है, पिछले 10 वर्षों में एमबीबीएस सीटों में 130 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि पीजी सीटों में 138 प्रतिशत की वृद्धि हुई है"**

**श्री नड्डा ने आयुष विभाग में इंटीग्रेटेड मेडिसिन, न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग में एक पीईटी स्कैन मशीन, रेडियोलॉजी विभाग में पीएसीएस सुविधा और बाल चिकित्सा देखभाल में उन्नत बाल रोग विज्ञान केंद्र सहित कई स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं का उद्घाटन किया**

**ऋषिकेश स्थित एम्स मरीजों को रोबोटिक सर्जरी, न्यूरो सर्जरी और रेडिएशन थेरेपी जैसी उन्नत चिकित्सा उपचार प्रदान कर रहा है: श्री पुष्कर सिंह धामी**

**दीक्षांत समारोह के दौरान 434 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज ऋषिकेश स्थित एम्स के पांचवें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। इस मौके पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तराखंड के स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री श्री धन सिंह रावत, लोकसभा सदस्य श्री अजय भट्ट, श्री अजय टम्टा और श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत तथा उत्तराखंड विधानसभा की अध्यक्ष श्रीमती रितु खंडूरी भूषण भी मौजूद थीं। इस अवसर पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए श्री जे.पी. नड्डा ने कहा कि दीक्षांत समारोह एक विशेष अवसर होता है, जो विद्यार्थियों द्वारा अर्जित उपलब्धियों को मान्यता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक गरीब व्यक्ति को किफायती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। श्री जे.पी. नड्डा ने चिकित्सा शिक्षा और सेवाओं में देश भर के एम्स संस्थानों की उपलब्धियों पर रोशनी डालते हुए कहा कि "इस सदी के आगमन तक भारत में केवल एक एम्स था। वर्तमान में, देश में 22 एम्स कार्यरत हैं।" उन्होंने कहा कि एम्स ऋषिकेश ने अपनी बेहतरीन सेवाओं के कारण स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के बीच एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने नागरिकों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, "सरकार ऐसी स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है जो न केवल उपचारात्मक हो बल्कि निवारक, उपशामक और पुनर्वासात्मक भी हो।" स्वास्थ्य क्षेत्र में केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए, श्री नड्डा ने कहा, "वर्तमान में, देश भर में 1.75 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं, जो स्वास्थ्य सेवा और कल्याण से संबंधित कई तरह की सेवाएं प्रदान करते हैं। पिछले 10 वर्षों में, देश भर में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में 101 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और ये कुल 780 हो गई है। पिछले 10 वर्षों में एमबीबीएस सीटों में 130 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि पीजी सीटों में 138 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।" उन्होंने आगे कहा, "इसी तरह, पैरामेडिक्स की जरूरतों को पूरा करने के लिए, 157 नर्सिंग कॉलेज भी स्थापित किए जा रहे हैं, जो मेडिकल कॉलेजों के साथ ही स्थित होंगे।" केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने हेलीकॉप्टर और ड्रोन सेवाओं का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए एम्स ऋषिकेश की सराहना की, जिसमें 309 गंभीर रोगियों को बचाया गया। उन्होंने राज्य के दूरदराज और वंचित क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने के लिए टेलीमेडिसिन (ई-संजीवनी) जैसी डिजिटल सेवाओं का उपयोग करने के लिए देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में से एक होने के लिए एम्स ऋषिकेश को भी बधाई दी। श्री नड्डा ने अपने संबोधन का समापन छात्रों को अपने काम के प्रति करुणा, ईमानदारी और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हुए किया। इस बात पर बल देते हुए कि सरकार प्रत्येक एमबीबीएस छात्र पर 30-35 लाख रुपये खर्च करती है, उन्होंने नए डॉक्टरों से आग्रह किया कि वे अपने पेशेवर करियर की शुरूआत करते समय अधिक जिम्मेदारियां निभाएं। कार्यक्रम के दौरान श्री नड्डा ने संस्थान की चिकित्सा सेवाओं को बढ़ाने के लिए कई स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं का उद्घाटन किया, जिनमें आयुष विभाग में एकीकृत चिकित्सा, न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग में एक पीईटी स्कैन मशीन, रेडियोलॉजी विभाग में पीएसीएस सुविधा और बाल चिकित्सा देखभाल में उन्नत बाल रोग विज्ञान केंद्र शामिल हैं। समारोह के दौरान श्री नड्डा ने एमबीबीएस, डीएम, एमएससी नर्सिंग, बीएससी नर्सिंग और बीएससी एलाइड हेल्थ साइंसेज कार्यक्रमों के 10 मेडिकल छात्रों को स्वर्ण पदक और डिग्री प्रदान की। दीक्षांत समारोह के दौरान कुल 434 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई, जिनमें 98 एमबीबीएस छात्र, 95 बीएससी (ऑनर्स) नर्सिंग छात्र, 54 बीएससी एलाइड हेल्थ साइंसेज छात्र, 109 एमडी/एमएस/एमडीएस छात्र, 17 एमएससी नर्सिंग छात्र, 1 एमएससी मेडिकल एलाइड छात्र, 12 मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ छात्र, 40 डीएम/एमसीएच छात्र और 8 पीएचडी छात्र शामिल हैं। इस अवसर पर बोलते हुए श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आयुष्मान भारत जैसी पहलों तथा नए एम्स और मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के साथ पिछले दशक में देश के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उल्लेखनीय उन्नति हुई है। उन्होंने कहा कि एम्स ऋषिकेश पूरे राज्य के लोगों को गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं और सुविधाएं प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि ये संस्थान रोगियों को रोबोटिक सर्जरी, न्यूरो सर्जरी और रेडिएशन थेरेपी जैसी उन्नत चिकित्सा उपचार प्रदान कर रहा है। उन्होंने एम्स ऋषिकेश में हेली-एम्बुलेंस सेवाओं के उद्घाटन पर भी प्रकाश डाला। श्री धामी ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि आज उत्तराखंड में 5,000 से अधिक ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हैं। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने और राज्य में जन औषधि केंद्रों के नेटवर्क का विस्तार करने के लिए काम कर रही है। इस कार्यक्रम में एम्स ऋषिकेश के अध्यक्ष प्रो. समीरन नंदी, कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह, डीन अकादमिक प्रो. जया चतुर्वेदी, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. बी. सत्य श्री, उप निदेशक (प्रशासन) कर्नल राजीव सेन रॉय, डीन परीक्षा प्रो. प्रशांत पाटिल, वित्तीय सलाहकार लेफ्टिनेंट कर्नल एस. सिद्धार्थ, आयोजन समिति की अध्यक्ष प्रो. लतिका मोहन, विभिन्न विभागों के प्रमुख, संकाय सदस्य, अधिकारी, मेडिकल और नर्सिंग के छात्र उपस्थित थे।

# एनक्यूएम के तहत चयनित स्टार्टअप ने उद्यमों को उनके महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा करने में सक्षम बनाने के लिए प्लेटफॉर्म विकसित किया

राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (एनक्यूएम) के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा चयनित स्टार्टअप्स में से एक, क्यूनू लैब्स ने आज विश्व क्वांटम दिवस के अवसर पर दुनिया का पहला और अनूठा प्लेटफॉर्म क्यूशील्ड लॉन्च किया है, जो किसी भी वातावरण - क्लाउड, ऑन-प्रिमाइसेस या हाइब्रिड में सहज क्रिप्टोग्राफी प्रबंधन को सक्षम बनाता है। क्यूशील्ड उद्यमों को बड़े पैमाने पर अपने महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा करने में सक्षम बनाता है - क्यूनू के पेटेंटेड क्वांटम कुंजी वितरण (आर्मोस), क्वांटम रैंडम नंबर जेनरेटर (ट्रोपोस), क्वांटम हार्डवेयर सुरक्षा मॉड्यूल (क्यूएचएसएम) और एनआईएसटी-अनुरूप पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी (पीक्यूसी) के साथ निर्मित, क्यूशील्ड पारगमन और आराम में संवेदनशील डेटा को सुरक्षित करने के लिए एक अंत-से-अंत समाधान प्रदान करता है। इस प्लेटफॉर्म का शुभारंभ क्वांटम प्रौद्योगिकी में वैश्विक नेतृत्व की दिशा में भारत की यात्रा में एक और कदम जोड़ता है।

# डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के दृष्टिकोण ने भारत के संविधान को आकार दिया जो भारत की आत्मा को दशार्ता है: सबानंद सोनोवाल

केंद्रीय मंत्री सबानंद सोनोवाल ने डॉ. बीआर अंबेडकर को उनकी 135वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की समानता, बंधुत्व और न्याय की भावना जिसका डॉ. अंबेडकर ने समर्थन किया था, उसे विकसित भारत के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में दोहराया गया: केंद्रीय मंत्री सबानंद सोनोवाल केंद्रीय मंत्री श्री सबानंद सोनोवाल ने युवाओं से भारत गणराज्य के आधुनिक लोकतंत्र को आकार देने में बाबासाहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर के अमूल्य योगदान, बलिदान और परिश्रम के लिए उनके कार्यों पर और अधिक शोध और अध्ययन करने का आह्वान किया। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री श्री सोनोवाल ने आज डिब्रूगढ़ में भारतीय संविधान के निमार्ता डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर आयोजित एक स्मारक कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए, केंद्रीय मंत्री सबानंद सोनोवाल ने कहा, बाबा भीमराव अंबेडकर जी के कानून पर आधारित समतावादी समाज के निर्माण के अथक प्रयासों ने आधुनिक भारत की नींव रखी। न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का उनका दृष्टिकोण विकसित भारत की ओर हमारी सामूहिक यात्रा का मार्गदर्शन करता रहेगा। डॉ. अंबेडकर जी ने सिर्फ संविधान का मसौदा ही नहीं तैयार किया, उन्होंने हमें एक समावेशी, सशक्त राष्ट्र का खाका दिया, जहां हर नागरिक को सम्मान और अवसर मिले। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के दृष्टिकोण ने भारत के संविधान को आकार दिया जो भारत की आत्मा को प्रतिबिंबित करता है। अंबेडकर जी का सामाजिक सद्भाव और संवैधानिक नैतिकता का मंत्र एक न्यायपूर्ण और विकसित भारत के निर्माण में हमारा मार्गदर्शक बना हुआ है।इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के अद्वितीय योगदान को श्रद्धांजलि दी और उनकी विरासत को याद किया। एक न्यायपूर्ण, प्रगतिशील और समावेशी भारत के अपने दृष्टिकोण पर जोर देते हुए उन्होंने सभी से एक विकसित और समतापूर्ण राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया। डॉ. अंबेडकर द्वारा दिए गए समानता, बंधुत्व और न्याय के संदेश को एक मजबूत समाज के लिए मार्गदर्शक पथ के रूप में दोहराया गया। सबानंद सोनोवाल ने आगे कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार के दौरान, डॉ. बी.आर. अंबेडकर की गहन विरासत को वह मान्यता मिली है जिसके वे वास्तव में हकदार हैं। इस अंबेडकर जयंती पर, मैं हमारे देश के युवाओं से आग्रह करता हूं कि वे भारतीय संविधान के निर्माण में बाबासाहेब की महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार करें - जो समानता, न्याय और कानून के शासन पर आधारित एक दस्तावेज है। उनके आदर्श हमें एक समावेशी और समतावादी समाज के निर्माण में मार्गदर्शन करते हैं

# 58वां प्रांतीय सम्मेलन में संघ के प्रदेश अध्यक्ष बोले- शिक्षा माफिया देश में लागू नहीं होने दे रहे समान पाठ्यक्रम

- प्रांतीय शिक्षक सम्मेलन में 75 जिलों से पहुंचे शिक्षक
- पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष जारी रहेगा: चेतनारायण सिंह



**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
बरेली । माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट का 58वां प्रांतीय सम्मेलन मंगलवार को बरेली के संजय कम्युनिटी हॉल में दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ। इस अवसर पर प्रदेश भर से आए सैकड़ों शिक्षकों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में मुख्य रूप से पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू करने और पूरे देश में समान पाठ्यक्रम लागू किए जाने की मांग पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा शिक्षा माफिया देश में समान पाठ्यक्रम लागू नहीं होने दे रहे हैं।

### पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष जारी रहेगा: चेतनारायण सिंह

संघ के प्रदेश अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा, जब तक पुरानी पेंशन योजना बहाल नहीं होती, तब तक हमारा संगठन चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने यह भी कहा कि तदर्थ शिक्षकों के नियमितीकरण को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए और यूपीएससी व पीसीएस की परीक्षाओं की तरह देशभर में स्कूली शिक्षा के लिए एक समान पाठ्यक्रम लागू होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा माफिया देश में समान पाठ्यक्रम लागू नहीं होने दे रहे हैं और सरकार को इस बाधा को दूर करना चाहिए।

### राज्य मंत्री ने किया उद्घाटन, एमएलसी और विधायक भी हुए शामिल

कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि वह शिक्षकों की समस्याओं को लेकर हमेशा तत्पर हैं और जरूरत पड़ी तो मुख्यमंत्री तक भी आवाज पहुँचाने को तैयार हैं। एमएलसी बहोरन लाल मौर्य ने भी समान पाठ्यक्रम की मांग का समर्थन करते हुए कहा देश की राजनीति की दिशा शिक्षा से तय होती है। यदि पूरे देश में एक जैसा पाठ्यक्रम हो जाए तो यह बदलाव की दिशा में बड़ा कदम होगा। एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने शिक्षकों को समाज का मूर्तिकार बताया और कहा कि आज भी समाज में शिक्षक की छवि मजबूत बनी हुई है।
कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा शिक्षक राष्ट्र की दशा और दिशा तय करते हैं। शिक्षकों के सम्मान और उनके मुद्दों के समाधान के लिए मैं हर स्तर पर खड़ा रहूंगा। फ्यूचर यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. पंकज मिश्रा ने भाजपा सरकार में शिक्षा के क्षेत्र में हुए सुधारों को सराहा और कहा कि अब हर जिले में विश्वविद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं जिससे छात्रों को दूसरे जिलों में उच्च शिक्षा के लिए नहीं जाना पड़ता।

### पूरे प्रदेश से जुटे शिक्षक, सम्मेलन जारी रहेगा

सम्मेलन 17 अप्रैल तक विभिन्न सत्रों में चलेगा। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश रस्तोगी ने बताया कि इस सम्मेलन में प्रदेश के सभी 18 मंडलों से प्रतिनिधि मौजूद हैं। सोमवार रात से ही शिक्षकों का आगमन शुरू हो गया था और अब तक लगभग 1500 शिक्षक सम्मेलन स्थल पर पहुँच चुके हैं। सम्मेलन में महेश चंद्र शर्मा , डॉ सुरेश रस्तोगी, मेजर डॉ देवेंद्र सिंह , विमलेंद्र शर्मा, डॉक्टर सुरेश रस्तोगी , श्याम वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# हिंदू देवताओं की शक्ति पर सवाल उठाने पर भड़के धर्मगुरु पंडित सुशील पाठक, बोले - आ जाएं मंदिर में, दिखा देंगे ताकत



**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
बरेली । सपा के विधायक और राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज के एक विवादित बयान ने नया सियासी और धार्मिक तूफान खड़ा कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि ह्लअगर हिंदू मंदिरों और देवताओं में ताकत होती, तो महमूद गजनवी, मोहम्मद गौरी और मोहम्मद बिन कासिम जैसे आक्रांताओं की हिम्मत नहीं होती कि वे भारत आते और मंदिरों को तोड़ते। इंद्रजीत सरोज के इस बयान पर धर्मगुरु पंडित सुशील पाठक ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने न केवल इस बयान की कड़ी निंदा की बल्कि सपा मुखिया अखिलेश यादव से भी सवाल पूछ डाला। उन्होंने कहा,ह्लसबसे पहले मैं अखिलेश यादव से पूछना चाहता हूँ कि जब उन्हें हिंदू देवताओं पर विश्वास नहीं है, तो उन्होंने केदारनाथ मंदिर क्यों बनवाया? अगर आस्था है, तो फिर उनके विधायक द्वारा दिए गए इस अपमानजनक बयान पर कार्रवाई होनी चाहिए।
पंडित सुशील पाठक ने आगे भगवान श्रीकृष्ण के चमत्कारों का हवाला देते हुए कहा किह्लजब भगवान श्रीकृष्ण केवल 7 वर्ष के थे, तब उन्होंने 7 कोश का गोवर्धन पर्वत अपनी सबसे छोटी उंगली पर 7 दिनों तक उठाया था। यह शक्ति किसी सामान्य व्यक्ति की नहीं, बल्कि स्वयं भगवान की थी, जिन्होंने बृजवासियों की रक्षा की। उन्होंने ज्वालामुखी मंदिर की अमर ज्योति का भी उल्लेख करते हुए कहा किह्लअकबर जैसा शक्तिशाली राजा भी इस ज्योति को बुझाने में असमर्थ रहा। अंततः उसे देवी मां के आगे झुकना पड़ा।
पंडित सुशील पाठक ने इंद्रजीत सरोज को चुनौती देते हुए कहा अगर उन्हें देवताओं की शक्ति पर संदेह है, तो वे मेरे पास आएं, मंदिर में बैठें झ मैं उन्हें हिंदू मंदिरों और देवताओं की शक्ति दिखा दूंगा। अंत में उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी आग्रह किया कि इस प्रकार की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले बयानों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे समाज में सौहार्द बना रहे। यह मामला अब सियासी गर्मी के साथ धार्मिक असंतोष का रूप भी लेता दिख रहा है, और आने वाले दिनों में इस पर और प्रतिक्रियाएं सामने आ सकती हैं।

# पैनी नजर सामाजिक संस्था ने प्रशासन से शराब की भट्टी को बंद कराने की मांग की



**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
बरेली । नवाबगंज में पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष व रोहिलखंड प्रांत उपाध्यक्ष आम आदमी पार्टी एडवोकेट सुनीता गंगवार ने ग्राम हाफिजगंज में सैंथल रोड पर नवनिर्मित शराब भट्टी को बंद करवाने हेतु उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा लगभग 8 दिन पूर्व यह शराब भट्टी खोली गई जिसको लेकर वहां के स्थानीय लोगों में विशेष रूप से महिलाओं में बेहद आक्रोश फैल गया यह भट्टी कस्तूरबा इंटर कॉलेज व राजकीय इंटर कॉलेज के पास आबादी क्षेत्र में खोली गई है जिससे वहां पर हर समय शराब पीने वालों का जमघट लगा रहता है जिसके कारण महिलाओं का आना-जाना दुश्वार होता जा रहा है और तरह-तरह की समस्याएं महिलाओं व लड़कियों के लिए खड़ी हो रही है सुनीता गंगवार ने कहा आए दिन वहां पर छेड़छाड़ की घटनाएं होंगी लोगों को शराबी बनाने के लिए सरकार ज्यादा से ज्यादा शराब भट्टी के लाइसेंस बांट रही है। सरकार को इस बात से कोई लेना-देना नहीं की शराब की भरमार होने से समाज पर क्या प्रभाव पड़ेगा सरकार को अपनी आय से मतलब है अपने फायदे से मतलब है लेकिन देश और समाज कहां जा रहा है इससे कोई लेना-देना नहीं। एडवोकेट सुनीता गंगवार ने कहा कि शराब भट्टियां हर 10 कदम पर खुल रही हैं ऐसा लगता है कि पूरे देश का दारुकरण किया जा रहा है । नशे को बेचकर सरकार आम जनमानस को नशे की लत का शिकार बनाना चाह रही है जिससे लोग शराबी बन शिक्षा रोजगार की बात ना करें शराब से सबसे अधिक महिलाएं प्रभावित होती हैं घरों में झगड़े आर्थिक परेशानियां उत्पन्न होती हैं। सुनीता गंगवार ने तहसील प्रशासन से कहा कि यदि यह भट्टी तत्काल वहां से नहीं हटाई गई तो इसके लिए आक्रोशित महिलाएं संस्था के साथ धरना देने पर मजबूर होंगी।

# समाज के हर वर्ग को सम्मान और बराबरी का अधिकार :वाणी सिन्हा




**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
बरेली । पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर मंडल पर कार्मिक विभाग के तत्वावधान में भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के 134वें जन्म दिवस के उपलक्ष में आज मंडल रेल प्रबंधक सभा कक्ष में आयोजित ह्लह्लजन्म दिवसह्लह्ल समारोह में मंडल रेल प्रबंधक, सुश्री वीणा सिन्हा, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार सहित मंडल के शाखा अधिकारी, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों तथा रेल कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहब को श्रद्धाँजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी संदीप सिंह ने किया।
इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक सुश्री सिन्हा ने बताया कि न्यायविद, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार के रुप में बाबा साहेब का योगदान आज भी हमें प्रेरित करता है। उनका जीवन हमें याद दिलाता हैं कि प्रगति और सम्मान हर व्यक्ति का अधिकार है।समानता और सेवा राष्ट्र निर्माण के स्तंभ हैं। डॉ. अंबेडकर वंचितों के उत्थान के लिए बुनियादी ढ़ांचे और आर्थिक विकास की शक्ति में विश्वास करते थे। उन्होंने पहले कानून मंत्री के रुप में भारत की जल और परिवहन नीतियों को आकार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज हम उनके बतायें गये मार्ग एवं नियमों के तहत उच्च-नीच का भेद-भाव किये बिना रेल की कार्यप्रणालियों में भी प्रगति के पथ पर अग्रसर है।
अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार, सहायक कार्मिक अधिकारी बबलु एवं यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी अपने उद्गार व्यक्त करते हुए बताया कि डॉ. अंबेडकर शिक्षा की शक्ति में दृढ़ विश्वास रखते थे और एक बार उन्होंने कहा था, ह्यह्यमन की खेती मानव अस्तित्व का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए।ह्यह्य उन्होंने जाति की की बेड़ियों को तोड़ने और शिक्षा, सामाजिक सुधारों और समान अधिकारों के माध्यम से हाशिए पर पड़े लोगों के उत्थान की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं के अधिकार एवं विकास पर भी बहुत काम किया। उनके मूल मंत्र थे- ह्यह्यशिक्षित बनो, संगठित रहो और आंदोलित रहो।ह्यह्य उनके बताये मार्गों पर चल कर हम उनकी सच्ची श्रद्धाँजलि अर्पित कर सकते है।

# 20 हजार की रिश्वत लेते हुए टेक्सटाइल इंस्पेक्टर रंगे हाथ धरा



**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
बरेली । भ्रष्टाचार के खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को सशक्त रूप से लागू करते हुए भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एसीबी) बरेली ने शानदार सफलता अर्जित की। हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग विभाग के टेक्सटाइल इंस्पेक्टर आदित्य प्रकाश को 20,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई ने भ्रष्टाचारियों के मन में दहशत पैदा कर दी है।
शिकायतकर्ता मुख्तार अहमद अंसारी, निवासी भगवंतापुर, बरेली, ने एसीबी को अवगत कराया कि आदित्य प्रकाश ने बुनकरों के हथकरघा क्लस्टर सर्वे के लिए 20,000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस उपाधीक्षक, भ्रष्टाचार निवारण संगठन, बरेली मंडल के मार्गदर्शन में निरीक्षक संजय सिंह के नेतृत्व में एक कुशल ट्रैप टीम गठित की गई। 15 अप्रैल को सुबह 11:53 बजे, हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग कार्यालय, बरेली में सटीक छापेमारी कर आदित्य प्रकाश को रिश्वत लेते पकड़ा गया।
आरोपी आदित्य प्रकाश (52 वर्ष), पुत्र स्वर्गीय नगीना राम, निवासी गोमती नगर, लखनऊ, के खिलाफ साक्षियों की उपस्थिति में पारदर्शी कार्रवाई की गई। आरोपी के विरुद्ध थाना बारादरी, बरेली में विधिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। यह ऑपरेशन अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस उपमहानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निवारण संगठन, लखनऊ के निदेशों का परिणाम है। एसीबी बरेली ने आमजन से भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों के लिए संपर्क करने का आह्वान किया है। पीड़ित पुलिस उपाधीक्षक (9454405475) या प्रभारी निरीक्षक (9454401653) से संपर्क कर सकते हैं। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार के विरुद्ध सरकार की दृढ़ संकल्पना को रेखांकित करती है और भविष्य में ऐसी गतिविधियों पर कड़ा प्रहार करने का संदेश देती है।

### बरेली में पहले भी पकड़े जा चुके हैं घूसखोरी के आरोपी

चार अप्रैल 2025 को एंटी करप्शन टीम ने चकबंदी लेखपाल महावीर सिंह को घूस लेते रंगेहाथ पकड़ा था। उसने सहायक चकबंदी अधिकारी तृतीय के कहने पर वारिसान दर्ज करने के बदले एक किसान से 25 हजार रुपये रिश्वत ली थी।
20 फरवरी को बिथरी चैनपुर के खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) अवनीश प्रताप सिंह के चालक वीरपाल को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया था। बीईओ ने प्रधानाध्यापक से रुका वेतन निकलवाने के नाम पर घूस मांगी थी।
छह जनवरी 2025 को मारपीट के मामले में गिरफ्तारी से बचाने के नाम पर 50 हजार की घूस लेते दरोगा दीपचंद को एंटी करप्शन की टीम ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। दरोगा ने मुकदमे से नाम निकालने को कहा था।
तीन जनवरी 2025 को आईटीआई के अनुदेशक कृष्ण कुमार गुप्ता को टेबलेट देने के नाम पर चार हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया था। पीड़ित छात्र की शिकायत पर टीम ने यह कार्रवाई की थी। शासन की ओर से यह टेबलेट निशुल्क दिया जाना था।

# निजी स्कूलों के शोषण के खिलाफ शिवसेना ने किया प्रदर्शन



**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
बरेली । शिवसेना पश्चिमी उत्तर प्रदेश ने बरेली में बुक डिपो और निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों और शिक्षकों के कथित शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद की है। संगठन ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा , जिसमें स्कूलों की मनमानी और आर्थिक शोषण पर अंकुश लगाने की मांग की गई। ज्ञापन में स्कूलों द्वारा महंगी फीस, पाठ्यक्रम और ड्रेस की खरीद में अनियमितताओं के साथ-साथ शिक्षकों को कम वेतन देने जैसे गंभीर मुद्दों को उठाया गया।
ज्ञापन में कहा गया कि पब्लिक और निजी स्कूल अभिभावकों से भारी-भरकम फीस, प्रवेश शुल्क और अन्य शुल्कों के नाम पर खुलेआम वसूली कर रहे हैं। स्कूल संचालक अभिभावकों को दुकानों से महंगे दामों पर पाठ्यक्रम और ड्रेस खरीदने के लिए बाध्य करते हैं। विशेष रूप से, सरस्वती सदन और चिल्ड्रन बुक डिपो, बरेली जैसी पब्लिकेशन कंपनियों के साथ स्कूलों की साठगांठ का आरोप लगाया गया, जो 60 प्रतिशत तक कमीशन लेकर अभिभावकों को तीन गुना दामों पर किताबें खरीदने के लिए मजबूर करती हैं। इसके अलावा, प्रत्येक कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद बच्चों से दोबारा प्रवेश शुल्क वसूलने की प्रथा को भी अभिभावकों के लिए परेशानी का कारण बताया गया।
शिवसेना ने शिक्षकों के साथ हो रहे अन्याय को भी उजागर किया। ज्ञापन के अनुसार, स्कूल संचालक शिक्षकों को 18-20 हजार रुपये मासिक वेतन का वादा करते हैं, लेकिन वास्तव में उन्हें केवल 5-7 हजार रुपये ही दिए जाते हैं। यह दोहरा मापदंड शिक्षकों के साथ आर्थिक शोषण का स्पष्ट उदाहरण है। संगठन ने आरोप लगाया कि स्कूलों ने शिक्षा को व्यापार बना दिया है और बिना किसी सरकारी नियंत्रण के यह अनियमितताएं लंबे समय से जारी हैं।
शिवसेना ने जनहित में कई ठोस मांगें रखीं। पहली, सभी स्कूलों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम अनिवार्य किया जाए और अभिभावकों को खुले बाजार से किताबें व ड्रेस खरीदने की आजादी दी जाए। दूसरी, एक बार प्रवेश के बाद प्रत्येक कक्षा में दोबारा प्रवेश शुल्क लेने की प्रथा पर रोक लगे। तीसरी, सरकारी स्कूलों का स्तर सुधारकर उन्हें आधुनिक शिक्षा से जोड़ा जाए ताकि निजी स्कूलों पर निर्भरता कम हो। चौथी, शिक्षकों का वेतन शासनादेश के अनुसार तय हो और इसकी अनियमितता पर सख्ती हो।
इस दौरान शिवसेना के जिला प्रमुख दीपक पाठक, महानगर प्रमुख आयुष वर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन तेज करेंगे। यह ज्ञापन न केवल बरेली बल्कि पूरे प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता को रेखांकित करता है। इस दौरान शिव सेना पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिला प्रमुख दीपक पाठक ,महानगर प्रमुख आयुष वर्मा, शिवम सक्सेना, सौरभ सैनी , विश्वप्रताप सिंह, नवीन शर्मा ,दिवेद ,सुधा शर्मा, संजय चन्द्रा,अनीता मिश्रा,विनोद राजपूत, रेखा रस्तोगी, अंकुर अग्निहोत्री, वासु रस्तोगी,प्रिन्स चन्द्रा, अर्चित मिश्रा, जोत कौर, शुभम रस्तोगी, विजय मिश्रा,नवीन सक्सेना, रनजीत सैनी,शिवम उपाध्याय,माधव रस्तोगी,विवेक मिश्रा,विकास प्रभार, राकेश यादव,सोनू सक्सेना मौजूद रहे।

# कवयित्री सम्मलेन और सम्मान समारोह में कवयित्रियों ने बांधा समां




**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
बरेली । पंडित राधे रमण वेलफेयर ट्रस्ट बरेली द्वारा बरेली खुशहाली सभागार में कवयित्री सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में बतौर अतिथि उप निदेशक सूचना नीतू कनौजिया और पूर्व आईएमए अध्यक्ष डॉ विनोद पागरानी का सानिध्य प्राप्त हुआ। आयोजन में मुरादाबाद की लेखिका समाजसेवी असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रीती माहौर को सौम्या सम्मान 2025 प्रदत्त किया गया। कवयित्री सम्मेलन में बहेड़ी से सीमा मौर्य व नेहा मिश्रा पीलीभीत से रश्मि रेशु, पूरनपुर से गीता राठौर,बरेली से वंदना मिश्रा ह्लशरदह्व कवयित्री ने काव्य पाठ किया तो श्रोताओं को अपनी कविता से मंत्र मुग्ध कर दिया। सम्मेलन का संयोजन ट्रस्ट के अध्यक्ष अंकुश शर्मा व सबरंग स्टूडियो के निदेशक करुणानिधि गुप्ता द्वारा किया गया तो साथ ही कार्यक्रम का संचालन कवि रोहित राकेश द्वारा किया गया। पंडित राधे रमण ट्रस्ट द्वारा आयोजित कवियत्री सम्मेलन का शुभारम्भ माँ सरस्तवी के चित्र पर संस्था संरक्षक रमा देवी द्वारा द्वीप प्रज्वल्लन के साथ हुआ।
कवयित्री सम्मेलन में सौम्या सम्मान से सम्मानित कवयित्री समाजसेविका डॉ प्रीती माहौर ने अपने उद्बोधन में महिला अपराध और महिलाओं की वेदना को दशार्या तो साथ ही उन्होंने समाज में फैली कुरीति दहेज प्रथा पर भी चोट करते हुए अपना कविता पाठ किया जो सभागार में मौजूद महिलाओं के साथ श्रोताओं को खूब भाया।
अतिथि डॉ विनोद पागरानी और उप निदेशक सूचना नीतू कनौजिया ने डॉ प्रीती माहौर को सौम्या सम्मान प्रदत्त किया तो संस्था अध्यक्ष अंकुश शर्मा द्वारा सम्मान पत्र प्रदान किया गया और करुणा निधि गुप्ता ने स्मृति चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया। इस दौरान संस्था की तरफ से नकद 2100 की राशि भी सम्मान स्वरुप प्रदान की गई।
उप निदेशक सूचना नीतू कनौजिया ने जहाँ कवयित्रियों की प्रस्तुतियों को सराहा गया तो साथ ही बेटिओं को आगे बढ़ाने का आवाहन करते हुए संस्था के कार्यों की सराहना की। इसी क्रम में पूर्व आईएमए अध्यक्ष डॉ विनोद पागरानी ने भी संस्था के कार्यों को सराहा तो साथ ही कवयित्री सम्मेलन में प्रस्तुत की गई कविताओं की सराहना की गई तो इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर सहयोग प्रदान करने की बात को भी कहा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ दिनेश चंद्र शर्मा पूर्व प्रचारक ने सभी कवयित्रियों को साधुवाद प्रदान किया और उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने आशीर्वचन के दौरान आयोजकों को भी इस तरह के साहित्यिक आयोजन के लिए बधाई भी दी।
आयोजन के अंत में संस्था अध्यक्ष अंकुश शर्मा ने संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला तो सबरंग स्टूडियो के निदेशक करुणा निधि गुप्ता ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए इस प्रकार की साहित्यिक गतिविधियों को निरंतर जारी रखने की बात को कहा। आयोजन को सफल बनाने में आरती गुप्ता, महिमा गुप्ता, रेशु गुप्ता, दर्शिका गुप्ता, विशाल गुप्ता, सोमेश शर्मा, दिव्या शर्मा, श्रेया शर्मा, सौम्या शर्मा, अजय शर्मा, श्रीमती रमा देवी, रमेश चंद्र मिश्रा, गरिमा मिश्रा, शिवम् मिश्रा, महेश पाल, संतोष आदि ने अपनी अहम् भूमिका निभाई।

# आग की दुर्घटनाओं को कम करने हेतु यलो आर्मी कर रही जन जन को जागरूक

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
बरेली । नागरिक सुरक्षा बरेली के उपनियंत्रक राकेश मिश्रा के निदेर्शानुसार अलखनाथ प्रभाग पोस्ट मॉडल टाउन द्वारा अग्नि सुरक्षा जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ श्री बिष्णु इण्टर कॉलेज से किया गया। सर्वप्रथम डिप्टी चीफ वार्डन रंजीत बशिष्ठ व सहायक उपनियंत्रक प्रमोद डागर द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात सहायक उपनियंत्रक प्रमोद डागर सर द्वारा विद्यालय के बच्चों एवं स्थानीय निवासियों को गर्मी के दिनों में शीघ्र आग लगने की घटनाओं में वृद्धि के कारणों की जानकारी देते हुए बताया कि अधिक गर्मी का होना आग की घटनाओं में वृद्धि का अपने आप में एक बहुत बड़ा घटक है। उन्होंने आग के सिद्धांत व बुझाने के गुर सिखाए उन्होंने बताया कि आग बुझाने के लिए ईंधन को हटाकर, आक्सीजन को कट करके अथवा निश्चित तापमान को कम करने पर आसानी से आग पर नियंत्रण किया जा सकता है।



डिप्टी डिवीजनल वार्डन अन्जय कुमार अग्रवाल ने बताया कि आग एक रासायनिक प्रक्रिया है जो कि तीन तत्वों के मिश्रण से तैयार होती है। आक्सीजन, ईंधन और निश्चित तापमान। हर एक चीज में आग लगने का अपना एक निश्चित तापमान होता है। सबसे कम तापमान में जलने बाली बस्तू पैट्रोल है जो कि 247त्त से 280त्त इसी प्रकार कैरोसिन, डीजल, ऐल्कॉहल सीएनजी एलपीजी आदि इसी प्रकार पौलीथीन कागज लकड़ी आदि को जलने के लिए ज्यादा तापमान की आवश्यकता होती है। यही फामूर्ला आग को बुझाने का है इन तीनों तत्वों में से एक को कम करने से आग बुझ जाती है।
स्टाफ आफिसर हरीश भल्ला जी ने बताया कि आग जितनी उपयोगी है उससे कहीं ज्यदा घातक भी है। उन्होंने आग के प्रकारों के सम्बन्ध में भी बताया उसके बाद गैस सिलेंडर में लगी आग को पानी में भिगोकर गीले कंबल को सिलेंडर पर लपेटकर आग बुझाकर भी दिखाया।
शहरी क्षेत्रों में हर साल आग लगने की घटनाओं की बढ़ती संख्या के साथ, भारत में अग्नि सुरक्षा एक बड़ी चिंता का कारण बन गई है। प्रधानमंत्री जी द्वारा आपदा न्यूनीकरण के संदर्भ में अपने 10 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत यह स्पष्ट कहा है कि आपदा के न्यूनीकरण में मुख्य भूमिका क्षेत्रीय नागरिकों की होती है, यदि उन्हें प्रशिक्षित करके आपदा से स्वयं जूझने हेतु तैयार कर लिया जाए तब आपदा अपने आप ही कम की जा सकती हैं। कार्यक्रम में डिप्टी चीफ वार्डन श्री रंजीत बशिष्ठ जी आई. सी. ओ. राजीव छाबड़ा जी कंवलजीत सिंह, पोस्ट वार्डन रितु अग्रवाल, पोस्ट वार्डन आराक्षित पवन कालरा, डिप्टी पोस्ट वार्डन नीतू द्विवेदी सैक्टर वार्डन संजय वर्मा, अंकुर अग्रवाल, बर्षा जैन, अनुपम अग्रवाल, सतप्रीत सिंह, हिमानी अग्रवाल, मुकुल, संतोष चावला व वीनू गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।
कार्यक्रम के अंत में डिप्टी डिवीजनल वार्डन ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, पदाधिकारियों व वार्डनों को धन्यवाद दिया। साथ ही विद्यालय प्रबंधन व प्रधानाचार्य देवेन्द्र को विद्यालय में कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति प्रदान करने लिए विशेष धन्यवाद प्रदान किया।

# पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम पार्क में पानी को लेकर मारपीट दो घायल

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
बरेली । थाना प्रेम नगर क्षेत्र के पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम पार्क में पानी को लेकर मारपीट हो गई जिसमें दोनों पक्ष के दोनों लोग घायल हो गए घायलों ने थाना प्रेम नगर पुलिस से शिकायत की पुलिस ने दोनों का मेडिकल परीक्षण कराया।




घायल राहुल पुत्र विजय कुमार ने बताया सुबह उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम पार्क में लगी टंकी पर स्नान कर रहा था इस दौरान संतोष कुमार उर्फ छोटू पुत्र प्यारेलाल अपना ई रिक्शा लेकर आ गया टंकी में पाइप लगा दिया बोला की ई रिक्शा की धुलाई करूंगा राहुल ने विरोध किया बोला पहले में स्नान करूंगा उसके बाद गाड़ी धोना इसी बात को लेकर दोनों में मारपीट हो गई संतोष कुमार और उसके भतीजे अंश ने ईंट पत्थर और डंडे से राहुल पर हमला कर दिया राहुल घायल हो गया घायल ने थाना प्रेम नगर में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।
संतोष कुमार उर्फ छोटू प्यारेलाल ने बताया मुझे ई रिक्शा की फिटनेस करानी थी इसलिए ई रिक्शा की धुलाई करनी थी ई रिक्शा की धुलाई करने के लिए जगजीवन पार्क में लगी टंकी पर पाइप लगा रहा था राहुल ने मेरा पाइप निकालकर फेंक दिया इस बात को लेकर लड़ाई हो गई राहुल ने मेरे सिर में लोहे की रॉड मार दी और मैं गंभीर रूप से घायल हो गया घायल ने थाना प्रेम नगर में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# योगी आदित्यनाथ द्वारा वरिष्ठ कवि देवेंद्र देव के महाकाव्य महायोगी गोरक्षनाथ का लोकार्पण

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
बरेली / लखनऊ। बरेली के वरिष्ठ कवि एवं विश्व में सर्वाधिक महाकाव्य के रचयिता एवं माल्यार्थ फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक आचार्य देवेंद्र देव के महाकाव्य महायोगी गोरक्षनाथ का लोकार्पण स्वामी विवेकानंद के परिकल्पित



युवाओं के आदर्श उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा किया गया।
इस अवसर पर आचार्य देवेंद्र देव जी के साथ उनके सुपुत्र बहराइच एवं श्रावस्ती के क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ रंजन विषद संस्थापक वर्ल्ड आयुष फाउंडेशन एवं द्वितीय सुपुत्र इंजी. उदितेंदु वर्मा निश्चल संस्थापक माल्यार्थ फाउंडेशन, भारतीय योग संस्थान पूर्वी उत्तर प्रदेश के उप प्रधान डॉक्टर संजय अग्रवाल आदि प्रसिद्ध व्यक्तित्व भी उपस्थित रहे।
इस अवसर पर मल्यार्थ फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर उदितेंदु वर्मा निश्चल द्वारा फाउंडेशन की विवरणिका भी उन्हें भेंट की गई।योगी आदित्यनाथ द्वारा अपनी हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं भी प्रदान की गईं।

# बरेली में नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला: परिजनों को धमकियां, पुलिस पर लापरवाही और पक्षपात के आरोप

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
बरेली। थाना बारादरी क्षेत्र के मोहल्ला हजियापुर में एक नाबालिग लड़की के लापता होने पर परिजनों की चीख-पुकार और पुलिस की चुप्पी ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है।पीड़ित पिता का आरोप है कि मोहल्ले का युवक हरि शंकर उर्फ लुक्का उनकी बेटी मंसा को 1 अप्रैल 2025 की रात बहला-फुसलाकर ले गया। इसके बाद से परिजन दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन थाना बारादरी पुलिस ने अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। 4 अप्रैल को केस दर्ज होने के बावजूद पुलिस की निष्क्रियता और आरोपी को संरक्षण देने के गंभीर आरोप लगे हैं। परिजनों ने बताया कि जब वे आरोपी लुक्का के घर पूछताछ के लिए गए, तो उन्हें मारने की धमकी दी गई। पुलिस से गुहार लगाई गई तो चौकी मॉडल टाउन में उल्टा उन्हें यह कहकर भगा दिया गया कि ह्लहम पर हिन्दू संगठनों का दबाव है, हम कुछ नहीं कर सकते।ह्व
पीड़ित पक्ष ने यह भी बताया कि आरोपी लुक्का के मामा कान्ति और मनोज इस पूरे घटनाक्रम में शामिल हैं, लेकिन पुलिस ने अभी तक उनसे कोई पूछताछ नहीं की। आरोपी खुलेआम मोहल्ले में घूम रहे हैं और धर्म परिवर्तन कर जबरन विवाह कराने की धमकी दे रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि पुलिस न सिर्फ कार्रवाई से बच रही है,

# जातिवाद के विरुद्ध था डॉ. अंबेडकर का आंदोलन, उन्होंने समाज में भरी चेतना – डॉ. अशोक कुमार आलोक

**डॉ. अंबेडकर ने दलित वर्ग को सामाजिक जागरूकता से सशक्त किया – डॉ. नूतन आलोक**

**समाज जागरण रानीगंज ।**

वाई एन पी डिग्री कॉलेज, रानीगंज में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का विषय था डॉ. अंबेडकर की सामाजिक एवं राजनीतिक दृष्टि। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अशोक कुमार आलोक ने कहा, डॉ. अंबेडकर का आंदोलन केवल छुआछूत के उन्मूलन तक सीमित नहीं था, बल्कि यह जातिवाद, सामाजिक असमानता और वर्णव्यवस्था के विरुद्ध एक सशक्त वैचारिक क्रांति था। उन्होंने संविधान के माध्यम से भारत को समानता और न्याय की राह दिखाई। उप प्रधानाचार्य डॉ. नूतन आलोक ने कहा, डॉ. अंबेडकर ने अपने संघर्ष और चिंतन से दलित वर्ग में ऐसी चेतना जागृत की, जिसने उन्हें आत्मसम्मान और अधिकारों के लिए जागरूक किया। उनका सामाजिक दृष्टिकोण आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में प्रो. इंदु कुमारी और प्रो. भूषण कुमार यादव ने कहा कि बाबा साहब ने शोषण और भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा दी, जिससे पीड़ित वर्गों को नई दिशा मिली। प्रो. प्रमोद कुमार यादव और प्रो. सुरेश यादव ने इस बात पर बल दिया कि सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन तभी संभव है जब समाज का वंचित वर्ग शिक्षा और चेतना के माध्यम से आगे आए। प्रो. बुद्धिनाथ सिंह और प्रो. योगेंद्र यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने गोलमेज सम्मेलन में दलित समाज की स्थिति सुधारने के लिए ठोस प्रस्ताव प्रस्तुत कर सामाजिक न्याय की नई परिभाषा गढ़ी। गोष्ठी में विद्यार्थियों की भागीदारी सराहनीय रही। प्रमुख प्रतिभागियों में खुशी कुमारी, विजय कुरैल, सूरज यादव और नितीश कुमार यादव शामिल थे।



# पूर्व विधायक दुर्गा प्रसाद सिंह के पुत्र संदीप कुमार के निधन पर कुलपति डॉ. मोहम्मद आलमगीर ने व्यक्त किया शोक

**समाज जागरण**

पटनाः उजियारपुर प्रखंड अंतर्गत देसुआ मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक तथा उजियारपुर के पूर्व विधायक दुर्गा प्रसाद सिंह के पुत्र संदीप कुमार उर्फ मन्ना का आकस्मिक निधन हृदयगति रुक जाने के कारण हो गया। इस दुखद समाचार से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। संदीप कुमार के निधन की सूचना प्राप्त होते ही मौलाना मजहरुल हक अरबी-फारसी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मोहम्मद आलमगीर ने चलभाष पर पूर्व विधायक दुर्गा प्रसाद सिंह से बात कर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा परिवार को सांत्वना दी। कुलपति डॉ. मोहम्मद आलमगीर ने कहा, यह घटना अत्यंत पीड़ादायक है और इससे मैं मर्माहत हूं। संदीप कुमार का असमय निधन न केवल उनके परिवार बल्कि शिक्षा जगत के लिए भी अपूरणीय क्षति है। गौरतलब है कि संदीप कुमार एक कर्मठ शिक्षक के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाते थे। उनके निधन से शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र को भारी क्षति पहुंची है।



# सिकटी विधानसभा से ई. मनोज कुमार झा की दावेदारी को मिला पंचायत प्रतिनिधियों का समर्थन

**पटना में हुई बैठक में 9 पंचायतों के मुखिया व प्रतिनिधियों ने जताया समर्थन, महागठबंधन से टिकट की मांग तेज**

**समाज जागरण पटना ।**

जैसे-जैसे बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहा है, राज्य की राजनीतिक फिजा में गर्मी बढ़ती जा रही है। सभी प्रमुख दल अपने-अपने स्तर पर रणनीति बनाने में जुट गए हैं। इसी क्रम में सिकटी विधानसभा क्षेत्र में महागठबंधन के संभावित उम्मीदवार समाजसेवी ई. मनोज कुमार झा की दावेदारी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। इसी बीच सोमवार को सिकटी क्षेत्र के नौ पंचायतों के मुखिया और प्रतिनिधि पटना में ई. मनोज कुमार झा के निज आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने सिकटी विधानसभा की सामाजिक, राजनीतिक और विकासात्मक स्थिति को लेकर लंबी चर्चा की। प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि सिकटी को ऐसा प्रत्याशी चाहिए जो ईमानदार, कर्मठ, जमीनी और जनता से जुड़ा हो। इन जनप्रतिनिधियों ने जताया समर्थन इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल पंचायत प्रमुख और प्रतिनिधि थेः ठेंगापुर से बब्बन झा,मजरख से रमेश यादव (अध्यक्ष मुखिया संघ), कुचहा से इस्लाम,दहगामा से बलिस्टर ,बरदाहा से परवेज, खोरागाछ से प्रतिनिधि शहाबुद्दीन,बेंगा से रवि झा उर्फ लाल बाबू,बीरवेनि से प्रतिनिधि अरुण मंडल,डेढूंआ से संतोष कुमार झा। इन सभी प्रतिनिधियों ने पटना पहुंचकर ई. मनोज कुमार झा को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने सिकटी के ग्रामीण विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी संरचना को लेकर अपने सुझाव साझा किए। ई. मनोज कुमार झा ने साझा किया विकास का विजन बैठक में समाजसेवी ई. मनोज कुमार झा ने कहा, "मैं बीते कई वर्षों से जनता के बीच काम करता आया हूं। सिकटी की जनता बदलाव चाहती है, और वह बदलाव विकास, ईमानदारी और पारदर्शिता के जरिये आएगा। मैं राजनीति को सेवा का माध्यम मानता हूं, सत्ता का साधन नहीं।" उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि अगर पार्टी उन्हें प्रत्याशी बनाती है, तो वह न केवल एक मजबूत चुनाव लड़ेंगे बल्कि जनता की आकांक्षाओं को हर हाल में पूरा करेंगे। संगठन और जनसमर्थन का तालमेल बना रहा मजबूत आधार राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पंचायत प्रतिनिधियों का यह संगठित समर्थन ई. मनोज कुमार झा की दावेदारी को बेहद मजबूत बनाता है। महागठबंधन के भीतर उनका नाम पहले से ही प्रमुख संभावितों में गिना जा रहा है, और अब जनता व जनप्रतिनिधियों का जो भरोसा मिल रहा है, वह उन्हें टिकट के सबसे करीब ला सकता है। राजनीतिक संकेत स्पष्ट सिकटी में इस तरह पंचायत स्तर पर लामबंदी यह स्पष्ट संकेत दे रही है कि स्थानीय नेता अब नेतृत्व की नई दिशा चाहते हैं। ई. मनोज कुमार झा की स्वच्छ छवि, सक्रिय जनसंपर्क, और सामाजिक कार्यों में भागीदारी उन्हें जनता की पहली पसंद बना रही है।



# कपरफोड़ा में अंबेडकर जयंती पर जुटा सामाजिक न्याय का जनसैलाब, आरजेडी नेता राकेश विश्वास ने भरा जोश

**समाज जागरण कुसाकांटा।**

सिकटी विधानसभा क्षेत्र के कपरफोड़ा गांव में आयोजित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह सामाजिक न्याय और समावेशी राजनीति के समर्थन में एक बड़ी जनसभा में तब्दील हो गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रदेव पासवान ने की, जबकि मंच संचालन जयमोद राम ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि और राजद नेता धमानंद विश्वास उर्फ राकेश विश्वास ने कहा कि, "डॉ. अंबेडकर ने वंचित समाज को न केवल आवाज दी बल्कि संविधान के माध्यम से उन्हें अधिकार दिलाने का रास्ता खोला। आज उनकी विरासत को बचाने और सामाजिक न्याय को मजबूत करने की सबसे बड़ी ज़िम्मेदारी हम सभी पर है।" उन्होंने आगे कहा कि राजद का संघर्ष डॉ. अंबेडकर के मूल्यों – समानता, न्याय और भागीदारी – को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का संकल्प है। राकेश विश्वास ने इस मौके पर केंद्र और राज्य सरकारों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि "सामाजिक न्याय के मुद्दे अब भी गंभीर हैं और सत्ता में बैठे लोगों की उदासीनता साफ दिखती है।" कार्यक्रम में स्थानीय राजनीति के कई प्रमुख चेहरे शामिल हुए, जिनमें पूर्व मुखिया वीरेंद्र राम, फूलचंद पासवान, सरपंच विद्यानंद सिंह, कृत्या आनंद पासवान, विद्यानंद पासवान, बाबूलाल पासवान, जय नारायण पासवान, लक्ष्मण पासवान, उप सरपंच ब्रह्मदेव पासवान, उप मुखिया केदार सिंह, राजद नेता अनिल शाह, मोहम्मद हैदर, मोहम्मद शाहबाज आलम, भौसाइ सदा, विद्यानंद सदा, सदानंद सरदार, किताबचंद सिंह एवं मोती सिंह प्रमुख रहे। इस आयोजन में सैकड़ों की संख्या में दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा, अल्पसंख्यक और वंचित समुदाय के लोग शामिल हुए, जिन्होंने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सामाजिक अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुटता का संदेश दिया। राजनीतिक संदेश साफ कपरफोड़ा का यह आयोजन न केवल अंबेडकर जयंती का सम्मान था, बल्कि आगामी विधानसभा चुनावों से पहले सामाजिक आधार को मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा भी माना जा रहा है। राजद की ओर से बढ़ती भागीदारी और पिछड़े वर्गों में सक्रियता, क्षेत्रीय राजनीति में बदलाव का संकेत दे रही है।



# विमेंस कॉलेज कौशल्या ग्राम, मधेपुरा में मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती

**पुष्पांजलि, पदयात्रा और जनजागरूकता कार्यक्रम के साथ छात्र-छात्राओं ने लिया सामाजिक बदलाव का संकल्प**

**समाज जागरण मधेपुरा ।**

विमेंस कॉलेज कौशल्या ग्राम, मधेपुरा में शनिवार को संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती अत्यंत गरिमा और सामाजिक जागरूकता के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्य प्रो. प्रीति कुमारी ने की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का आयोजन विशेष है, क्योंकि यह राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशालय, पटना द्वारा दिए गए दिशा-निदेशों के अनुरूप संपन्न हुआ। प्रभारी प्रधानाचार्य ने कहा, हम हर वर्ष बाबासाहेब की जयंती मनाते हैं, पर इस वर्ष हम इसे एक सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए तीन चरणों में मना रहे हैं–पुष्पांजलि,




पदयात्रा और जनजागरूकता। उन्होंने यह भी बताया कि कॉलेज द्वारा वार्ड संख्या 7 और 8 को गोद लिया गया है, जहाँ छात्रों ने जाकर आम लोगों को बाबा साहब के विचारों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. डॉ. अमरेश कुमार एवं प्रो. जयश्री कुमारी ने किया। डॉ. अमरेश कुमार के नेतृत्व में सभी शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पश्चात बैनर और नारों के साथ पदयात्रा निकाली गई, जो वार्ड 7 और 8 के मिलन स्थल तक गई। वहां छात्रों ने स्थानीय लोगों को डॉ. अंबेडकर के शिक्षा, संगठन और संघर्ष के मूल मंत्र को अपनाने का संदेश दिया। डॉ. अमरेश कुमार ने कहा, बाबा साहब ने हमें जो तीन मूल मंत्र दिए – शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो – वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। समाज को इन्हें अपनाकर ही आगे बढ़ना होगा। सहायक प्राचार्य प्रो. जयश्री कुमारी ने कहा कि आज केवल भारत ही नहीं, बल्कि विश्व के अनेक देश अंबेडकर जयंती मना रहे हैं। यह उनके विचारों की वैश्विक स्वीकृति का प्रमाण है। वनस्पति विज्ञान विभाग के वरीय शिक्षक प्रो. अनिल कुमार ने कहा, डॉ. अंबेडकर ने छुआछूत और सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध जीवनभर संघर्ष किया। हमें भी समाज से इन कुरीतियों को मिटाने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. लक्ष्मण ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण–डॉ. माधव, डॉ. नीलू, प्रो. शबाना परवीन, डॉ. धर्मावती, डॉ. प्रवीण, डॉ. प्रिया, डॉ. संजीव कुमार पासवान, डॉ. रवीना, डॉ. मुकेश अंकित, डॉ. कौशल, डॉ. ललन, काजल, आयुषी, राजदीप, क्षमता, रितु, बादल, पूनम, वी. प्रिंस समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# अररिया व्यवहार न्यायालय में 10 मई को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**सभी विभागों को अधिक से अधिक सुलहनीय वादों की पहचान कर पक्षकारों को नोटिस निर्गत करने का निर्देश**

**समाज जागरण अररिया ।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अररिया के तत्वावधान में आगामी 10 मई 2025 (द्वितीय शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत व्यवहार न्यायालय परिसर, अररिया में पूर्वाह्न 10:00 बजे से प्रारंभ होगी, जिसमें विभिन्न प्रकार के सुलह योग्य वादों का निष्पादन आपसी समझौते के आधार पर किया जाएगा। इस संदर्भ में अवर न्यायाधीश-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा निर्गत पत्रांक-408 (दिनांक -05 .04. 2025) के आलोक में जिला पदाधिकारी, अररिया ने सभी संबद्ध अधिकारियों को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए हैं। निर्देशानुसार, निम्न पदाधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित अधिकतम संख्या में सुलहनीय वादों की पहचान कर, संबंधित पक्षकारों को पूर्व सूचना के साथ उपस्थित कराना सुनिश्चित करने को कहा गया हैः अपर समाहर्त्ता, अररिया जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अररिया अनुमंडल पदाधिकारी (अररिया एवं फारबिसगंज) भूमि सुधार उप समाहर्ता (अररिया एवं फारबिसगंज) जिला स्थापना उप समाहर्ता, अररिया कार्यपालक अभियंता (लोक स्वास्थ्य एवं विद्युत प्रमंडल, अररिया) प्रभारी पदाधिकारी, जिला नीलाम पत्र शाखा श्रम अधीक्षक, जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटरयान निरीक्षक अग्रणी बैंक प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, अररिया सभी अंचलाधिकारीगण, अररिया जिला वादों की सूची तैयार करने की अंतिम तिथि निर्धारित सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे चिन्हित वादों की प्रथम सूची 19 अप्रैल 2025 तक एवं अंतिम सूची 3 मई 2025 तक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अररिया को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय लोक अदालत एक ऐसी अनूठी पहल है, जो त्वरित, सुलभ एवं निष्पक्ष न्याय की अवधारणा को साकार करती है। इस अवसर पर लंबित मामलों का समाधान आपसी सहमति से किया जाता है, जिससे न्यायालयों का भार भी कम होता है और जनता को समय व संसाधनों की बचत के साथ राहत मिलती है। जिला प्रशासन की ओर से सभी संबंधित विभागों से अपेक्षा की गई है कि वे इस लोक अदालत को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं और अधिक से अधिक मामलों का समाधान सुनिश्चित करें।




# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह में यू.आर. कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय हुए सम्मानित

**मिथिला की परंपरा अनुसार पाग, शॉल एवं पुष्प गुच्छ से हुआ स्वागत, उन्होंने प्रतिभागियों को भी किया सम्मानित**

**समाज जागरण रोसड़ा (समस्तीपुर) ।**

डॉ. भीमराव अंबेडकर विचार मंच, रोसड़ा द्वारा आयोजित 134वीं जयंती समारोह में बतौर अतिथि पधारे यू.आर. कॉलेज रोसड़ा के प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय का पारंपरिक मिथिला पाग, शॉल, एवं पुष्पगुच्छ से भव्य स्वागत किया गया। मंच पर उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को विशेष गरिमा प्रदान की। डॉ. राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहाः डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल संविधान निमार्ता नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और समानता के अमर पुरोधा थे। उनकी शिक्षा, संघर्ष और विचार आज भी देश के हर वर्ग को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। हमें चाहिए कि हम अंबेडकरवाद को सिर्फ समारोहों तक सीमित न रखें, बल्कि उसे अपने जीवन और व्यवहार में आत्मसात करें। उन्होंने आगे कहा कि युवा पीढ़ी को अधिकार के साथ कर्तव्य के महत्व को भी समझना चाहिए। सशक्त समाज वही होता है, जो शिक्षित, जागरूक और संगठित हो, डा. राय ने यह कहते हुए बाबा साहेब द्वारा दिए गए मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो को दोहराया। कार्यक्रम के दौरान डा. राय ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित भी किया। विचार मंच के सदस्यों ने उनके मार्गदर्शन और शिक्षा क्षेत्र में योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। समारोह में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, अभिभावकों, बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकताओं की उपस्थिति रही।



# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर डॉ. जवाहर पासवान बने पाँच कार्यक्रमों के मुख्य अतिथि

**अम्बेडकर होस्टल से लेकर सहरसा और मधेपुरा तक, विभिन्न स्थलों पर बाबा साहब के विचारों को किया साझा**

**युवाओं को सामाजिक न्याय और शिक्षा के मार्ग पर चलने का दिया संदेश**

**समाज जागरण मधेपुरा/सहरसा ।**

भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के शुभ अवसर पर के पी कॉलेज, मुरलीगंज के यशस्वी प्रधानाचार्य डॉ. जवाहर पासवान को पाँच महत्वपूर्ण स्थलों पर आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष के रूप में आमंत्रित किया गया। डॉ. पासवान ने अपने विचार रखते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निमार्ता नहीं, बल्कि एक क्रांतिकारी विचारक, समाज सुधारक और शिक्षा के प्रतीक थे। उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति के अधिकार और सम्मान की बात की। आज उनके विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। पाँच कार्यक्रम स्थल जहाँ डॉ. पासवान ने भाग लिया 1. अम्बेडकर होस्टल, मधेपुरा - यहाँ छात्रों के बीच उन्होंने डॉ. अंबेडकर के छात्र जीवन, संघर्ष और शिक्षा के प्रति उनके जुनून पर प्रकाश डाला। 2. मधेपुरा कॉलेज, मधेपुरा - शैक्षणिक वातावरण में अंबेडकर के शैक्षिक आदर्शों और संविधान निर्माण में भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। 3. खाड़ा उच्च विद्यालय मैदान - स्थानीय ग्रामीणों को बाबा साहब के सामाजिक समरसता के विचारों से अवगत कराया। 4. मोकमा, सहरसा मध्य विद्यालय मैदान - यहाँ उन्होंने युवाओं को शिक्षित और संगठित होने का आह्वान किया। 5. सुखासन मध्य विद्यालय मैदान - डॉ. पासवान ने अंबेडकर की प्रेरणादायी जीवनी से लोगों को प्रेरित किया और सामाजिक चेतना के लिए उन्हें संगठित होने का संदेश दिया। हर कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने डॉ. पासवान के ओजपूर्ण भाषण को सराहा और बाबा साहब के आदर्शों पर चलने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही, जिनमें छात्र, अभिभावक, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवी वर्ग शामिल थे। आयोजकों ने डॉ. पासवान के विचारों की सराहना की और उन्हें सम्मानित भी किया।



# BLA-1 प्रशिक्षण हेतु दिल्ली आए जोशी कुमार मंडल ने सांसद प्रदीप कुमार सिंह से की शिष्टाचार भेंट

**अररिया लोकसभा क्षेत्र के कर्मठ भाजपा कार्यकर्ता जोशी कुमार मंडल ने सांसद आवास पर पहुंचकर दी शुभकामनाएं, लिया मार्गदर्शन**

**समाज जागरण नई दिल्ली ।**

अररिया लोकसभा क्षेत्र के सिकटी विधानसभा अंतर्गत बटराहा ग्राम निवासी जोशी कुमार मंडल, जो BLA-1 प्रशिक्षण हेतु दिल्ली पहुंचे हैं, उन्होंने सोमवार को अररिया के लोकप्रिय सांसद प्रदीप कुमार सिंह से उनके दिल्ली स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान जोशी कुमार मंडल ने सांसद श्री सिंह को अपनी कार्ययात्रा की जानकारी दी और क्षेत्र में पार्टी की मजबूती के लिए अपने संकल्प को दोहराया। उन्होंने सांसद द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की और उनके नेतृत्व की प्रशंसा की। सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने भी जोशी कुमार मंडल को प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएँ दीं और संगठन के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। साथ ही उन्होंने कहा कि "युवा कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी से ही लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होती हैं।" भेंट के दौरान आपसी चर्चा सौहार्दपूर्ण और प्रेरणादायक रही। यह मुलाकात न केवल संगठनात्मक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रही, बल्कि कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद को भी सशक्त बनाने वाली साबित हुई।



# विश्व कला दिवस पर एक बालिका ने बनाई मंत्री विजय कुमार मंडल की पेंटिंग, भेंट कर जताया सम्मान

**कला के त्योहार पर कलाकारों को दिल से सलाम, बटराहा में मंत्री जी के आवास पर भावुक क्षण**

**समाज जागरण बटराहा ।**

विश्व कला दिवस के अवसर पर बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री विजय कुमार मंडल के आवास पर एक विशेष और भावुक क्षण देखने को मिला, जब एक प्रतिभाशाली बालिका ने अपने हाथों से बनाकर तैयार किया गया मंत्री जी का सुंदर चित्र उन्हें समर्पित किया। यह क्षण न केवल कला की शक्ति को दशार्ता है, बल्कि यह भी सिद्ध करता है कि कलाकार अपनी रचनाओं के माध्यम से भावनाएं, सम्मान और प्रेरणा व्यक्त कर सकते हैं। मंत्री विजय कुमार मंडल ने बालिका की सराहना करते हुए कहा, "आप जैसे बालिका की कल्पनाशीलता और समर्पण ही बिहार की असली संपत्ति है। कला एक ऐसी विधा है, जो बिना शब्दों के भी दिलों को छू जाती है।" विश्व कला दिवस के अवसर पर मंत्री जी ने प्रदेश और देश के सभी कलाकारों को शुभकामनाएँ देते हुए कहाः आइए, मनाएं कला के इस त्योहार को,दिल से सलाम करें हर कलाकार को। उन्होंने कहा कि समाज में कलाकारों की भूमिका अमूल्य है और सरकार की ओर से हर संभव प्रयास किया जा रहा है कि कला और संस्कृति को प्रोत्साहित किया जाए। इस अवसर पर स्थानीय लोगों और कार्यकताओं की उपस्थिति ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। लोगों ने बालिका की चित्रकला प्रतिभा की सराहना की और उसे प्रोत्साहित किया।

# नगर परिषद द्वारा मोहल्ला वासियों के साथ जन संवाद कार्यक्रम आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना तथा जिलाधिकारी विशाल राज के आदेश के आलोक में नगर परिषद द्वारा नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता एवं विकास कार्यों के शीघ्र एवं समुचित क्रियान्वयन हेतु 15 अप्रैल को वार्ड संख्या 01 स्थित शिक्षा सुधार मध्य विद्यालय के प्रांगण में मोहल्ला जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह संवाद कार्यक्रम मोहल्ला मोहिउद्दीनपुर, कॉलेज रोड, पिलखाना, पठारबस्ती एवं कौवा बस्ती के निवासियों के साथ आयोजित किया गया।जिसकी अध्यक्षता रविशंकर तिवारी, सहायक निदेशक, बाल संरक्षण इकाई द्वारा की गई। कार्यक्रम में सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई द्वारा नगर परिषद के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी मोहल्लावासियों को दी गई। साथ ही, उपस्थित नागरिकों ने अपने-अपने मोहल्ले से जुड़ी समस्याएं एवं आवश्यकताओं को साझा किया, जिन्हें प्रस्तावित रूप में अंकित कर शीघ्र समाधान हेतु आश्वासन प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में वार्ड पार्षद जमशेद आलम, नगर प्रबंधक मनोज भारती, स्वरूपम राज, सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी, नगर परिषद के अन्य कर्मियों के साथ-साथ मोहल्ला के सबीना खातून, शराफत हुसैन, सूफिया खातून, नसीमा खातून, आलम मोहम्मद, बाबर, सरफराज हुसैन, उस्मान गनी, ललित कुमार राय, चंदा देवी सहित कई अन्य शामिल थे। मोहल्ला जन संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर नागरिकों की सहभागिता से योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन एवं जन समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है।



## चाइल्ड हेल्प लाइन के हस्तक्षेप से नाबालिग किशोरी की शादी रुकी।

**राहुल कुमार गुप्ता, संवाददाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़ ।प्रखंड के कुसुंभा पंचायत के एक गांव में एक पंद्रह वर्षीय किशोरी की मंगलवार को लगन होना था ।उन्नीस अप्रैल को शादी थी जिसकी जानकारी चाइल्ड हेल्प लाइन को मिली ।जिसपर नाबालिग किशोरी की शादी रुकवाने के लिए चाइल्ड हेल्प लाइन ने पुलिस को जानकारी दी ।जिसके हस्तक्षेप से




शादी रुक गई ।किशोरी की पिता ने शपथ पत्र देकर कहा वह अपनी पुत्री की शादी उसके अठारह वर्ष पूरे होने पर करेंगे ।इससे पहले नहीं ।झारखंड सरकार द्वारा पारित बाल विवाह कानून का पालन करेंगे ।जाहिर है नाबालिगों की शादी कराने की मनाही है जिसकी तहत नाबालिग किशोरी की शादी रुकवाई गई।

## पोषण पखवाड़ा के तहत पंचायत स्तरीय व्यंजन प्रतियोगिता

**राहुल कुमार गुप्ता, संवाददाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़ ।पोषण पखवाड़ा के तहत प्रखंड के भेलवारा,बेड़ाहरियारा, कुसुंभा, खरना में पंचायत स्तरीय व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।आयोजन के दौरान पंचायत के सहायिकाओं ने प्रोटीन से भरपूर कई व्यंजन बना कर



प्रतियोगिता को सफल बनाया। जिसमें नन ऑयल मडुवा की रोटी ने सुर्खियां बटोरी। खरना मुखिया निर्मला देवी बताया पौष्टिक आहार हर को इंसान शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है। भेलवारा मुखिया लक्ष्मी कुमारी ने बताया पौष्टिक आहार बच्चे से लेकर हर उम्र के व्यक्ति की जरूरत है ।बंद पैकेट के खाने से दूरी बनाने की जरूरत ।वही कुसुंभा मुखिया दुलारचंद पटेल ने बताया बेहतर स्वस्थ के लिए पौष्टिक आहार का होना जरूरी ।बीमारियों से बचना का एक ही उपाय है पौष्टिक भोजन।

# प्रेम प्रसंग में भांजा बना दुश्मन गोली मारकर मामा की की हत्या

## पुलिस ने हत्यारों को हथियार कारतूस के साथ दबोचा,भेजा जेल

**पंकज कुमार पाठक,संवाददाता पदमा, दैनिक समाज जागरण**

पदमा- पदमा ओपी क्षेत्र के रोमी चंपाडीह सीमाना खेत पर बीते छह अप्रैल को प्रवीण कुमार कसेरा की हुई हत्या मामले में पुलिस ने हत्यारे एवं इसके एक अन्य सहयोगी युवक को पिस्टल व तीन कारतूस के साथ गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया ।बताते चले कि बीते छह अप्रैल को प्रवीण कसेरा की लाश संदेहास्पद स्थिति में चम्पादिह रोमी सिमाना एक खेत मे पड़ी मिली थी ।प्रवीण कसेरा हत्याकांड का उद्भेदन पदमा पुलिस



के द्वारा दस दिनों के भीतर ही कर लिया गया है। गिरफ्तार हत्यारे युवक गोलू साव पिता टूनकी साव सा0 गोविंदपुर थाना वैशाली जिला वैशाली,बिहार का रहने वाला है ।यह पिछले कई वर्षों से प्रवीण के साथ चंपाडीह में रह रहा था ।दोनों के बीच दूर के मामा भांजे का रिश्ता था ।इसने पुलिस को बताया कि गत एक वर्ष से इसका प्रेम प्रसंग प्रवीण की पत्नी के साथ चल रहा था ।इस बात की भनक प्रवीण( मृतक) को लग चुकी थी ।इस बात को लेकर दोनों में तीखी झड़प भी हुई थी। इसने अपने प्रेम की राह में रोड़ा बन रहे मामा को हटाने का निर्णय ले लिया ।इसने अपने निर्णय की जानकारी अपने स्थानीय दोस्त सागर कुमार मेहता पिता संतोष कुमार मेहता सा0चंपाडीह को दी ।दोनों ने रामनवमी छः अप्रैल 2025 रविवार की देर रात को प्रवीण के साथ शराब पिया। पश्चात मेला स्थल से कुछ दूर खेत में ले जाकर प्रवीण के सीने में सटाकर गोली मार दी ।पुनः दोनों मेला घूमने निकल गए।

**पुलिस को बरगलाने की भरपूर कोशिश करता रहा हत्यारा**

दूसरे दिन प्रवीण की हत्या की खबर फैलते ही उसकी पत्नी के साथ हत्या स्थल पर हत्यारा गोलू उपस्थित था। इसने हत्या का शक ठेकेदार पर डालने के लिए पूर्वनियोजित तरीके का इस्तेमाल किया ।इसने बताया कि मजदूरी के रुपए को लेकर प्रवीण और ठेकेदार के बीच वादविवाद हुआ था ।इसी का लाभ लेते हुए हत्या का शक इसने ठेकेदार पर जाहिर किया ।ठेकेदार पर हत्या का शक लगाते हुए आवेदन देने से लेकर पंचनामा एवं पोस्टमार्टम प्रकिया तक हत्यारा गोलू मौके पर उपस्थित था। थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने नाटकीय अंदाज में दोनों हत्यारों से पूछताछ कर मामले का उद्भेदन करते हुए हत्यारे की निशानदेही पर पिस्टल व तीन जिंदा कारतूस बरामद किया। मंगलवार को दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया।

## भविष्य को सशक्त बनानाः इवॉल्व विद सिंह ने विकास विद्यालय, जमशेदपुर में कैरियर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया

**दैनिक समाज जागरण 15.04.2025 जिला संवाददाता चांद कुमार लायेक पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर विकास विद्यालय, मानगो जमशेदपुर में कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों के लिए इवॉल्व विद सिंह के संस्थापक आयुष सिंह द्वारा एक परिवर्तनकारी कैरियर जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार का उद्देश्य उभरते कैरियर पथों के बारे में जागरूकता पैदा करना, विद्यार्थियों को अपनी क्षमता तलाशने के लिए प्रेरित करना और उनकी शैक्षणिक यात्रा के आरंभ में ही सूचित निर्णय लेने को प्रोत्साहित करना था। आयुष अपने इनिशिएटिव " इवॉल्व विद सिंह " के माध्यम से शैक्षणिक शिक्षा और वास्तविक दुनिया की करियर आवश्यकताओं के बीच की दूरी को कम करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वह स्कूल स्तर और कॉलेज स्तर दोनों के लिए सेवाएँ प्रदान करते हैं। सेमिनार के दौरान, विद्यार्थियों को चिकित्सा और इंजीनियरिंग जैसी पारंपरिक धाराओं से परे कैरियर के अवसरों की एक विस्तृत श्रृंखला से परिचित कराया गया। सत्र में भविष्य की नौकरी के रुझानों, कैरियर के बारे में मिथक बनाम सत्य और



प्रारंभिक मार्गदर्शन के महत्व पर संवादात्मक चचाएँ शामिल थीं। आयुष ने छात्रों और अभिभावकों दोनों को शामिल करने वाले 1:1 सत्रों की भूमिका पर जोर दिया, जो परिवारों को पेशेवर अंतर्दृष्टि के साथ करियर नियोजन में मदद करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। सत्र में 120 से अधिक छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, विचारशील प्रश्न पूछे और जिज्ञासा और उत्साह के साथ करियर से संबंधित बातचीत में शामिल हुए। स्कूल की व्यस्तताओं से परे, इवॉल्व विद सिंह कॉलेज के छात्रों को रिज्यूमे बिल्डिंग, मॉक इंटरव्यू और करियर रोड मैपिंग जैसी सेवाओं के माध्यम से भी सेवा प्रदान करता है, जिसका उद्देश्य उन्हें नौकरी के लिए तैयार करना और कार्यबल में संक्रमण के दौरान आत्म-जागरूक बनाना है। आयुष, लोयोला स्कूल, जमशेदपुर (2011 बैच) के पूर्व छात्र हैं, उनके पास वीआईटी वेल्लोर से बी.टेक, एनएमआईएमएस मुंबई से एमबीए और एमआईसीए से डिजिटल मार्केटिंग में पीजी डिप्लोमा है। मूल रूप से जमशेदपुर से और अब कोलकाता में रहते हैं, उन्होंने प्रौद्योगिकी, बिक्री, विपणन और छात्र परामर्श में विविध अनुभव प्राप्त किया है। वह वर्तमान में कोसेर्रा में कार्यरत हैं, जहाँ वह बिट्स पिलानी, आईआईटी गुवाहाटी, यूसी बर्कले और अन्य जैसे प्रसिद्ध संस्थानों के लिए छात्र परामर्श का नेतृत्व करते हैं। "महत्वाकांक्षा को कार्रवाई में बदलने का मार्गदर्शन" के दृष्टिकोण के साथ, यह पहल पूरे भारत में छात्रों के कैरियर संबंधी निर्णय लेने के तरीके को स्पष्टता, आत्मविश्वास और दीर्घकालिक मानसिकता के साथ पुनर्परिभाषित करेगी।

## नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी में वर्ल्ड आर्ट डे का हुआ आयोजन, छात्रों की छिपी प्रतिभा और रचनात्मकता को मिला मंच, कविता से लेकर मेहंदी तक हर कला ने बिखेरा अपना रंग

**दैनिक समाज जागरण 15.04.2025 जिला संवाददाता चांद कुमार लायेक पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी, पोखारी के ऑडिटोरियम में आज 15 अप्रैल 2025 को वर्ल्ड आर्ट डे के मौके पर एक रंगारंग और रचनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों की छिपी प्रतिभा को मंच देने और आत्मविश्वास बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुआ। इस इवेंट में कविता, पोस्टर मेकिंग, टैटू डिजाइनिंग, स्टिचिंग और क्रोशिया, क्विज प्रतियोगिता और मेहंदी डिजाइनिंग जैसी कई प्रतियोगिताएं करवाई गईं। हर गतिविधि में छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कई छात्रों



ने कला को अपनी कविता और पोस्टरों के जरिए उठाया, तो कुछ ने रंगों और डिजाइन से रचनात्मकता की नई परिभाषा दी। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. प्रभात कुमार पाणि ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और छात्रों के हुनर की सराहना करते हुए कहा, कला व्यक्ति के भीतर की अभिव्यक्ति है, और आज के युवाओं में यह शक्ति समाज को सकारात्मक दिशा दे सकती है। वहीं यूनिवर्सिटी के डीन ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन नाज़िम खान ने सभी प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं ने मिलकर योगदान दिया। इस आयोजन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी शिक्षा के साथ-साथ रचनात्मकता और अभिव्यक्ति को भी पूरा महत्व देती है।

## बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूम धाम से मनाई गईःस्वर्ण भूमि कचनपुर

**समाज जागरण दीपक सरकार**

छत्तरपुर प्रखंड के पंचायत कचनपुर स्थल स्वर्ण भूमी मे बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जन्मजयंती बड़े ही धूम धाम से मनाई गई,अम्बेडकर युवा क्लब के द्वारा भव्य झांकी शोभा यात्रा निकली गई झांकी मे उपस्थित सभी युवा साथिओं को डीके सरकार के द्वारा नीले अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया और गर्मी तेज धुप को देखते हुए पिने की पानी समुचित व्यवस्था की गई, प्रखंड स्तर पर झांकी शोभायात्रा का नेतृत्व कर रहे अम्बेडकर युवा क्लब को फुलवारी के मैदान मे अस्त्र शास्त्र एवं संबिधान से सम्मानित किया गया, वही रात्रि मे कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मुखिया सुशीला देवी,





संदीप सरकार,सुनील यादव,रामजन्म राम, विश्वनाथ राम, ने सामूहिक रूप से द्वीप को प्रज्वलित कर किया, और गाँव के स्थानीय कलाकारों के द्वारा नौटंकी संगीत असली कातिल कौन का मंचन किया गया, कार्यक्रम मे स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया

# पटना में सड़क हादसे में एक कि मौत, एक घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के मसौढ़ी क्षेत्र में मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक मासूम बच्ची की जान चली गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। यह हादसा पटना-गया एसएच-22 पर स्थित लाला बिगहा मोड़ के पास हुआ, जब एक अज्ञात हाइवा ट्रक ने तेज रफ्तार में एक कार को टक्कर मार दी। मिली जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब कार पटना की ओर जा रही थी। लाला बिगहा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार हाइवा ट्रक ने सामने से आ रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में तीन लोग सवार थे, जिनमें एक आठ वर्षीर्या बच्ची आशिंका कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई। मृत बच्ची की पहचान औरंगाबाद जिले के कासमा थाना क्षेत्र के अधुआं गांव निवासी विक्रम प्रताप देव की पुत्री आशिंका कुमारी के रूप में हुई है। हादसे के समय कार में आशिंका के अलावा कंचन कुमारी और विक्रांत कुमार भी सवार थे, जो इस टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही मसौढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, हादसे के जिम्मेदार हाइवा ट्रक की तलाश शुरू कर दी गई है। फिलहाल ट्रक चालक फरार है और ट्रक का नंबर भी स्पष्ट नहीं हो पाया है, जिससे पुलिस को जांच में दिक्कतें आ रही हैं।

आशिंका की मौत की खबर सुनते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। परिजन पूरी तरह टूट गए हैं और अस्पताल में उनका रो-रो कर बुरा हाल है। मासूम बच्ची की असमय मौत ने पूरे गांव और रिश्तेदारों को शोक में डाल दिया है।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी ट्रक चालक को जल्द गिरफ्तार किया जाए और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही, इस क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने की भी मांग की जा रही है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न हो। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के पालन की गंभीरता को उजागर कर दिया है।

# ऑटोमोटिव उद्योगः वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) में मजबूत होती भारतीय भागीदारी

ऑटोमोटिव क्षेत्र के वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में भारत की 7.1 प्रतिशत हिस्सेदारी है तथा वैश्विक वाहन उत्पादन में वह चौथे स्थान पर है। मजबूत विनिर्माण आधार के बावजूद वैश्विक ऑटो कलपुर्जे कारोबार में भारत की हिस्सेदारी केवल 3 प्रतिशत है, जो विस्तार की व्यापक संभावनाओं को दशार्ता है । विजन 2030 रोडमैप का लक्ष्य उत्पादन को 145 बिलियन डॉलर तक ले जाना, निर्यात को 60 बिलियन डॉलर तक पहुंचाना तथा 2 से 2.5 मिलियन नौकरियां पैदा करना है। एफएएमई (फेम), पीएम ई-ड्राइव और उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) जैसी सरकारी योजनाओं में इलेक्ट्रिक वाहनों (विद्युत चालित वाहनों) और स्थानीय विनिर्माण के लिए 66,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि लगाई गई है। लक्षित सुधारों और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) के एकीकरण के साथ, भारत 2030 तक अपने वैश्विक घटक व्यापार हिस्सेदारी को 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 8 प्रतिशत तक पहुंचा सकता है।

नीति आयोग ने 11 अप्रैल 2024 को 'ऑटोमोटिव इंडस्ट्रीः पावरिंग इंडियाज पार्टिसिपेशन इन ग्लोबल वैल्यू चेन्स' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। नीति आयोग के उपाध्यक्ष श्री सुमन बेरी, वरिष्ठ सदस्यों और आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ने इसे जारी किया। रिपोर्ट में ऑटोमोटिव सेक्टर में भारत की वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) की क्षमता को रेखांकित करते हुए इस क्षेत्र में विश्व में उसके नेतृत्व के लिए रणनीतिक उपायों का उल्लेख किया गया है।

भारत का ऑटोमोटिव उद्योग देश की विनिर्माण और आर्थिक प्रगति का आधार है, जिसका भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7 दशमलव 1 प्रतिशत और विनिर्माण जीडीपी में 49 प्रतिशत का योगदान है। वैश्विक स्तर पर चौथे सबसे बड़े ऑटोमोबाइल उत्पादक के रूप में , भारत के पास ऑटोमोटिव मूल्य श्रृंखला में वैश्विक नेता के तौर पर उभरने के लिए विस्तार और व्यापक क्षमता है। यह क्षेत्र वाहन असेंबली और ऑटो कंपोनेंट विनिर्माण से लेकर इस्पात, इलेक्ट्रॉनिक्स, रबर, सूचना प्रौद्योगिकी और साजो-सामान तथा प्रचालन रखरखाव जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों के साथ गहरे जुड़ाव के साथ विशाल पारिस्थितिकी तंत्र में व्याप्त है। हाल के वर्षों में, भारत में वाहन उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुई है। वर्ष 2023-24 में ही 28 मिलियन से अधिक वाहनों का निर्माण किया गया है। यह उद्योग औद्योगिक उत्पादन के साथ ही लाखों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियों दे रहा है। वैश्विक ऑटोमोटिव घटक बाजार का मूल्य 2022 में 2 ट्रिलियन डॉलर था, जिसमें सीमाओं के पार बाजारो में 700 बिलियन डॉलर का कारोबार हुआ। भारत के मजबूत विनिर्माण आधार के बावजूद, वैश्विक ऑटो बाजार में इसकी हिस्सेदारी सिर्फ 3 प्रतिशत (प्त20 बिलियन डॉलर) बनी हुई है , जो विस्तार की अपार संभावनाएं उजागर करती है। ऑटो कल पुर्जों में भारत का व्यापार अनुपात लगभग तटस्थ (प्त0.99) है, जिसमें निर्यात और आयात लगभग बराबर हैं। यह उच्च-मूल्य और अत्यंत उन्नत इंजन और इंजन कल पुर्जों तथा ड्राइव ट्रांसमिशन और स्टीयरिंग सिस्टम के क्षेत्रों में घरेलू क्षेत्र की सीमित पहुंच को रेखांकित करता है, जहां भारत की वैश्विक व्यापार हिस्सेदारी केवल




2 से लेकर 4 प्रतिशत है। इस अंतर को पाटने के लिए संरचनात्मक सुधार, रणनीतिक निवेश और एक समन्वित औद्योगिक नीति दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

### ऑटोमोटिव क्षेत्र का महत्व

भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.1 प्रतिशत और विनिर्माण सकल घरेलू उत्पाद में 49 प्रतिशत का योगदान देता है । यह लाखों लोगों को रोजगार मुहैया कराता है तथा इस्पात, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों के साथ महत्वपूर्ण जुड़ाव बढ़ाता है।

वैश्विक स्तर पर ऑटो कलपुर्जे कारोबार में भारत की मौजूदा हिस्सेदारी लगभग 3 प्रतिशत या 20 बिलियन डॉलर है। ऑटोमोटिव उद्योग के लिए भारत की दृष्टि योजना यह मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की भारत की आकांक्षाओं के अनुरूप है। इस क्षेत्र को आकार देने वाले वैश्विक रुझान 1. इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का चलनः विद्युत चालित वाहन (ईवी) विनिर्माण प्राथमिकताओं को नया आकार दे रहे हैं, चीन 2023 में 8 मिलियन से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन किया। यूरोपीय संघ और अमरीका विनियामक आदेशों और सब्सिडी द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपना रहे हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों के कारण बैटरी, अर्धचालक (सेमी कंडक्टर) और उन्नत सामग्रियों की मांग बढ़ रही है। 2. डिजिटल और उन्नत विनिमार्णः आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस , रोबोटिक्स, डिजिटल ट्विन्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और 3डी प्रिंटिंग का समेकीकरण इसमें दक्षता बढ़ा रहा है।

कई वैश्विक वाहन निमार्ता स्मार्ट फैक्ट्रियां स्थापित करने पर काफी निवेश कर रहे हैं, जहां एआई, आईओटी और रोबोटिक्स को उत्पादन प्रक्रिया के हर पहलू में समेकित किया जाता है। जर्मनी और दक्षिण कोरिया जैसे देश स्मार्ट फैक्ट्री स्थापित करने में अग्रणी हैं।

### 3. स्थिरता और चक्रीय अर्थव्यवस्थाः

(चक्रीय अर्थव्यवस्था एक ऐसा उत्पादन और उपभोग का मॉडल है जो संसाधनों को यथासंभव लंबे समय तक उपयोग में रखने और कचरे को कम करने पर केंद्रित है। यह एक ऐसी प्रणाली है जहां सामग्री कभी भी बेकार नहीं जाती और प्रकृति का पुनर्जनन होता है।) वाहन निमार्ता कंपनियां कार्बन तटस्थता (वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की उतनी ही मात्रा छोड़ी जाती है जितनी विभिन्न तरीकों से हटाई जाती है), सामग्री पुनर्चक्रण और ऊर्जा दक्षता की ओर बढ़ रही हैं । उदाहरणः बीएमडब्ल्यू की ईवी बैटरी रीसाइक्लिंग और वोक्सवैगन की नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत। 4. क्षेत्रीय अंतरनिर्भरताः ऑटो उद्योग इस्पात, इलेक्ट्रॉनिक्स, रबर, कांच, कपड़ा और आईटी सेवाओं का एक प्रमुख उपभोक्ता है। गतिशीलता के नवीन उपायों के लिए सेमीकंडक्टर और एआई-संचालित सॉफ्टवेयर पर बढ़ती निर्भरता। सरकार के नीतिगत उपाय 1. मेक इन इंडियाः वर्ष 2014 में आरंभ की गई मेक इन इंडिया पहल ने देश के विनिर्माण क्षेत्र, खासकर ऑटोमोबाइल को काफी बढ़ावा दिया है। यह नीति घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देती है, आयात पर निर्भरता कम करती है और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करती है। 2. आत्मनिर्भर भारतः आत्मनिर्भर भारत पहल का उद्देश्य विनिर्माण में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना और विदेशी कलपुर्जों पर देश की निर्भरता कम करना है। इससे ऑटोमोटिव क्षेत्र में इंजन, ट्रांसमिशन और ईवी बैटरी जैसे महत्वपूर्ण उपकरणों का घरेलू उत्पादन बढ़ा है। सरकार ने ऑटोमोटिव क्षेत्र में स्टार्ट-अप और छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) को भी बढ़ावा दिया है, जिससे उन्हें वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं से जुड़ने में मदद मिली है। 3. फेम इंडिया योजना (चरण क और क्क): हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने और विनिर्माण (फेम) योजना भारत में स्वच्छ वाहन परिचालन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण रही है। 11,500 करोड़ रुपये के व्यय के साथ योजना का द्वितीय चरण इलेक्ट्रिक दोपहिया, तिपहिया, बसों और सार्वजनिक चार्जिंग बुनियादी ढांचे के विकास की मांग प्रोत्साहन पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रौद्योगिकी प्लेटफार्मों को बढ़ावा देना और सुदृढ़ घरेलू ईवी पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करना भी है। 4. पीएम ई-ड्राइव योजना (2024-26): ईवी अपनाने में तेजी लाने और शहरी प्रदूषण कम करने के लिए आरंभ की गई इस योजना का बजट 10,900 करोड़ रुपये है। इसमें बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद शामिल हैः 24.79 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन 3.2 लाख इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन

राज्य परिवहन उपक्रमों (एसटीयू)/सार्वजनिक परिवहन एजेंसियों द्वारा 14,028 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद राष्ट्रीय स्तर पर चार्जिंग ढांचे के विस्तार के लिए 2,000 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। 5. ऑटो और अउउ बैटरियों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाः कुल 44,038 करोड़ रुपये आवंटन के साथ इस महत्वपूर्ण योजना का लक्ष्य (पीएलआई योजना- 25,938 करोड़ रुपये, एसीसी बैटरी स्टोरेज के लिए पीएलआई योजना में 18,100 करोड़ रुपये) ईवी, हाइड्रोजन ईंधन सेल वाहनों और उन्नत बैटरी भंडारण समाधानों सहित उन्नत ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकियों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना है। यह मूल उपकरण निमार्ता और कलपुर्जे निमार्ताओं को अत्याधुनिक तकनीकों में निवेश करने, व्यापक आर्थिक गतिविधियों और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में शामिल होने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। यह योजना प्रौद्योगिकी-संचालित नवाचार के माध्यम से घरेलू मूल्य संवर्धन, निर्यात तत्परता और रोजगार सृजन को भी प्राथमिकता देती है।

वैश्विक मूल्य श्रृंखला के साथ समेकीकरण में बाधा डालने वाली प्रमुख चुनौतयां भारत को चीन की तुलना में 10 प्रतिशत लागत का नुकसान है, क्योंकिः कच्चे माल और मशीनरी की उच्च लागत है

भारत में 100 प्रतिशत मूल्यह्रास है, जबकि चीन में इसका 50 प्रतिशत (प्त3.4 प्रतिशत लागत भार) है।

उच्च परिचालन, वित्तपोषण और ऊर्जा लागत। उच्च गुणवत्ता वाले खंडों में अल्प प्रदर्शनः भारत की वैश्विक हिस्सेदारीः इंजन और इंजन कलपुर्जों के साथ-साथ ड्राइव ट्रांसमिशन और स्टीयरिंग सिस्टम में केवल 2 से लेकर 4 प्रतिशत है।

अपर्याप्त अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी तंत्र और सीमित बौद्धिक संपदा अधिकार

वैश्विक मूल्य श्रृंखला के साथ समेकन के लिए प्रस्तावित उपाय

**आर्थिक उपायः**

परिचालन व्यय (ओपेक्स) सहायता : टूलींग, डाइज और बुनियादी ढांचे के लिए पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) पर ध्यान केंद्रित करते हुए विनिर्माण क्षमता बढ़ाना। कौशल विकास : सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रतिभा निर्माण की पहल। अनुसंधान एवं विकास, सरकार द्वारा आईपी हस्तांतरण और ब्रांडिंग सुगम बनानाः अनुसंधान विकास के लिए प्रोत्साहन, उत्पाद विभेदीकरण में सुधार के लिए अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडिंग और बौद्धिक संपदा अधिकार हस्तांतरण द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को सशक्त बनाना।

क्लस्टर विकासः आपूर्ति श्रृंखला सुदृढ़ करने के लिए अनुसंधान एवं विकास तथा परीक्षण केन्द्रों जैसी सामान्य सुविधाओं के माध्यम से कंपनियों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना।

**गैर-आर्थिक सुधारः**

उद्योग 4.0 को अपनानाः दक्षता में सुधार के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियों और उन्नत विनिर्माण मानकों के एकीकरण को प्रोत्साहित करना।

अंतर्राष्ट्रीय सहयोगः वैश्विक बाजार तक पहुंच विस्तारित करने के लिए संयुक्त उद्यमों (जेवी), विदेशी कंपनियों के साथ सहयोग और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को बढ़ावा देना।

व्यवसाय सुगमताः विनियामक प्रक्रियाओं को सरल बनाना, श्रमिक घंटों को स्थिति अनुरूप निर्धारित करना, आपूर्तिकताओं को तलाशना और विकास तथा मोटर वाहन कंपनियों के व्यवसायिक माहौल में सुधार लाना। निष्कर्ष भारत का ऑटोमोटिव क्षेत्र एक निर्णायक मोड़ पर पहुंचा हुआ है, जहां केंद्रित सुधार, नीतिगत स्पष्टता और उद्योग संरेखण इसे ऑटोमोटिव विनिर्माण में अग्रणी बना सकते हैं।

# बीआरसी नबीनगर बना दलालों का अड्डा

**दैनिक समाज जागरण**
**अनील कुमार संवाददाता**
**नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) मंगलवार को बीआरसी परिसर नबीनगर में बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ प्रखंड इकाई नबीनगर की बैठक जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसका संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि आयोजित बैठक के सबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष सह प्रखण्ड अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि सक्षमता परीक्षा उर्तीण कर शिक्षक राजकर्मी तो बन गये लेकिन राजकर्मी वाला वेतन नही दिया जा रहा है। कालबद्ध प्रोनती एवं प्रोनन्ती को ठण्डे बस्ते मे डाल दिया गया है। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि अभी वर्तमान स्थिती मे सक्षमता 1 के शिक्षको का पे फिक्शेसन का मामला चल रहा है। फिक्सेशन कराने मे दलालो से सावधान रहना है।संतोष कुमार ने कहा कि बीआरसी नबीनगर दलालो का अड्डा बन गया है। हमे तत्काल मुक्ती दिलाना है। इसके लिए हमलोग को एकजुट होकर दलालो से सावधान रहना है।सभा के संचालन करते हुए मुख्य अतिथी राज्य सचिव धन्नजय कुमार सिंह ने कहा कि सक्षमता 1 के शिक्षक अपना पे फिक्शेसन प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी नवीनगर के आदेशानुशार बीआरसी मे जमा करने का आदेश प्राप्त है। संगठन के प्रति सभी शिक्षक विश्वास करे और संगठन के प्रति अस्था रखे । सभी शिक्षको का समस्या समाधान इसी संगठन से हुआ है, और भविष्य मे यह संगठन आपके समस्या का सामाधान करेगा । मौके पर प्रखण्ड सचिव सुधीर कुमार सिंह . धीरेन्द्र कुपार सिह, इश्तियाक खान , अर्चना देवी ,मनोज कुमार, श्यामसुंदर पाठक सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।

# दहेज हत्या मामले मे त्वरित कारवाई करते हुए पुलिस ने 2 घंटे के भीतर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**
**अनील कुमार संवाददाता**
**नबीनगर (औरंगाबाद)**




नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के अजनिया गांव में दहेज मामले में जहर खिलाकर महिला की हत्या मामले में पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।मामले में एनटीपीसी खैरा थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल ने बताया कि बीते सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के अजनिया गांव में परिवार वालों ने एक महिला की हत्या जहर खिलाकर कर दी है तथा शव को जलाने के लिए श्मशान घाट लेकर जा रहे हैं। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्क्षण घटनास्थल पर पहुंचकर आस पास के लोगों का बयान दर्ज किया।तत्पश्चात श्मशान घाट पहुँचकर शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेजा दिया।मामले में एफ एस एल टीम के द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की गई एवं मृतिका के परिजन के लिखित आवेदन के आधार पर एनटीपीसी खैरा थाना कांड संख्या-27/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला के पति लवकुश कुमार तथा ससुर राजकुमार शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ के क्रम में अपना-अपना अपराध स्वीकार किया है।

# काम करने के दौरान छत से गिरकर हुई युवक की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के संपतचक प्रखंड के शाहपुर निवासी 27 वर्षीय सनी कुमार की जहानाबाद में एक मकान की छत से गिरने से मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब सनी जहानाबाद के पारस बीघा थाना क्षेत्र स्थित जूना हाथीखाना मोहल्ले में एक मकान में शीशा लगाने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह छत से नीचे गिर पड़ा। घटना के बाद घायल सनी को तत्काल सदर अस्पताल जहानाबाद ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर कर दिया। हालांकि पटना लाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक सनी कुमार, संजू मिस्त्री के पुत्र थे और वर्तमान में पटना के संपतचक नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 6 स्थित शाहपुर में अपने परिवार के साथ रहते थे। देर रात जब उसका शव उसके घर लाया गया तो परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय वार्ड पार्षद ममता देवी और उनके पति अनिल यादव मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

# पटना में सड़क हादसे के दौरान बाइक सवार की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ थाना क्षेत्र के विशंभरपुर गांव के पास तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला। एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी और उसे कुचलते हुए मौके से फरार हो गया। हादसे में युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नौबतपुर थाना क्षेत्र के गोनवा गांव निवासी महेश राय के 22 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार उर्फ टिल्लू के रूप में हुई है। रौशन बिहटा स्थित फ्लिपकार्ट के एक सेंटर में कार्यरत था और ड्यूटी समाप्त कर अपनी नानी के घर, बिहटा के सिमरी गांव जा रहा था, जहां से वह अपनी मां को लाने वाला था। घटना की सूचना मिलते ही बिहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर करीब दो घंटे तक सड़क जाम कर दिया और फरार वाहन चालक को जल्द से जल्द पकड़ने



की मांग की। मृतक के ममेरा भाई अनिल कुमार ने बताया कि रौशन रोज की तरह ड्यूटी खत्म कर बाइक से सिमरी जा रहा था, तभी विशंभरपुर गांव के मोड़ पर पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और कुचलते हुए फरार हो गया। बिहटा थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है और फरार वाहन की तलाश की जा रही है। साथ ही सड़क से जाम हटवाकर यातायात को सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है। ध्यान देने योग्य है कि पिछले कुछ महीनों में बिहटा की सड़कों पर तेज रफ्तार वाहनों ने कई घरों के चिराग बुझा दिए हैं। ऐसी घटनाएं सड़क सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती हैं और प्रशासन को इस दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

# दुगोला चैता का शानदार मुकाबला संपन्न शील्ड देकर किया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण**
**अनील कुमार संवाददाता**
**नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) नबीनगर के रामपुर पंचायत के बढकी पाढी गांव में चैता गायन का दोगोला मुकाबला आयोजित हुआ। झारखंड से चलकर आए व्यास बिपिन बिहारी पाठक एवं बिहारी गायक शरद तीवारी के बीच रविवार रात्रि चैता गायन का जोरदार मुकाबला हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के पूर्व एआईसीसी सदस्य अरविंद शर्मा,राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश महासचिव उदय सिंह,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्याम बिहारी सिंह,पैक्स अध्यक्ष रामाशीष पाल,दुर्गा क्लब अध्यक्ष देवबंश पांडेय, प्रबुद्ध समाजसेवी धनंजय पांडेय आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते कांग्रेस के पूर्व एआईसीसी सदस्य अरबींद शर्मा ने कहा कि चैता गायन भारतीय संस्कृति की पुरानी परंपरा है जिसे बढकी पाढी गांव के लोग जीवंत बनाए रखने के लिए इस तरह का बृहद रूप में सामाजिक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कराया है जो बेहद सराहनीय है,इस तरह के कार्यक्रम से समाज में आपसी सद्भाव,प्रेम व भाईचारा कायम होता है। इसके पहले सभी अतिथियों एवं चैता गायन को मौजूद दोनों व्यास सहित सहयोगी अन्य कलाकारों को अंग वस्त्र एवं फूलमाला देकर आयोजक संस्था सदस्यों ने सम्मानित किया। पूरे रात्रि कार्यक्रम का सफल संचालन में अहम भूमिका निभाते कांग्रेस इंटक के प्रखंड अध्यक्ष श्रीराम पांडेय तत्पर दिखे। वहीं कार्यक्रम के समापन पर दोनों व्यास को आयोजन समिति के द्वारा संयुक्त रूप से शिल्ड प्रदान किया गया। मौके पर पूर्व उप सरपंच गजेन्द्र कुमार सिंह,शशि रंजन पांडेय, प्रवेश सिंह,उमेश तिवारी, भीम कुमार तिवारी,सुधीर सिंह,संतन सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# राजद एलएलसी को साइबर ठगों ने किया 12 घण्टे डिजिटल आरेस्ट, किया टॉर्चर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ राजद (आरजेडी) के विधान परिषद सदस्य मोहम्मद शोएब एक गंभीर साइबर अपराध का शिकार हो गए। ठगों ने उन्हें वीडियो कॉल के माध्यम से डिजिटल तरीके से 12 घंटे तक एक ही जगह बैठाए रखा और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। इस दौरान उन्होंने एमएलसी से जुड़ी वित्तीय जानकारी और व्यक्तिगत दस्तावेज हासिल करने की कोशिश की। यह घटना 8 अप्रैल की सुबह करीब 10:30 बजे शुरू हुई, जब मोहम्मद शोएब के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच यूनिट का अधिकारी बताया और बताया कि उनके नाम से एक मनी लॉन्ड्रिंग केस दर्ज है। झांसा देकर कहा गया कि उनका खाता केनरा बैंक, मुंबई ब्रांच से जुड़ा है, जिससे करोड़ों लोगों के साथ धोखाधड़ी हुई है। ठगों ने केस नंबर भी बताया और कहा कि अब उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद उन्हें व्हाट्सएप के जरिए वीडियो कॉल किया गया और लगातार मनोवैज्ञानिक दबाव बनाया गया। शोएब को एक कमरे में बैठा कर उनसे पूछताछ की गई और निजी जानकारी मांगी गई। इसमें उनके बैंक विवरण, पहचान पत्र और अन्य दस्तावेजों की स्कैन कॉपी भेजने के लिए मजबूर किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही एमएलसी मोहम्मद शोएब ने पटना साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। साइबर थाने के प्रभारी, पुलिस उपाधीक्षक राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

अब तक नहीं हुआ वित्तीय नुकसान पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान कोई फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन नहीं हुआ है यानी आर्थिक नुकसान से शोएब फिलहाल बच गए हैं। हालांकि ठगों ने उनकी कुछ निजी जानकारी और दस्तावेजों को स्कैन कर मंगाया है, जिसका दुरुपयोग होने की आशंका बनी हुई है। जिस नंबर से कॉल आया था, उसकी तकनीकी जांच की जा रही है। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि ये कॉल भारत से किया गया या किसी विदेशी नेटवर्क के जरिए किया गया। साइबर सेल की टीम मामले की गहराई से पड़ताल कर रही है। यह मामला साइबर अपराध की बढ़ती गंभीरता को दर्शाता है। एक जनप्रतिनिधि तक को जब ठग इस हद तक प्रताड़ित कर सकते हैं, तो आम नागरिकों के लिए यह और भी खतरनाक हो सकता है। लोगों को ऐसी फर्जी कॉल से सावधान रहने की जरूरत है और किसी भी अनजान व्यक्ति को अपनी पर्सनल जानकारी देने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लेनी चाहिए।

# पटना के नाले में मिली अज्ञात व्यक्ति का शव

**समाज जागरण पटना**
**जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ कंकड़बाग थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब एक नाले में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश तैरती हुई देखी गई। यह घटना इंद्रा नगर रोड नंबर 4 के पास की है, जो बाईपास से सटा हुआ इलाका है। स्थानीय लोगों ने सबसे पहले नाले में एक शव को देखा और तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही कंकड़बाग थाना की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकाला। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है और यह स्पष्ट नहीं है कि मृतक कौन था, उसकी उम्र क्या थी और किस परिस्थिति में उसकी मौत हुई। पुलिस के अनुसार शव काफी समय से नाले में हो सकता है क्योंकि वह फूल चुका था और उसकी स्थिति खराब थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और फोरेंसिक टीम से भी मदद ली जा रही है ताकि मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में भी जुटी है ताकि यह मालूम हो सके कि मृतक किस दिशा से आया था और किन हालात में वह नाले तक पहुंचा। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर डर और आशंका का माहौल है। कई तरह की चचाएं हो रही हैं– कुछ लोगों का मानना है कि यह हत्या का मामला हो सकता है, जबकि कुछ इसे दुर्घटना बता रहे हैं। हालांकि पुलिस ने अभी तक किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से इनकार किया है और कहा है कि जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकेगा। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वे अफवाहें न फैलाएं और जांच में सहयोग करें। यदि किसी को इस व्यक्ति के बारे में जानकारी हो या किसी ने कुछ संदिग्ध गतिविधि देखी हो, तो वह तुरंत पुलिस को सूचित करें। पटना जैसे व्यस्त इलाके में एक अज्ञात शव का मिलना चिंता का विषय है। यह मामला न सिर्फ कानून व्यवस्था पर सवाल उठाता है, बल्कि यह भी दशार्ता है कि शहर में कई बार ऐसी घटनाएं सामने आती हैं जिनका रहस्य लंबे समय तक अनसुलझा रह जाता है। पुलिस की ओर से इस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही सच्चाई सामने आ जाएगी।

# कार तथा कंटेनर की टक्कर में जदयू नेता सहित दो की मौत

**समाज हगर्न पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार के जहानाबाद जिले से एक बेहद दर्दनाक सड़क दुर्घटना की खबर सामने आई है। इस हादसे में जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के एक प्रमुख नेता की मृत्यु हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना उस वक्त घटी जब एक कार और कंटेनर की भीषण टक्कर हो गई। इस टक्कर में जेडीयू के जिला उपाध्यक्ष और जिला बीस सूत्री कार्यक्रम के सदस्य जीतन शर्मा की मौत हो गई। उनके साथ एक अन्य व्यक्ति की भी मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे के वक्त कार में कुल पांच लोग सवार थे। सभी लोग बिहार के अरवल जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। ये सभी झारखंड स्थित प्रसिद्ध रजरप्पा मंदिर से पूजा कर के लौट रहे थे। वापसी के दौरान जहानाबाद जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर स्थित बुलाकी बिगहा गांव के पास इनकी कार एक कंटेनर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में कार में सवार अन्य तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को फौरन इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि सभी घायल भी अरवल जिले के ही निवासी हैं। हादसे की खबर मिलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई और स्थानीय प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस हादसे की सबसे दुखद बात यह है कि सभी लोग धार्मिक यात्रा से लौट रहे थे। रजरप्पा मंदिर झारखंड का एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए जाते हैं। पूजा-अर्चना कर लौटते वक्त ऐसा हादसा हो जाना बेहद पीड़ादायक है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रशासन की ओर से घायलों को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया गया है। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। नेशनल हाईवे जैसे व्यस्त मार्गों पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार और सुरक्षा के उपायों की कमी ऐसे हादसों की प्रमुख वजह बनती जा रही है। जेडीयू नेता जीतन शर्मा की असमय मृत्यु से न केवल पार्टी को बल्कि पूरे समाज को गहरा आघात लगा है। स्थानीय लोग, नेता और शुभचिंतक गहरे शोक में हैं और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।

# पटना पुलिस ने किया तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार

## दो ट्रैक्टर, एक बाइक, एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना / जिले में चोरी की बढ़ती घटनाओं के बीच दुल्हिनबाजार थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अंतरजिला चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से दो चोरी के ट्रैक्टर, एक बाइक, देसी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद की गई है। इनकी गिरफ्तारी से जिले में चल रही चोरी की कई वारदातों का पदार्फाश हो गया है।पुलिस को कुछ दिन पहले क्षेत्र में दो ट्रैक्टर चोरी होने की सूचना मिली थी, जिस पर विशेष निगरानी रखी जा रही थी। इसी क्रम में दुल्हिनबाजार थानाध्यक्ष भृगुनाथ सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम भरतपुरा गांव के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस की नजर एक नीले रंग की अपाचे बाइक पर सवार तीन युवकों पर पड़ी। पुलिस को देखकर वे तीनों युवक भागने लगे, जिससे उनकी गतिविधि संदिग्ध लगी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनों युवकों को मौके पर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर एक युवक के पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद हुई। वहीं, जिस बाइक पर वे सवार थे, वह भी चोरी की निकली। पुलिस ने जब उनसे कड़ाई से पूछताछ की, तो उन्होंने दो ट्रैक्टर चोरी की बात कबूल की। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने दोनों ट्रैक्टर भी बरामद कर लिए। गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान सूरज कुमार, नीरज कुमार और शंकर कुमार के रूप में की गई है। तीनों आरोपी पटना जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के रहने वाले हैं। जांच में यह भी सामने आया कि सूरज और नीरज के खिलाफ पहले से ही कई थानों में चोरी और अन्य आपराधिक मामलों में प्राथमिकी दर्ज है। इनमें दुल्हिनबाजार थाना और रानीतलाब थाना प्रमुख हैं। इस पूरे मामले में पुलिस की सतर्कता और समय पर कार्रवाई की सराहना की जा रही है। यदि चेकिंग के दौरान पुलिस सक्रियता नहीं दिखाती, तो यह गिरोह आगे भी कई चोरी की घटनाओं को अंजाम दे सकता था। पकड़े गए चोरों की गतिविधियां अंतरजिला स्तर पर फैली हुई हैं, जिससे यह भी स्पष्ट होता है कि इनके पीछे कोई संगठित गिरोह काम कर रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इनके साथ और कौन-कौन लोग जुड़े हैं। पुलिस को उम्मीद है कि आगे की जांच में और भी कई घटनाओं का खुलासा हो सकता है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जल्द ही इनके बाकी साथियों की गिरफ्तारी के लिए भी विशेष अभियान चलाया जाएगा। पटना जिले में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की यह कार्रवाई काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। तीन शातिर चोरों की गिरफ्तारी से न सिर्फ दो ट्रैक्टर और बाइक की बरामदगी हुई है, बल्कि अपराधियों के मनोबल को भी झटका लगा है। आने वाले दिनों में पुलिस की यही सक्रियता अपराध पर नियंत्रण के लिए अहम साबित हो सकती है।

# राज्य के 150 बीएड कॉलेजों की होगी मान्यता रद्द, एनसीटीई ने भेजा नोटिस

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार में शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थिति पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) ने राज्य के करीब 150 बीएड कॉलेजों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। ये नोटिस संस्थानों द्वारा निर्धारित समय सीमा में परफॉर्मेंस एप्रेजल रिपोर्ट (PAR) जमा नहीं करने के कारण भेजे गए हैं। एनसीटीई ने स्पष्ट किया है कि अगर संस्थान 16-17 अप्रैल तक रिपोर्ट ऑनलाइन जमा नहीं करते हैं तो उनकी मान्यता रद्द की जा सकती है और वे आगामी शैक्षणिक सत्र 2025 से नए दाखिले नहीं ले पाएंगे। परफॉर्मेंस एप्रेजल रिपोर्ट केवल एक साधारण रिपोर्ट नहीं है, बल्कि यह संस्थान की वार्षिक प्रगति का ब्योरा होता है। इसमें न केवल शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी होती है, बल्कि ऑडिटेड अकाउंट स्टेटमेंट भी अनिवार्य रूप से शामिल होता है। यह रिपोर्ट यह दशार्ती है कि कोई संस्थान शैक्षणिक मानकों, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टाफ की योग्यता और अन्य नियामकीय आवश्यकताओं को किस हद तक पूरा कर रहा है। एनसीटीई ने यह रिपोर्ट समय पर जमा करने के लिए पहले भी कई बार निर्देश जारी किए थे, लेकिन अधिकांश कॉलेजों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। एनसीटीई के मुताबिक, बिहार के कई कॉलेजों के खिलाफ शिकायतें भी मिली हैं। इन शिकायतों में कहा गया है कि कुछ संस्थानों में केवल नाम के लिए पंजीकरण होता है। न तो उनके पास पर्याप्त आधारभूत सुविधाएं हैं और न ही योग्य शिक्षक नियुक्त किए गए हैं। कई जगहों पर तो कक्षाएं भी नियमित रूप से नहीं चलती हैं। इस प्रकार की लापरवाही से न केवल शिक्षा की गुणवत्ता पर असर पड़ता है, बल्कि प्रशिक्षित शिक्षकों की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है, जो अंततः छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। बीते कुछ वर्षों में बिहार में बीएड कॉलेजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। निजी क्षेत्र में निवेश को देखते हुए कई नए संस्थान खुले, लेकिन इनकी गुणवत्ता और नियामकीय शर्तों के पालन में गंभीर चूक देखने को मिली है। एनसीटीई ने इस पर पहले भी चिंता जताई थी, लेकिन अब जब लगातार चेतावनियों के बाद भी संस्थानों ने रिपोर्ट नहीं सौंपी, तो परिषद ने सख्त रुख अपनाया है। एनसीटीई ने सभी प्रभावित कॉलेजों को 15 दिनों के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया है। उन्हें 16 और 17 अप्रैल तक अपनी परफॉर्मेंस एप्रेजल रिपोर्ट ऑनलाइन जमा करनी होगी। परिषद ने साफ कर दिया है कि अगर निर्धारित समय तक रिपोर्ट नहीं दी गई तो मान्यता रद्द की जाएगी। इससे संबंधित संस्थान शैक्षणिक सत्र 2025 से नए छात्रों को दाखिला नहीं दे पाएंगे। इस पूरी स्थिति से साफ है कि एनसीटीई अब शिक्षा की गुणवत्ता से समझौता नहीं करना चाहता। बिहार जैसे राज्य में जहां पहले से ही शिक्षकों की गुणवत्ता को लेकर चुनौतियाँ रही हैं, वहां बीएड कॉलेजों की अनियमितता बेहद गंभीर मसला है। यह कदम एक सकारात्मक संकेत हो सकता है, जिससे संस्थानों पर जवाबदेही का दबाव बढ़ेगा और शिक्षक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। अब यह कॉलेजों की जिम्मेदारी है कि वे समय रहते सभी दस्तावेज जमा करें और नियामकीय प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित करें, ताकि वे छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ न करें।

# बिहार में 2206 पदों पर होगी शिक्षा सेवको की बहाली

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार सरकार ने राज्य के विभिन्न जिलों में शिक्षा सेवकों की बहाली की प्रक्रिया को गति देने का निर्णय लिया है। यह बहाली खास तौर पर उन क्षेत्रों में की जा रही है, जहां महादलित, दलित, अल्पसंख्यक और अतिपिछड़ा वर्ग की साक्षरता दर काफी कम है। इस बहाली का मकसद अक्षर आंचल योजना को प्रभावी ढंग से लागू करना और समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। शिक्षा विभाग के अनुसार राज्यभर में शिक्षा सेवकों के कुल 2206 पद रिक्त हैं। इन पदों को भरने के लिए विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। बहाली की प्रक्रिया 30 जून 2024 तक पूरी कर लेने का लक्ष्य तय किया गया है। जिन जिलों में सर्वेक्षण का कार्य पहले ही पूरा हो चुका है, वहां 15 जून तक चयन प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया है। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि जून महीने की शुरूआत में ही जिलों को रिक्त पदों की बहाली को लेकर रिमाइंडर भेजा गया था, लेकिन उसके बावजूद अब तक कई जिलों में चयन की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। इसको लेकर विभाग ने नाराजगी जाहिर की है और कहा है कि अब किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस संबंध में विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर निर्देश दिए हैं कि चयन प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा है कि जिन जिलों में अभी तक सर्वेक्षण कार्य पूरा नहीं हुआ है, वहां भी 30 जून तक यह कार्य पूरा कर चयन प्रक्रिया संपन्न कर ली जाए। शिक्षा सेवक मुख्य रूप से उन समुदायों में शिक्षा को बढ़ावा देने का काम करते हैं, जो सामाजिक रूप से पिछड़े हुए हैं। वे गैर-औपचारिक शिक्षा केंद्रों में बच्चों और वयस्कों को पढ़ाते हैं, जिससे साक्षरता दर में सुधार होता है। शिक्षा सेवकों की बहाली से ना केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि समाज के वंचित तबकों को शिक्षित करने की दिशा में एक मजबूत कदम भी साबित होगा। राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार लाने की दिशा में प्रयासरत है। शिक्षा सेवकों की बहाली से यह संकेत मिलता है कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा पहुंचाने के लिए गंभीर है। आने वाले समय में इन सेवकों की भूमिका ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में शिक्षा के प्रचार-प्रसार में अहम होगी।